

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 21 अगस्त 2023 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-4 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-143 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 22 अगस्त 2023 ₹ 1.00

E-mail: tarunpressraipur@gmail.com tarun_press@yahoo.co.in

Web: www.tarunchhattisgarh.in facebook.TarunChhattisgarh Twitter - Tchhattisgarh36 Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### पूर्व कलेक्टर नीलकंठ टेकाम भाजपा में शामिल होंगे

**रायपुर,21 अगस्त।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अफसर नीलकंठ टेकाम ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति की मंजूरी में देरी होने पर तीन माह की सैलरी जमा कर इस्तीफे की प्रक्रिया पूरी कर लिया है। वो संभवतः 23 तारीख को भाजपा में शामिल हो सकते हैं। हालांकि टेकाम से इस सिलसिले में कुछ नहीं कहा है। मगर सूत्रों के हवाले से खबर आ रही है कि टेकाम कोंडागांव में आयोजित कार्यक्रम में मंगलवार को विधिवत भाजपा में शामिल हो जाएंगे। कोंडागांव कलेक्टर रह चुके टेकाम को भाजपा केशकाल से प्रत्याशी बना सकती है। यह सीट पिछले दो चुनाव से भाजपा हार रही है। कहा जा रहा है कि टेकाम ने कोंडागांव कलेक्टर रहते केशकाल में काफी काम कराया था।

### एशिया कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान

**मुंबई,21 अगस्त।** भारत ने आगामी एशिया कप के लिए अपनी बहुप्रतीक्षित 17 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टूर्नामेंट 30 अगस्त को शुरू होने वाला है, जिसमें पाकिस्तान का सामना नेपाल से होगा, जबकि भारत अपने अभियान की शुरुआत 2 सितंबर को कैंडी में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ करेगा। जहां तक टीम की बात है, तो आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में अपनी फिटनेस साबित करने के बाद जसप्रीत बुमराह की बहुप्रतीक्षित वापसी हुई है। इस बीच, केएल राहुल भी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान लगी चोट से उबरकर टीम में वापस आ गए हैं। यह पिछले कुछ समय में नामित सबसे मजबूत भारतीय टीम है और यह भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छी खबर है क्योंकि वनडे विश्व कप केवल 40 दिन दूर है।

**एशिया कप 2023 के लिए भारतीय टीम:**रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, ईशान किशन, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, जसप्रित बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा।

### हाइवा की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

**बिलासपुर ,21 अगस्त।** बिलासपुर में भीषण सड़क हादसे की खबर सामने आ रही है यहां तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार तीन लोगों को अपने चपेट में ले लिया। बाइक सवार महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक गंभीर रूप घायल बताए जा रहे है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ उनका उपचार जारी है।





जगह-जगह हुआ यात्रा का स्वागत



# विधायक की कांवड़ यात्रा में उमड़े शिव भक्त

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 21 अगस्त।** सावन सोमवार और नागपंचमी पर आज पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक विकास उपाध्याय ने गुढ़ियारी से कांवड़ यात्रा निकाली जिसमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। गुढ़ियारी स्थित हनुमान मंदिर के पास मंगल भवन से यह यात्रा हुई। इसमें पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के साथ ही शहर के हजारों लोग शामिल हुए। स्वामी आत्मानंद, चूड़ामणि वार्ड, रामनगर, भरतनगर तथा गुढ़ियारी के कार्यकर्ता एवं महिला शामिल हुईं। आगामी चुनाव को देखते हुए यह यात्रा काफी महत्वपूर्ण है। यह यात्रा गुढ़ियारी से निकलकर आमापारा से होकर महादेवघाट तक जाएगी। इसके लिए ई-रिक्शा, टेम्पो, बस तथा अन्य वाहनों की व्यवस्था की गई है। अग्रसेन चौक सहित अन्य स्थानों पर विभिन्न समाजसेवी संगठनों द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया।



### 28 को मूणत भी निकालेंगे कांवड़ यात्रा

पूर्व मंत्री तथा भाजपा नेता राजेश मूणत भी अपनी कांवड़ 28 अगस्त को निकालेंगे। इसके लिए पूरी तैयारी की जा रही है। भाजपा के पार्षदों को भीड़ जुटाने का निर्देश दिया गया है।

महादेवघाट में भक्तों के लिए भंडारा का भी आयोजन किया गया है। आज सावन सोमवार होने के कारण शिवालयों में भारी भीड़ लगी हुई है। मंदिरों के पास आज सपेरे भी बैठे रहे। महादेवघाट स्थित हटकेश्वर मंदिर में भी आज दर्शनार्थियों का तांता लगा हुआ है। इस समय हटकेश्वरनाथ मंदिर नेताओं का प्रमुख अड्डा बना हुआ है। यहां पर आए दिन भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। राजधानी के नरहेश्वर, नीलकंठेश्वर सहित अन्य शिवालयों में भी आज भक्तों की भीड़ लगी रही।

### सट्टा कारोबार से जुड़े लोगों के ठिकानों पर ईडी का छापा

#### रायपुर, दुर्ग में चल रही कार्रवाई

**रायपुर,21 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छापेमारी की है. जिसमें ईडी ने पहली बार सट्टा कारोबार से जुड़े लोगों के ठिकानों में दबिश दी है. बताया जा रहा है कि राजधानी रायपुर, रायगढ़ और दुर्ग-भिलाई में सट्टा कारोबार से जुड़े 8 लोगों के छापेमारी कार्रवाई की है. जिसमें से सट्टा कारोबार से जुड़े लोगों के ठिकानों पर भी ईडी ने सीआरपीएफ के जवानों के साथ दबिश दी है. जिसमें रायपुर के वॉलफोर्ट सिटी, स्वर्ण भूमि और अशोका रत्न में रेड पड़ी है. अशोका रत्न में रहने वाले सराफा और पेट्रोल पंप संचालक के दो ठिकानों पर ईडी ने दबिश दी है. वहीं भिलाई के फरीद नगर निवासी मोहम्मद सद्दाम ट्रांसपोर्टर के



ठिकानों पर छापा पड़ा है. सभी के ठिकानों पर ईडी की टीम सीआरपीएफ के जवानों के साथ पहुचंकर कार्रवाई कर रही है. महादेव एप सट्टा से जुड़े लोगों पर ईडी में पहले से केस दर्ज है.जानकरी के अनुसार, सोमवार की तड़के सुबह ईडी ने प्रदेश के दो अलग-अलग जिलों में ठिकानों पर भी ईडी पहुंची है. भिलाई के रवि उप्पल के भाई रोहित उप्पल और सन्नी सतनाम के ठिकानों पर कार्रवाई जारी है. साथी ही दुर्ग के पद्मनाभपुर के सतीश चंद्राकर के यहां छापा पड़ा है. बताया जा रहा है कि सट्टा कारोबार से जुड़े लोगों के पास दुबई से पैसों के हवाले का लिंक मिला था.

# सत्यनारायण शर्मा नहीं लड़ेंगे चुनाव

#### पुत्र पंकज ने की रायपुर ग्रामीण से दावेदारी

**रायपुर,21 अगस्त।** अविभाजित मध्यप्रदेश फिर छत्तीसगढ़ प्रदेश में विभिन्न विभागों के मंत्री रहे वर्तमान विधायक तथा वरिष्ठतम कांग्रेस नेता सत्यनारायण शर्मा ने चुनावी राजनीति से विदाई ले ली है। वे इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के मैदान में नहीं उतरेंगे। शर्मा ने अपनी राजनीतिक विरासत की बागडोर को अपने पुत्र पंकज शर्मा को सौंप दिया है। पंकज अपने पिता के स्थान पर रायपुर ग्रामीण विधानसभा से कांग्रेस टिकिट की दावेदारी कर रहे हैं। पंकज ने अपनी उम्मीदवारी के लिए आवेदन ब्लाक अध्यक्ष को आज सौंप दिया है। यहां यह बताना जरूरी है कि अत्यंत लोकप्रिय व कद्दावर नेता सत्यनारायण शर्मा पांच बार मंदिर हसौद विधानसभा से चुनाव लड़े तथा पांचों बार विजयी रहे। परिसीमन के बाद तीन बार रायपुर ग्रामीण से वे चुनाव मैदान में उतरे। यहां से वे दो बार जीते। कांग्रेस में सत्यनारायण शर्मा बड़ा नाम है। वे स्काउट एंड गाइड्स तथा आवास संघ से जुड़े हुए हैं। सहकारिता के क्षेत्र में उनकी जबरदस्त पकड़ है। प्रशासनिक ज्ञान में उनकी कोई सानी नहीं है। पंकज शर्मा ने अपने पिता से राजनीतिक ज्ञान लिया है। वे ही उनके राजनीतिक गुरु हैं। सत्यनारायण शर्मा की उंगली पकड़कर पंकज ने राजनीति का ककहरा सीखकर अपने पिता के राजनीतिक कार्यों को अंजाम देते हुए वे क्षेत्र की जनता की सेवा में लगे हैं। मिलनसार व शांत स्वभाव के पंकज पूर्व यूथ कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष थे तथा इस पद के लिए उम्र पूरी हो जाने के बाद नैतिकता के नाते इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद वे जिला ग्रामीण कमेटी के अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य बने। वर्तमान में वे जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष हैं। पंकज राजनीति को जनता की सेवा मानते हैं। **सत्यनारायण शर्मा ने कहा है कि मरते दम तक कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य करते रहेंगे।**





### विधायक की सुरक्षा नहीं कर पाए, सवा लाख बहू-बेटियों की रक्षा कैसे करेंगे: साव

**रायपुर,21 अगस्त।** खुज्जी विधायक छन्नी साहू पर हुए हमले की लेकर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने तंज कसा है. अरुण साव ने कहा, यह हमला एक विधायक के ऊपर नहीं, यह छत्तीसगढ़ की सवा करोड़ बहू बेटियों पर हुआ है. राज्य सरकार अपनी पार्टी के एक विधायक की सुरक्षा करने में असक्षम है. तब यह सवा लाख बहू-बेटियों की रक्षा कैसे कर पाएंगे? राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति चौपट है, यह हमला इसका उदाहरण है. एक ऐसी सरकार जो बेटियों की रक्षा न कर सके, जो अपनी पार्टी के विधायक की रक्षा न कर सके, ऐसी सरकार को पद में रहने का कोई अधिकार नहीं है.

# भाजपा के पूर्व विधायक को जान से मारने की धमकी

**कांकेर,21 अगस्त ■ तरुण छत्तीसगढ़**

कांकेर जिले के अंतागढ़ विधानसभा से भाजपा के पूर्व विधायक और जनजाति सुरक्षा मंच के प्रदेश संयोजक भोजराज नाग को नक्सलियों ने जान से मारने की धमकी दी है। इसे लेकर नक्सलियों ने एक प्रेस नोट भी जारी किया है। इसमें पूर्व विधायक पर धर्मांतरण के नाम पर आपस मे लड़ाने और क्षेत्र में दंगे भड़काने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही नक्सलियों ने पूर्व विधायक को आरएसएस का एजेंट बताते हुए जन अदालत में सजा देने की बात कही है।नक्सलियों के उत्तर बस्तर डिवीजन के सचिव सुखदेव कोड़ो की ओर से जारी किए गए पर्चे में पूर्व विधायक नाग पर आदिवासियों में दरार पैदा कर समाज में विभाजन करने का षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया है। साथ ही आदिवासी समाज को त्याग कर हिंदू धर्म मे शामिल होने के लिए उकसाने की बात कही है। नक्सलियों ने कहा कि मृत्यु के पश्चात कब्रिस्तान सब का संवैधानिक अधिकार है। हर धर्म को कब्रिस्तान नसीब होने का अधिकार संविधान देता है।

दरअसल, हाल ही में पखांजूर में धर्म परिवर्तन करने वाले एक ग्रामीण की मौत के बाद उसके शव को दफनाने को लेकर जमकर विवाद हुआ था। इसमें भोजराज नाग भी शामिल हुए थे। उन्होंने ईसाई धर्मांतरण के खिलाफ पखांजूर बंद भी कराया था। इसके बाद अब नक्सलियों ने भोजराज को निशाने पर लिया है और जान से मारने की धमकी दी है। वहीं भोजराज नाग ने कहा कि सरकार ने उनकी सुरक्षा घटा दी है। पहले ´ कैटेगरी थी अब है। कहा कि, हम जो काम कर रहे हैं, वह ईश्वर का काम है। धर्मांतरण की लड़ाई लड़ना हमारा काम है। हम जिस जाति समुदाय से आते हैं, वहां प्रकृति का समुदाय है।नक्सलियों ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और पूर्व सांसद विक्रम उसेंडी पर भी निशाना साधा है। नक्सलियों ने मोहन भागवत पर राजनीतिक रोटी सेकने और आदिवासियों को भड़काने का आरोप लगाया है।विक्रम उसेंडी पर भी आदिवासियों को लेकर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाकर निशाना साधा है। 2018 में नक्सलियों ने अंतागढ़ के नजदीक एक गांव में स्थित विक्रम उसेंडी के फार्म हाउस में हमला किया था।



### गौ तस्करों पर चला पुलिस का डंडा

■ तरुण छत्तीसगढ़

**बलौदाबाजार,21 अगस्त।** जिले में गौ तस्करों का आतंक बढ़ता जा रहा है जहाँ बेख़ौफ होकर तस्करी करते नजर आ रहे है। मवेशियों से भरी कन्टेनर वन विभाग के बेरियर को तोड़ते हुए नवागांव और कोठारी के बीच रोड किनारे कीचड़ में जा फसी वही चालक कन्टेनर छोड़ भाग गए। यह मामला बीती रात सोनाखान चौकी अंर्तगत की घटना है।

दरअसल, विश्व हिंदू परिसद के द्वारा लगातार गौ तस्करों पर नजर बनाए रखी जा रही है। वहीं बीती रात भी इनके द्वारा सर्च किया गया। सर्च के दौरान कन्टेनर से भरी मवेशियों को तस्कर करते पाया गया, जो कि पीछा करते हुए जंगल के रास्ते बैरियरों को तोड़ते हुए नवागांव और कोठारी के बीच रोड किनारे कीचड़ में जा फसी। तो वहीं आरोपी तस्कर कन्टेनर छोड़ फरार हो गए। कन्टेनर में लगभग 60 मवेशी मौजूद मिले, जिसमे से 2 मवेशी की मौत हो गई थी। कन्टेनर को कीचड़ से निकलने में पुलिस को काफी मस्कत करनी पड़ी। हाइड्रा और जेसीबी से गाड़ी को निकाला गया। CG04-NQ-6091 नम्बर की गाड़ी अरुण मिश्रा पिता रामलाल मिश्रा रायपुर के नाम पर बताया जा रहा है जो कि शिवरीनारायण, गिधौरी होते हुए पिथौरा की ओर जा रही थी। सोनाखान प्रभारी राजेन्द्र पाटिल के द्वारा उक्त कार्रवाई की गई। मवेशियों को महकम के बने गौठान में पशु चिकित्सो द्वारा 2 मृत मवेशियों का पीएम किया गया और बाकी 58 मवेशियों का उपचार कर छोड़ दिया गया है।

# दंतेवाड़ा में अंधेरे वाला दंतेश्वरी सरोवर पार्क

#### पार्क में लगे सभी हाईमास्ट सोलर लाईट सालों से बंद

दंतेवाड़ा (संतोष चौहान)

नगर के हृदय स्थल में स्थित दंतेश्वरी सरोवर पार्क में लगे हाईमास्ट सोलर लाईट सालों से खराब होकर बंद पड़ा है जिसके चलते शाम ढलते ही पार्क अंधेरे के आशोग में समा जाता है। आमजन मजबूरी में अंधेरे में ही घुमते टहलते हैं बारिश का मौसम हैं ऐसे में विषैले जीव जन्तु के काटने का भी भय हमेशा बना रहता है। नगर पालिका के अधिकारी को इस संबंध में कई बार यहां के लोग मौखिक रूप से भी लाईट सुधारने को कह चुके हैं लेकिन अड़ियल व अकर्मण्य नगर पालिका अधिकारी हैं कि उनके कानो में जूं नहीं रेंगती। एक ओर प्रशासन नगर के सौंदर्यकरण के काम करवा रही है तो वहीं दूसरी ओर नगर पालिका के अकर्मण्य अधिकारी की




सुस्त कार्यप्रणाली के चलते लाखों खर्च कर बनाया गया पार्क देखरेख के अभाव में बदहाल होता जा रहा है।

गौरतलब है कि 31 जनवरी 2016 को दंतेश्वरी तालाब से सटे मुख्य मार्ग पर माईजी की भूमि पर स्थित लीज पर दी गई करीब 44 दुकानों को तात्कालिन प्रशासन ने अवैध बताकर कोर्ट के आदेश का हवाला देकर तोड़ दिया था। उसी जगह पर पार्क का निर्माण किया गया था। 31 जनवरी 2021 को दंतेश्वरी सरोवर पार्क के सौंदयीकरण के कार्य का लोकार्पण करने स्वयं प्रदेश के मुखिया भुपेश बघेल दंतेवाड़ा आए थे। उनके कर कमलों द्वारा ही इस पार्क के सौंदर्यकरण कार्य का लोकार्पण हुआ था। लाखों रूपए खर्च कर पार्क में लाईटिंग, सीसी कैमरा, फ्री वाईफाई, हरे भरे घास, शोदार पौधे, नौका विहार, स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए फिटनेस के सामान, समेत कई अन्य चीजें पार्क में आमजनों की सुविधा के लिए लगाए गए थे। ढाई वर्ष बाद ये पार्क आज नगर प्रशासन की लापरवाही की भेंट चढ़ गया है। आलम यह कि शाम घिरते ही पार्क में अंधेरा छा जाता है। लोग अंधेरे में टहलने को मजबूर होते हैं। पार्को में अक्सर आवारा पशु विचरण करते व चारा चरते नजर आते हैं। यहां लगे 3 हाईमास्ट सोलर लाईट शोपीस बनकर रह गए हैं। सोलर लाईट सालों से बंद पड़े हैं इन्हें सुधरवाने तक की फूर्सत पालिका अधिकारी के पास नहीं है। पार्क में लगा फाउण्टेन में कभी पानी की बौछार हुई ही नहीं। आई लव दंतेवाड़ा का सेल्फी बोर्ड की लाईटें भी खराब हो गई है। इसे भी नहीं सुधरवाया जा रहा। जब इस पार्क का लोकार्पण हुआ था तो पार्क में हर तरफ रोशनी ही रोशनी नजर आती थी। सुबह शाम सैर करने वालों की तादात भी बहुतायात होती थी। पार्क गुलजार हुआ करता था। मगर जैसे जैसे समय बीतता गया रोशनी से जगमगाने वाला पार्क अंधेरे में डूबता चला गया। पार्क में लगे अधिकांश लाईटें भी चोरी हो गई। इस पार्क की देखरेख का जिम्मा नगर पालिका की है। सीएमओ पवन मेरिया ने जब से दंतेवाड़ा पालिका का कार्यभार सम्हाला है तब से पार्क का बेड़ा गर्क हो गया है। लापरवाह सीएमओ की अनदेखी के चलते दंतेश्वरी सरोवर पार्क अंधेरे में खो गया है। अगर जल्द ही पार्क की स्थिति नहीं सुधारी गई तो यहां असामाजिक तत्वों का डेरा बन जाएगा और फिर अंधेरे में हर वो काम होगा जो नहीं होना चाहिए । इसलिए समय रहते नगर पालिका को आंख खोलना होगा और इस पार्क की सुध लेनी होगी अन्यथा पार्क का पतन निश्चित है।

### लीबिया में फंसे 17 भारतीय छुड़ाए गए

**नई दिल्ली,21 अगस्त।** दिल्ली हवाई अड्डे पर कई माता-पिता उस समय भावुक हो गए जब उन्होंने अपने बच्चों को कसकर गले लगाया और उनके चेहरे से आंसुओं की धारा बह रही थी। वे उन 17 भारतीय पुरुषों के माता-पिता हैं जो पिछले 6 महीने से लीबिया में माफिया की कैद में फंसे हुए थे। हाल ही में लीबिया की त्रिपोली जेल से रिहा हुए 17 भारतीयों का एक समूह दिल्ली पहुंचा। इन व्यक्तियों ने इटली में रोजगार के अवसरों के वादे के साथ उन्हें लुभाने वाले भ्रामक ट्रैवल एजेंटों द्वारा धोखा दिए जाने के बाद खुद को लीबिया में फंसा हुआ पाया था।

पंजाब और हरियाणा राज्यों से आने वाले, इनमें से प्रत्येक व्यक्ति ने लीबिया में आकर्षक रोजगार के अवसरों के वादे से आकर्षित होकर एक एजेंट को 13 लाख रुपये की राशि का भुगतान किया। हालाँकि, उनके सपने तब चकनाचूर हो गए जब उन्हें पता चला कि प्रदान किए गए वर्क परमिट अरबी में थे, जिससे वे पूरी तरह से चकित हो गए।

## एक नजर

### नव नियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष होरीराम का पदभार ग्रहण समारोह 22 अगस्त को : कन्हैया अग्रवाल

**कवर्धा, 21 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य के केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर की मौजूदगी में नव नियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष होरीराम साहू का 22 अगस्त को पदभार ग्रहण समारोह रखा गया है । उक्त जानकारी देते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता और क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल ने समस्त कांग्रेस जनों से अपील की अधिक से अधिक संख्या में पदभार ग्रहण में उपस्थित होकर साक्षी बने । राजीव भवन छीरहा में 22 अगस्त को दोपहर 1 बजे पदभार ग्रहण समारोह होगा । भोजन की व्यवस्था रखी गई है ।



### विश्व मच्छर दिवस पर स्वास्थय विभाग ने जागरूकता रैली निकाली

**दुर्ग 21 अगस्त।** जिले में 20 अगस्त 2023 को विश्व मच्छर दिवस का कार्यक्रम रैली एवं बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे भिलाई स्टील प्लांट के टाउनशिप क्षेत्र में जन स्वास्थ्य विभाग सेक्टर 08 भिलाई नगर मे 20 अगस्त 2023 को विश्व मच्छर दिवस कार्यक्रम में रैली का आयोजन किया गया। ब्रीडर चेकर्स पी.एच.डी. के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा कार्यक्रम आयोजन किया गया। मच्छर से विभिन्न प्रकार की बीमारी की उत्पत्ती के बारे में स्वास्थ्य शिक्षा एवं बचाव तथा उपचार के बारे मे जानकारी दिया गया। इस कार्यक्रम में स्त्रोत नियंत्रण के तहत नाली की सफाई, कुलर, गमला, टायर, नारियल खोल, टंकी प्लास्टिक कंटेनर, जल भराव के क्षेत्र एवं झाडियो इत्यादि में मच्छर के लार्वा का स्त्रोत पाया जाता है। उसे कीटनाशक दवा टेमिफाश, मेलाथियान इत्यादि से विनष्टिकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया क्योकि मच्छर के अलग-अलग प्रजाति जैसे कि संक्रमित मादा एनाफिलीस मच्छर के काटने से मलेरिया रोग संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फाइलेरिया रोग (हाथीपाठ) जैसे गंभीर विकृति शरीर में आती है तथा संकमित मादा एडिस मच्छर के काटने से डेंगू बीमारी होता है। विश्व मच्छर दिवस कार्यक्रम जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रो मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. सी. बी. एस. बंजारे जिला मलेरिया अधिकारी के कुशल नेतृत्व में विश्व मच्छर दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मच्छर जनित रोग के बारे मे प्रचार-प्रसार बचाव उपचार तथा सभी को मच्छरदानी का उपयोग करने एवं स्त्रोत नियंत्रण कार्यक्रम अर्न्तगत लार्वा विनष्टीकरण एवं वयस्क मच्छर का विनष्टीकरण करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया।

### मुख्यमंत्री का हेलीपेड पर जनप्रतिनिधियों सहित कलेक्टर,एसपी ने किया स्वागत

**महासमुन्द 21 अगस्त ।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज ज़िला मुख्यालय महासमुन्द स्थित शासकीय स्वामी आत्मानंद हिन्दी उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं अन्य योजनाओं का राशि वितरण कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। इस दौरान मचेवा स्थित हेलीपैड में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, उप मुख्यमंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत, आदिम जाति विकास मंत्री श्री मोहन मरकाम के पहुंचने पर संसदीय सचिव एवं महासमुन्द विधायक श्री विनोद चन्द्राकर, बसना विधायक श्री देवेंद्र बहादुर सिंह, खल्लारी विधायक श्री द्वारिकाधीश यादव, सरायपाली विधायक श्री किस्मतालाल नंद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री लक्ष्मण पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि महिलांग, जनपद अध्यक्ष महासमुंद श्री यतेन्द्र साहू, डॉ. रश्मि चंद्राकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया।

### कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सीडब्लूसी की घोषणा की

# कांग्रेस वर्किंग कमेटी में जगह मिलने से ताम्रध्वज साहू समर्थकों में खुशी की लहर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 अगस्त।** कांग्रेस पार्टी ने नेशनल वर्किंग कमेटी में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को शामिल करने की घोषणा से उनके समर्थको में खुशी की लहर दौड़ गई है। छत्तीसगढ़ के असेंबली चुनाव के एन पहले ताम्रध्वज साहू को पार्टी नेतृत्व से बड़ा पारितोषिक मिलने से ताम्रध्वज साहू प्रदेश की कांग्रेस राजनीति में मजबूत बन गए है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस वर्किंग कमेटी की नई टीम का ऐलान कर दिया गया। जारी सूची में 39 नेताओं का नाम शामिल है। छत्तीसगढ़ से कांग्रेस कमेटी ने नई कार्यसमिति में मंत्री ताम्रध्वज साहू को शामिल किया है। वहीं सांसद फूलो देवी नेताम को परमानेंट इनवाइटिस के रूप में शामिल किया गया है। इसके अलावा 32 स्थायी आमंत्रित सदस्य, 9 विशेष आमंत्रित सदस्य, यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस और सेवा दल के अध्यक्षों को भी जगह दी गई है।



वर्किंग कमेटी में जगह मिलने के साथ ही ताम्रध्वज साहू का स्थान दुर्ग ग्रामीण सीट पर एक हद तक तय हो गया है। नई जिम्मेदारी के बाद वे जोरदार ढंग से पार्टी फोरम में अपनी बात रख सकेंगे और अपनी चुनावी रणनीतियों को अंजाम दे सकेंगे। साहू की नियुक्ति से उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। दुर्गग्रामीण के उनके कार्यकर्ताओ ने हाईकमान के प्रति आभार भी जताया है जिसमें ब्लाक अध्यक्ष नंदकुमार साहू, प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख, जिला कांग्रेस कमेटी सचिव प्रदीप चंद्राकर, कृषि सभापति योगिता चंद्राकार,अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ रिवेंद्र यादव, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, ब्लाक अध्यक्ष महिला कांग्रेस पुष्पा साहू,सभापति जनपद पंचायत दुर्ग टिकेश्वरी लाल देशमुख, भीषम हिरवान, लोकनाथ साहू, रोहित साहू, हरेंद्र देव, तुलसी देशमुख, नंदकुमार साहू, तारा शर्मा, पिलेश्वर साहू, पुकेश चंद्राकार,प्रशांत पांडे, निरंजन राजपुत, दिवाकर गायकवाड़, डिकेंद्र हिरवानी, राकेश हिरवानी, विकास चंद्राकार, कैलाश सिन्हा, कमल नारायण, मुकुंद परकार, रविन्द्र सिन्हा, लाल जी गुप्ता, रिझन ठाकुर, भरत निषाद, राजेंद्र ठाकुर, हेमंत देशमुख, मनोज पावर, देवराज चतुर्वेदी, लक्ष कुमार, घसिया देशमुख, रमेश, जीवन लाल, रोशन, देवलाल, धरम साहू, देवलाल, भीषम चौधरी, हीरालाल, जे डी चेलक, बेकुंट महानद, योगेश चंद्राकार, दिलीप साहू, अरुण वर्मा, खुमेश यदु, गोवर्धन बारले, शिवनारायण दिल्लीवार, योगेंद्र भारतीय, अनिल देशमुख, डिहार विषकर्मा, मनोज चंद्राकार, महेश कौशिक, द्वारिका, प्रदीप पाटिल, प्रहलाद वर्मा, तोषण साहू, राजेश साहू, रोशन साहू, प्रेमचंद सोनबोईर, मनोज साहू, अनिल चतुर्वेदी, तेजराम चंदेल सहित बूथ अध्यक्ष और कांग्रेस कार्यकर्ताओं व आमजनों दी बधाई।

## दुर्ग के हिमांशु बने अमेरिका में साइंटिस्ट



**भिलाई, 21 अगस्त।** दुर्ग के होनहार छात्र रहे हिमांशु अजय गुप्ता ने एरिज़ोना यूनिवर्सिटी अमेरिका से एमएस कंप्यूटर साइंस करने के पश्चात अमज़ोन यूएसए में एप्लाइड साइंटिस्ट की सर्विस ज्वाइन कर ली है।

हिमांशु ने बीई की डिग्री भारतवर्ष की मशहूर बिट्स पिलानी हैदराबाद से ली थी। अब तक उनके 16 पेपर अंतरराष्ट्रीय जनरल में प्रकाशित हो चुके हैं और उसके तीन पेटेंट भी हैं। हिमांशु छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय गुप्ता के ज्येष्ठ पुत्र हैं।

# भिलाई में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जयंती





**भिलाई, 21 अगस्त।** छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने खर्सीपार स्टेडियम में शहीद राजीव गांधी के आदमकद प्रतिमा में 79वें जयंती के अवसर पर सज्जन दिक्षित श्रीमति तुलसी साहू, के.कोटेश्वर राव समयलाल साहू ने माल्यअपर्ण कर जन्मदिन मनाया और राजीव गांधी के कार्यकाल में देश के लोगों को जो लाभ मिला उसको भूलाया नहीं जा सकता है। कुरैशी ने कहा राजीव गांधी अपने भाषणों में हमेशा 21वीं सदी में तरक्की की चर्चा टेलीफोन, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के जरिये देश का विकास पंचायत के माध्यम से पूरे देश के गांव में तरक्की के लिए एवं महिलाओं को अधिकार दिया देश के नौजवानों के 21 वर्ष मतदान की उम्र को 18 वर्ष किया राजीव गांधी जी के सोच को साकार करने के लिए 1992 में 73, 74 संविधान संशोधान के जरिये पंचायती राज का उदय हुआ देश के हजारों गांव में जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना कि जिसमें बच्चों को 6 वीं से लेकर 12वीं तक मुफ्त शिक्षा, हॉस्टल में रहने की सुविधा आज कई हजारों की तादाद में स्कूलें खुल गये है यह देश की बहुत बड़ी उपलब्धि है जिसे भूलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में अब्दुल कादिर सिद्धिकी, तुलसी पटेल, डी कामराजू, श्रीमति मीरा बंजारे, राजेश कुमार, नईम बेग, अयाज खान, धर्मेंद वैष्णव,तमजीद अहमद, मुरलीधर, गोपाल यादव, दीदार भाई, गायत्री देवांगन, प्रमोद प्रभाकर, एल चैतन्य, अजय यादव, प्रसाद, कौशल्या देवी, जवाहर भगत, संजय लाखे, अजय यादव, लक्ष्मी यादव, लक्ष्मण राव, दिनेश पाठक, विनय पांडे, रामेश्वर यादव, उषा सिंग, अंजनी सिंग, रामजीत राय, लखबीर सिंह, श्यामनारायण, भागवत, शमीम बानो, राजेश चैधरी, सुन्दर गुप्ता, टी नारायण, आदि उपस्थित थे।

भारत रत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान एचएससीएल कालोनी रूआबांधा में उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय राजीव गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किए और अपनी श्रद्धांजलि दी। अपने उद्बोधन में अधिवक्ता जमील अहमद ने स्वर्गीय राजीव गांधी के जीवन पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। जिसमें स्वर्गीय राजीव गांधी द्वारा शुरू किए गए कंप्यूटराइजेशन, उद्योगों का आधुनिकीकरण और युवाओं के रोजगार की सोच पर रोशनी डाली।

उन्होंने देश के महापुरुषों के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर द्वारा कहे गए उद्बोधन कि अगर हौसला नहीं होगा तो फैसला नहीं होगा, यह उक्ति स्व. राजीव गांधी पर सटीक बैठती है। प्रतिष्ठान के संयोजक आरपी शर्मा ने राजीव गांधी द्वारा प्रधानमंत्रित्व काल में देश की एकता-अखंडता को बरकरार रखने की कोशिशों का विशेष उल्लेख किया।

उन्होंने देश के मौजूदा हालात पर कहा कि मणिपुर और नूह में लगी आग देश के अन्य हिस्सों में फैलने की आशंका है, इससे देश का हर जिम्मेदार नागरिक चिंतित है। इस अवसर पर कपिल प्रसाद, त्रिलोक सिंह, अमित कुमार, मिश्री राम रजक, अरविंद प्रसाद, नंदकिशोर साहू, जयराम पासी और विद्या भूषण सहित अन्य लोग उपस्थित थे।





## बीएसपी के आरएमपी-3 ने बनाया बगीचा

**भिलाई, 21 अगस्त।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स योजना के तहत आनेवाला आरएमपी-3 का नया विभाग एलडीसीपी, अब अपने अपशिष्ट जल का संचयन कर इसका उपयोग सिंचाई के लिए करेगा। आरएमपी-3 परिसर में पेड़ों के लिये एक बड़ा बगीचा तैयार किया गया है, जहाँ इस अपशिष्ट जल का उपयोग किया जायगा। यहाँ मुख्यतः नीम, बादाम और अर्जुन के 100 पौधों का रोपण किया गया हैं। बीएसपी, पर्यावरण को लेकर सदा ही सजग रहा है और इन पेड़ों के जल संचयन से वातावरण तो शुद्ध होगा ही साथ ही जमीन में जल स्तर भी बढ़ेगा। इसे हाल ही में आयोजित बीएसपी की इनप्लांट क्वालिटी सर्कल प्रतियोगिता-2023 में भी प्रस्तुत किया गया है। इस प्रोजेक्ट को महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता द्वारा प्रेरित किया गया है। इसका मार्गदर्शन महाप्रबंधक प्रभारी आर के मुखर्जी, महाप्रबंधक राम पाल, सुशांत पाल और आरएमपी-3 एलडीसीपी के अन्य अधिकारियों द्वारा किया गया है। प्रतिभागियों में फैसिलेटर के रूप में महाप्रबंधक दिगेंद्र कुमार वर्मा, लीडर के रूप में चीफ मास्टर ऑपरेटिव संजय पटले और सदस्य के रूप में अशोक चौधरी हैं। एलडीसीपी के किनारे, बड़ी खुली भूमि है जो पहले स्लैग डंप यार्ड था, इसलिए पूरा क्षेत्र चट्टानी स्लैग से भरा हुआ है। इस क्षेत्र में वृहद वृक्षारोपण कर बगीचा बनाया गया है। आरएमपी-3 समूह ने कुछ पेड़ लगाए, जिसके लिए सिविल इंजीनियरिंग विभाग ने पौधे, काली मिट्टी उपलब्ध कराने में सहयोग प्रदान किया। इसकी फैंसिंग आदि की व्यवस्था आंतरिक संसाधनों से की गयी। रोपे गए पौधों को नियमित पानी की आवश्यकता को पूरी करने हेतु आरएमपी-3 टीम ने उपयोग किए गए अपशिष्ट जल को एकत्रित करने का निर्णय लिया और अब, इस जल से ही सिंचाई की जा रही है।

## मंत्री अकबर की अनुशंसा पर सड़क,पुलिया के लिए 11 करोड़ रुपये से अधिक राशि मंजूर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,21 अगस्त।** कैबिनेट मंत्री व कवर्धा के विधायक मोहम्मद अकबर की अनुशंसा पर लोक निर्माण विभाग ने कवर्धा विधानसभा के तीन मार्गों पर सड़क निर्माण तथा एक मार्ग पर पुलिया निर्माण के लिए 11 करोड़ से अधिक की राशि मंजूर की है।लोक निर्माण विभाग ने कवर्धा विकासखंड के ग्राम घुघरी से मरपा मार्ग लंबाई एक किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए एक करोड़ छियासठ लाख सत्रह हजार रुपए,पिपरिया से गंगापुर मार्ग लंबाई 3.80 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए पांच करोड़ चौबीस लाख नवासी हजार रुपए,लोहारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम खोलवा से कुम्हारी मार्ग लंबाई 2.30 कि. मी. सड़क निर्माण के लिए तीन करोड़ चार लाख एक हजार रुपए की राशि मंजूर की है।लोक निर्माण विभाग ने पिपरिया से चारभाठा में पुलिया निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ अठारह लाख तैतालिस हजार रुपए की राशि मंजूर की है। ग्रामीणों ने मंत्री मोहम्मद अकबर से सड़क,पुलिया निर्माण की मांग की थी।मांग पर शीघ्र कार्यवाही करते हुए मंत्री अकबर ने लोक निर्माण विभाग को अपनी अनुसंशा भेजी थी।सड़क व पुलिया निर्माण से बहुत बड़ी आबादी को इसका लाभ मिलेगा।

## प्रदेश में चहुंमुखी विकास कर रही है कांग्रेस सरकार:नीलू चंद्रवंशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 21 अगस्त।** जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के पूर्व अध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी कांग्रेस कार्यकर्ताओ एवम ग्रामीण जन से विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर सरकार की योजनाओं को घर घर तक पहुंचाने सुझाव मांगे कार्यकर्ताओ ने आगामी विधानसभा चुनाव सहित विभिन्न विषयों में अपने अपने सुझाव दिए । बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओ को जोन अध्यक्ष सुखचैन भास्कर, भरत साहू जी ने भी संबोधित किया। पूर्व जिला अध्यक्ष नीलकंठ चंद्रवंशी ने अपने उदबोधन में कहा की छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार प्रदेश में चहुमुखी विकास का कार्य कर रही है सभी वर्गो को ध्यान में रखकर योजनाओं को लागू कर रहे है। उन्होंने कहा हमारी सरकार किसानों की ऋण माफ की 2500 रु समर्थन मूल्य में धान खरीदी भूमिहीन मजदूर को 07 हजार रु की सालाना आर्थिक मदद पहुंचा रही है बिजली बिल हाफ की उपभोक्ताओं को लाभ मिल रहा वही आनेवाले समय में 2800 रु में प्रति क्विंटल धान एव 20 क्विंटल एकड़ धान खरीदी का ऐलान कर चुके है । नीलू चंदवंशी ने विगत 15 वर्षो की राज्य की भाजपा सरकार की नाकामी एव विफलताओं को गिनाते हुए कहा भाजपा की 15 वर्ष की सरकार विफलताओं से भरा था सभी वर्गो को धोखा देने के अलावा भाजपा ने और कुछ नही किया। उक्त कार्यक्रम में नीलू चंद्रवंशी के साथ राजा भूपेंद्र शाह,सुखचैन भास्कर ,भरत साहु,पवन शर्मा, लाला साहू,श्यामा साहू, भानुमति साहू,नर्मदा साहू सरपंच, पटेल,विश्राम सोनवानी,नेतराम साहू, हेमलाल यादव,दीपचंद दिवाकर, धरम सोनवानी,लेखराम साहू,टीकम शर्मा,गोपाल चंद्रवंशी,रामचरण साहू,जित्तू साहू,राजू साहू, हेमू साहू,सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता एवम ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



## महिला की हत्या के मामले में 3 गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई,21 अगस्त।** भिलाई मोहन थाना अंतर्गत सनसनीखेज हत्याकांड का रविवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया। प्रेमी डाक्टर व उसकी प्रेमिका ने एक अन्य के साथ मिलकर एक महिला मरीज की हत्या कर इस षडयंत्र को अंजाम दिया गिरधारी नगर दुर्ग निवासी श्रीमती सुप्रिया यादव ने अपने प्रेमी तथाकथित चिकित्सक गण्डई निवासी उमेश साहू के साथ मिलकर षडयंत्र रच कर गण्डई निवासी श्रीमती सुरजा बाई मरकाम की हत्या की। और प्रेमिका ने अपनी मौत की झूठी कहानी रची इस मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है दुर्ग एसपी शलभ सिन्हा ने बताया कि श्रीमती मधु यादव निवासी गिरधारी नगर दुर्ग 15-16 अगस्त की दरम्यानी रात 1.30 बजे के आस पास अचानक जोरदार धमाके की आवाज सुनकर उठी तभी पीछे आंगन में देखी कि स्टोर रूम में आग लग गई है देवर भूपेन्द्र यादव को फोन करके उसने जगाया। परिवार के सभी लोग उठकर आ गये और आग बुझाये व आग में कोई लाश को जलते देखे देवरानी सुप्रिया यादव अपने कमरे में नहीं थी। इससे ऐसा भ्रम हुआ कि जली हुई लाश सुप्रिया यादव की हो सकती है, क्योंकि जलने के स्थल पर सुप्रिया यादव की चूड़ी एवं बिछिया पड़ी हुई थी थाना मोहन नगर में मर्ग पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया 16 अगस्त की रात्रि 8.30 बजे सुप्रिया के मायके गंडई

से सूचना प्राप्त हुई कि सुप्रिया यादव खैरागढ़ एवं जालबांधा के बीच अचेत अवस्था में पड़ी थी एसपी ने बताया कि इस मामले में टीम गठित की गई। सुप्रिया यादव को तलब कर पूछताछ करने पर पता चला कि वह गिरधारी नगर में अपने पति भूपेन्द्र यादव, दो बच्चों, सास व जेठ जेठानियों व उसके बच्चों के साथ संयुक्त रूप से रह रही है। 21 जुलाई से 8 अगस्त के मध्य दुर्ग में रहकर बी फार्मा परीक्षा दिलाने के दरम्यान अपने प्रेमिका चला कि वह गिरधारी नगर में अपने पति भूपेन्द्र यादव, दो बच्चों, सास व जेठ जेठानियों व उसके बच्चों के साथ संयुक्त रूप से रह रही है। 21 जुलाई से 8 अगस्त के मध्य दुर्ग में रहकर बी फार्मा परीक्षा दिलाने के दरम्यान अपने प्रेमिका सुप्रिया यादव (32 वर्ष) निवासी गिरधारी नगर दुर्ग के साथ उक्त अवधि में अक्सर मुलाकात हुई सुप्रिया यादव और उमेश साहू ने मिलकर एक महिला की हत्या कर उसे आग से जल कर मरने का षडयंत्र रचा उसकी मौत के बाद दोनों शादी करना चाहते थे ।

### मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटना में घायल भारत यादव की मृत्यु पर जताया दुख, परिजनों को 4 लाख रुपए देने की घोषणा की

**दुर्ग 21 अगस्त ।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज पाटन में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल श्री भारत यादव की मृत्यु पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना जाहिर की है।

## मुख्यमंत्री ने मोबाइल पशु चिकित्सा वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**महासमुंद 21 अगस्त ।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं अन्य योजनाओं के सामग्री वितरण कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री गौवंश मोबाईल चिकित्सा योजना के तहत महासमुंद जिले के लिए 7 तथा संभाग के अन्य जिलों के लिए 43 पशु मोबाइल चिकित्सा इकाईयों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत, उपमुख्यमंत्री श्री टी एस सिंहदेव, वरिष्ठ केबिनेट मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, श्री ताम्रध्वज साहू, डॉ शिव डहरिया, श्री अमरजीत भगत, श्री मोहन मरकाम, संसदीय सचिव एवं महासमुन्द विधायक श्री विनोद चन्द्राकर, बसना विधायक श्री देवेंन्द्र बहादुर सिंह, खल्लारी विधायक श्री द्वारिकाधीश यादव, सरायपाली विधायक श्री किस्मतालाल नंद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री लक्ष्मण पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि महिलांग, जनपद अध्यक्ष महासमुन्द श्री यतेन्द्र साहू, डॉ. रश्मि चंद्राकर मौजूद थे।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री गौवंश मोबाईल चिकित्सा योजना को मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना एवं मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की तर्ज पर शुरू किया है। जिसके तहत चिकित्सायुक्त



163 मोबाईल वैन के माध्यम से गौठानों/ग्राम पंचायतों तक पहुंच सेवा एवं कॉल सेंटर के माध्यम से जी.पी.एस. लगे मोबाईल वैन एवं पशु चिकित्सा सेवा की मॉनिटरिंग तथा परामर्श सुविधा प्रदान की जाएगी। मुफ्त पशु चिकित्सा सुविधा एवं परामर्श हेतु टोल फ्री नम्बर 1962 जारी किया गया है। जिसमें डायल कर कॉल सेंटर से उपस्थित पशु चिकित्सक से चिकित्सकीय परामर्श एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

पशुधन विकास विभाग से मिली जानकारी अनुसार मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई, सर्विस प्रोवाइडर के माध्यम से संचालित किया जाएगा। जिसमें 1 पशु चिकित्सक, 1 पैरावेट तथा 1 ड्राईवर कम हेल्पर होंगे। उक्त मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई सर्व सुविधायुक्त है। इकाई का संचालन 8 बजे से संध्या 4 बजे तक रहेगा। प्रत्येक विकासखण्ड में प्रतिदिन 2 गौठानों तथा माह में 50 गौठानों को अपनी सुविधा प्रदाय करेगी। सेवाएं पशु पालकों को निःशुल्क प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री गोवंश मोबाइल चिकित्सा योजना का प्रमुख उद्देश्य छत्तीसगढ़ के सभी गोवंश (पशुओं) को वक्त पर बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करना है। जिसके लिए इस योजना के तहत आज मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा आज चिकित्सा वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इन चिकित्सा वाहन के द्वारा बीमार पशुओं को घर-घर जाकर ट्रीटमेंट दिया जाएगा। अब राज्य सहित जिले के कोई भी पशुपालक अपने पशुओं के बीमार होने पर जल्द से जल्द चिकित्सा वाहन को अपने स्थान पर बुलवा सकेंगे और अपने पशुओं का अच्छे से समय पर इलाज करवा सकेंगे। इस प्रकार मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई द्वारा गौठानों एवं ग्राम स्तर पर सुदृढ़ पशु चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराया जाएगा। इससे पशु संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

### सीएम ने जिले में 704 करोड़ रुपए के 224 कार्यों का किया शिलान्यास व लोकार्पण

**महासमुंद 21 अगस्त ।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल 20 अगस्त को जिले के दौरे पर हैं। इस अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल महासमुंद मैदान पर राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं अन्य योजनाओं के सामग्री वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री बघेल जिले को 703 करोड़ 96 लाख के 224 विकास कार्यों का सौगात दिया। जिसमें 71 करोड़ 8 लाख रुपए के 132 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 632 करोड़ 88 लाख रुपए के 92 विकास कार्यों का शिलान्यास/भूमिपूजन कार्य शामिल है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, उप मुख्यमंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव अति विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित थे।मुख्यमंत्री श्री बघेल जिन विकास कार्यों का लोकार्पण किया उनमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 13 करोड़ 64 लाख रुपए के 18 विकास कार्य, छ.ग. गृह निर्माण मण्डल के 4 करोड़ 9 लाख रुपए के 3 विकास कार्य एवं लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण के 11 करोड़ 57 लाख रुपए के 4 विकास कार्य शामिल है।

## एक नजर

### अवैध शराब बिक्री के खिलाफ चौकी चिखली पुलिस ने की कार्रवाई



**राजनांदगांव 21 अगस्त।** वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में अवैध शराब बिक्री, जुआ, सटटा के विरूद्ध के विरूद्ध लगातार चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 20.08.2023 को ग्राम बोईरडीह बाजार चौक में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहे मुकेश बंजारे पिता स्वर्गीय नारद बंजारे उम्र 22 साल निवासी ग्राम बोईरडीह पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव छ0ग0 को पकडकर आरोपी के कब्जे से 19 पौवा देशी प्लेन शराब कुल 3420/- एमएल कीमती 1710/- रूपये एवं बिक्री रकम 220/- रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(1) के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया।

### आबकारी एक्ट के तहत की कार्रवाई

**डोंगरगांव 21 अगस्त।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री अभिषेक मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री लखन पटले , उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा वर्मा, के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी निरी0 उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे लगातार अवैध शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये मुखबीर सूचना पर दिनांक 20.08.23 को ग्राम बड़गांव चारभाठा, मे रेड कार्यवाही किया आरोपी रमेश कुमार ठावरे पिता चंद्रभान ठावरे,उम्र- 55 साल, पता- बड़गांव चारभाठा,थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव को मात्रा से अधिक अवैध शराब रखकर ग्राम बड़गांव चारभाठा ,तालाब के किनारे बिक्री करते हुये रंगे हाथ पकड़ा , आरोपी के पास 20 पौवा देशी प्लेन शराब छ0ग0 निर्मित प्रत्येक मे 180 एमएल भरा,कीमती रकम 1600/-रूपये, बिक्री रकम नगदी 340/- रूपये कुल जुमला रकम 1940/- रूपये को जप्त कर आरोपी की गिरफ्तारी करते हुये विधिवत कार्यवाही की गई । थाना डोंगरगांव पुलिस की रेड कार्यावाही सराहनीय रहा ।



### जिले में पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने चलाया गया विशेष महाअभियान

**राजनांदगांव 21 अगस्त।** राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्ग पर आवारा, घुमंतु पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिले में विशेष महाअभियान चलाया गया। कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने नगर निगम राजनांदगांव के गोकुल नगर में घुमंतु पशुओं में रेडियम बेल्ट लगाकर महाअभियान का शुभारंभ किया। विशेष महाअभियान में जिले के नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा एवं घुमंतु मवेशियों में रेडियम बेल्ट, टैगिंग, रेडियम पेंट, रेडियम टेप तथा घुमंतु पशुओं को कांजी हाउस एवं चिन्हित गौठानों में रखा गया। विशेष महाअभियान में कलेक्टर श्री डोमन सिंह के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार के निर्देशन पर जिले में 3 हजार 216 पशुओं में रेडियम बेल्ट, पेंट, टेप लगाया गया। पशुओं में 1 हजार 286 यूनिक आईडी टैग लगाया गया। नगरीय निकायों एवं गांवों में चरवाहों एवं पशु मालिकों की बैठक आयोजित कर मवेशियों को खुले एवं सड़क में नहीं छोड़ने के लिए जागरूक किया गया।

### कुरुद विधानसभा क्षेत्र से सेवक राम तारक ने आवेदन पत्र सोपा



**अंवरी 21 अगस्त।** विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी बनने हेतु कुरूद ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा को सेवक राम तारक ग्राम अंवरी निवासी ने अपना आवेदन पत्र सौपा आगामी होने वाले विधानसभा 57 से कांग्रेस प्रत्याशी बनने हेतु 18 अगस्त को सरपंच ग्राम पंचायत अंवरी , मूलचंद चंदेल चिंताराम ध्रुव ,झुमुकराम ध्रुव, भिखू राम साहू, भुनेश्वर साहू, थानेश्वर पाल, मनोज भत्तरी, दिलीप चंदेल, परशुराम निर्मलकर ,एवं कर्म दल के बहनों के साथ मां काली छत्तीसगढ़ महतारी मंदिर कुरूद में पूजा अर्चना एवं करमा नित्य एवं डीजे के साथ कुरूद नगर का भ्रमण कर अपना संपूर्ण बायोडाटा फार्म दल बल के साथ कांग्रेस के प्रत्याशी बनने हेतु अपना आवेदन फार्म आशीष शर्मा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुरूद को सौपा।

# मुख्यमंत्री ने नवीन तहसील घुमका एवं कुमरदा का किया शुभारंभ

- नई तहसील बनने से आम जनता में हर्ष व्याप्त
- शासन के प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण किए जाने का आम जनता को मिलेगा प्रत्यक्ष लाभ




**राजनांदगांव 21 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने जिले में प्रशासनिक इकाईयों के सुदृढ़ीकरण एवं चहुमुखी विकास के लिए पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के अवसर पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवीन तहसील घुमका और कुमरदा का शुभारंभ किया। नई तहसील बनने से आम जनता में हर्ष व्याप्त है तथा नये तहसील बनने से जनसामान्य को राजस्व संबंधी तथा अन्य कार्यों के लिए सुविधा मिलेगी एवं आसानी से कार्य होंगे। शासन द्वारा प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण किए जाने का प्रत्यक्ष लाभ आम जनता को मिलेगा।

नवीन तहसील घुमका की भौगोलिक सीमाएं उत्तर एवं पश्चिम में खैरागढ़ तहसील जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, दक्षिण में राजनांदगांव तहसील, पूर्व में धमधा तहसील जिला दुर्ग की सीमा से लगी हुई है। गठित नवीन तहसील घुमका में कुल ग्रामों की संख्या 61 है। भौगोलिक क्षेत्रफल कुल 25 हजार 728 हेक्टयर है। यहां कि कुल जनसंख्या 60 हजार 673 है। तहसील में राजस्व निरीक्षक मंडल की संख्या 2 है, कुल पटवारी हल्का नम्बर 16 है, ग्राम पंचायत की संख्या 37 है।

नवीन तहसील कुमरदा की भौगोलिक सीमाएं उत्तर में डोंगरगांव तहसील, दक्षिण में अंबागढ़ चौकी तहसील जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, पूर्व में डौंडी लोहारा तहसील जिला बालोद तथा पश्चिम में छुरिया तहसील की सीमा से लगी हुई है। गठित नवीन तहसील कुमरदा में कुल ग्रामों की संख्या 99 है। भौगोलिक क्षेत्रफल कुल 36 हजार 880 हेक्टयर है। यहां कि कुल जनसंख्या 74 हजार 574 है। तहसील में राजस्व निरीक्षक मंडल की संख्या 3 है, कुल पटवारी हल्का नम्बर 24 है, ग्राम पंचायत की संख्या 51 है।

# सरेआम खुज्जी विधायक पर चाकू से हमला आम वारदात या फिर गुटबाजी का है नतीजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 21 अगस्त।** जिले के खुज्जी विधानसभा क्षेत्र की सबसे चर्चित रहने वाली विधायक श्रीमती छन्नी साहू (कांग्रेस) पर आज शाम जोंधरा एक कार्यक्रम के दौरान चाकू से हमला किया गया। बताया जा रहा है कि नशे में धुत युवक ने चाकू से हमला किया है। इस हमले में विधायक को हाथ में चोट आई है। जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरिया लाया गया.है। विधायक छन्नी साहू एक कार्यक्रम में जोधारा गांव गई हुई थी। जहां युवक ने इस घटना को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर डोगरगाँव थाने मे रखा है। जानकारी के मुताबिक हमला करने वाले आरोपी का नाम खिलेश्वर सिन्हा बताया जाता है। सत्ता पार्टी की महिला विधायक पर हुए इस हमले के बाद जिले में सनसनी फैल गई है। इस वारदात के पीछे कई कारण हो सकते हैं। लेकिन पुलिस इसे आम वारदात मानकर चल रही है। सबसे बड़ा कारण कांग्रेसियों की आपस में गुटबाजी हो सकती है। क्योंकि पिछले कई महीनों से खुज्जी विधानसभा क्षेत्र सत्ता पार्टी के ही अन्य नेताओं की दखलअंदाजी बढ़ गई है।



दूसरे और नेताओं की धमक से क्षेत्र के ग्रामीणों में जबरदस्त विरोध भी देखा जा रहा है। हाल ही में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष नवाज खान की अगुवाई में किए गए किसान सम्मेलन का जबरदस्त विरोध किया गया था। इस दौरान पानी, सड़क और आवास से वंचित ग्रामीणों ने आक्रोश में आकर मंच पर खड़े नवाज खान के हाथ से माइक छीनकर धक्का-मुक्की की थी। चूंकि विधायक छन्नी साहू की पकड़ अपने विधानसभा क्षेत्र में काफी मजबूत है इसलिए पार्टी के ही कुछ नेता उनका समीकरण बिगाड़ने के फिराक में लगे हुए हैं। यही गुटबाजी कही महिला विधायक पर तो भारी नहीं पड़ गई? यह बात विचारणीय है। पूर्व में भी रेत तस्करी मामले में विधायक साहू और उनके पति को फसाने की पुरजोर साजिश की गई थी। उस दौरान आरोप लगाया गया था कि विधायक पति ने रेत तस्करी में लगे आदिवासी युवक की पिटाई कर दी थी।

# युवा कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर राजीव भवन में आयोजित की संगोष्ठी



**रायपुर 21 अगस्त।** छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस द्वारा प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी की जयंती मनाई गई इस जयंती में रायपुर शहर जिला अध्यक्ष विनोद कश्यप एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष सजल चंद्राकर द्वारा संयुक्त रूप से राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर संगोष्ठी रखी गई थी इस संगोष्ठी में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री रवि घोष प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला मुख्य रूप से संगोष्ठी के वक्त थे इस संगोष्ठी कार्यक्रम में युवा कांग्रेस द्वारा राजीव जी को याद करते हुए उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर सभी ने अपनी बातें कार्यकर्ताओं को की और राजीव जी के विचारधारा और उनके योगदान के बारे में युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को वक्ताओं ने संबोधित किया।प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री रवि घोष ने कहा की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी बस कांग्रेस पार्टी के लिए ही प्रेरणा स्रोत नहीं बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा स्रोत है उन्होंने अपने प्रधानमंत्री के कार्यकाल में अनेकों फैसले लिए जो युवाओं के हित में साबित हुए एक अहम फैसला जो उन्होंने 21 वर्ष मतदान की आयु पहले हुआ करती थी उन्होंने इस युवा देश को देखते हुए मतदान की आयु 18 वर्ष की यह एक अहम योगदान प्रधानमंत्री रहते हुए राजीव गांधी ने युवाओं के लिए किया था। संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा की पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी संचार क्रांति के जनक है उन्होंने ही इस देश में संचार क्रांति की शुरुआत की आज जितने भी संचार के उपकरण हम अपने रोजमर्रा के जीवन में लेते हैं सभी चीजों की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी ने की थी आज कंप्यूटर से लेकर मोबाइल तक सभी संचार के उपकरण अपने व्यक्ति का जीवन से लेकर अपने कार्यों तक में हम इस्तेमाल करते हैं इन सभी के जनक पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी जी है।।

युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा की आज पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की जयंती है इस जयंती के अवसर पर युवा कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिलों में राजीव जी की संगोष्ठी एवं अन्य कार्यक्रम युवा कांग्रेस द्वारा किए जा रहे हैं आज राजधानी रायपुर में शहर एवं ग्रामीण जिला अध्यक्षों द्वारा संयुक्त रूप से एक संगोष्ठी रखी गई है इसमें मुझे वक्ता के रूप में बुलाया गया है और मैं आप सभी को बताना चाहूंगा कि इस देश के इतिहास में कोई युवाओं का प्रधानमंत्री हुआ है वह राजीव गांधी है राजीव गांधी प्रधानमंत्री बनने के बाद ही इस देश के युवाओं के लिए अनेकों फैसले लिए उन फैसलों में चाहे संचार क्रांति लाना हो चाहे 21 अट्ठारह वर्ष मतदान की उम्र करना हो चाहे पंचायती राज की व्यवस्था करना हो यह सभी कार्य युवाओं के लिए स्वर्ग की राजीव गांधी जी ने किया है आज युवा कांग्रेस राजीव जी की जयंती पर उन्हें नमन करता है और जो सपना राजीव जी ने इस देश के युवाओं के लिए देखा है उसको हम सभी युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेताओं द्वारा मिलकर पूरा करना है।। इस संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य रूप से योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा राष्ट्रीय सचिव लोकेश वशिष्ठ रायपुर संभाग प्रभारी चकेश्वर गड़पाले रायपुर लोकसभा प्रभारी भूपेंद्र नेगी रायपुर शहर जिला प्रभारी आदिल खैरानी आदि उपस्थित थे।

### प्रदेश स्तरीय एलडीएम कंट्रोल रूम का सीनियर आब्जर्वर प्रीतम सिंह ने किया शुभारंभ

**राजनांदगांव 21 अगस्त।**आज राजधानी रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में एलडीएम की अतिआवश्यक बैठक हुई जिसमें डोंगरगढ़ विधानसभा चुनाव क्षेत्र क्रमांक 74 के प्रभारी राजेश गुप्ता चंपू विशेष रूप से शामिल हुए।राजधानी स्थित राजीव भवन प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक को सिनियर आब्जर्वर माननीय श्री प्रीतम सिंह जी ,माननीय डाक्टर भल्ला प्रसाद जी,अखिल भारतीय कांग्रेस एससी/एसटी विभाग के छत्तीसगढ़ प्रभारी माननीय श्री राहुल बल जी ने संबोधित किया।इस मौके पर डोंगरगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी दिल्ली द्वारा नियुक्त डोंगरगढ़ प्रभारी माननीय श्री राजेश गुप्ता चंपू से गहन -विचार विमर्श कर बिंदुवार जानकारी मांगी गई,श्री गुप्ता जी ने डोंगरगढ़ विधानसभा सीट को लेकर शीर्ष नेतृत्व को वर्तमान परिस्थितियों से अवगत कराया गया।डोंगरगढ़ प्रभारी माननीय श्री राजेश गुप्ता जी के द्वारा डोंगरगढ़ विधानसभा सीट को लेकर कांग्रेस के सीनियर आब्जर्वर माननीय श्री प्रीतम सिंह जी,डाक्टर भल्ला प्रसाद जी एआईसीसी एससी/एसटी विभाग छत्तीसगढ़ प्रभारी माननीय श्री राहुल बल जी संतुष्ट दिखाई दिए तथा उक्त सम्मानित आदरणीय नेताओं ने डोंगरगढ़ विधानसभा चुनाव को हौसला -अफजाई को लेकर डोंगरगढ़ प्रभारी माननीय श्री राजेश गुप्ता चंपू की पीठ थपथपाई और सभी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए क्षेत्र के सभी पंचायतों में युद्ध स्तर बैठक लेने के निर्देश दिए साथ ही लीडरशिप डेव्हलपमेंट मिशन के तहत नये लोगों को जोड़ने कांग्रेस पार्टा के सिद्धांतों-विचारों को मानने वाले समाज प्रमुखों, युवा भाई-बहनों लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के साथ जोड़ने संबंधित आदेश दिए।राजीव भवन रायपुर में आयोजित बैठक में सर्व प्रथम सिनियर आब्जर्वर माननीय श्री प्रीतम सिंह जी,डॉक्टर भल्ला प्रसाद जी का शाल श्री फल भेंटकर एवं माला पहनाकर यादगार अभिनंदन एवं स्वागत किया गया।



# बीएचयू वाराणसी में डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर का लोक कला संस्कृति में संस्कारों का महत्व पर व्याख्यान

**रायपुर 21 अगस्त।** बनारस हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी में वत्सल भारत अंतर्गत पंडित मदन मोहन मालवीय सभागार में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर द्वारा छत्तीसगढ़ की लोक कला संस्कृति में संस्कारों का महत्व विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया जिसमें जन्म उत्सव से लेकर के विवाह एवं अंत्येष्टि तक सभी संस्कारों को गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। व्याख्यान के अंतर्गत पर्व और त्योहार व्यक्तित्व निर्माण के गुण श्रेष्ठ संतान उत्पत्ति के लिए तथा विवाह, अंत्येष्टि दाह संस्कार, जन्म से मृत्यु तक सांस्कृतिक उद्देश्य, नैतिक उद्देश्य, आध्यात्मिक प्रगति, व्यक्तित्व निर्माण, शिक्षा, संस्कृति, दया, करुणा सहिष्णुता,अच्छा फल और व्यक्ति के गुण, समाज, पवित्रता आदि को विशेष रूप से परिभाषित करते हुए लेक्चर एवं गीतों के माध्यम से प्रस्तुत किया। भारत भर से आए अतिथियों ने इसकी भूरी भूरी प्रशंसा की। पूर्व में वरिष्ठ संस्कृति कर्मी डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर द्वारा गुवाहाटी असम में लोकमंथन कार्यक्रम में आदिवासियों का विवाह परंपरा और पर्यावरण विषय पर व्याख्यान एवं नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया गया था। एवं भारत भवन भोपाल में छत्तीसगढ़ के विलुप्त हो रहे लोक वाद्य का संस्कारों में महत्व पर व्याख्यान दिए थे। लोक रंजनी के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक कला संस्कृति को समूचे भारत के विभिन्न राज्यों में लोकमंच द्वारा मनोहरी सांस्कृतिक प्रस्तुति विभिन्न महोत्सव एवं मंचों पर जारी है।




# स्वतंत्रता दिवस पर जगह जगह किया ध्वजारोहण

**राजनांदगांव 21 अगस्त ।** ग्राम धामनसरा में आंगनबाड़ी केंद्र 2 मे मुख्य अतिथि पुनू राम पटेल पूर्व सरपंच अध्यक्षता हिरदे यादव एकता ग्राम संगठन मुख्य अतिथि रोशनी वैष्णव क्षेत्रीय जनपद सदस्य अध्यक्षता मालती निषाद विशेष अतिथि किरती पटेल गंगा पटेल ग्राम पंचायत भवन मुख्य अतिथि लोकेश गंगवीर सरपंच अध्यक्षता कृत लाल पटेल उपसरपंच विशेष अतिथि भागवत दास वैष्णव पंच उच्च माध्यमिक विद्यालय धामनसरा मुख्य अतिथि खेमु राम पटेल अध्यक्षता प्राचार्य अजय मसीह विशेष अतिथि कृष्ण पटेल प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक विद्यालय संयुक्त मुख्य अतिथि रोशनी वैष्णव क्षेत्रीय जनपद अध्यक्षता लोकेश गंगवीर विशेष अतिथि उपसरपंच कृत लाल पटेल सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य अतिथि रोशनी वैष्णव क्षेत्रीय जनपद सदस्य अध्यक्षता लोकेश कुमार गंगवीर सरपंच विशेष अतिथि अजय मसीह प्राचार्य योगेन्द्र दास वैष्णव महामंत्री जिला किसान कांग्रेस चुम्मन निषाद पूर्व उपसरपंच रामचंद्र चंद्राकर धनश पटेल जितेन्द्र पटेल एवन पटेल लाला राम निषाद नारायण वैष्णव अतिथि में शुभारंभ किया गया कक्षा 9 वी प्रथम कु भूमि द्वितीय भावेश कुमार कक्षा 10 वी दीक्षा पटेल द्वितीय उज्जवल निषाद 11 वी कुमारी चंचल दीदी रमेश कुमार कक्षा बारहवीं कु तनु श्री द्वितीय कु हुलेश्वरी प्रतीक चिन्ह प्रदान कर अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया।




### स्कूल में नाबालिक छात्रा से छेड़छाड़ करने वाला गिरफ्तार

**डोंगरगढ़ 21 अगस्त।** नाबालिक बालिका के द्वारा फोन पर बातचीत नही करने से आरोपी द्वारा स्कूल में आकर धमकी व बेईज्जती करने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस से मिले प्रेस नोट में विवरण इस प्रकार से है कि नाबालिक बालिका 20 अगस्त 2023 को 12¬45 बजे अपने माता-पिता के साथ थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि राधिका नगर निवासी अयान कुरैशी पिता हहीम नजीर कुरैशी के साथ इंस्टाग्राम के माध्य से दोस्ती हुई थी। दोनो के मध्य आपस में सामान्य बातचीत होता था । माता पिता के द्वारा मना करने पर बातचीत करना बंद कर दिया था। दिनांक 15/08/2023 को आयन कुरैशी के द्वारा बेईज्जती करने की नियत से स्कूल में आकर मेरे साथ मोबाईल फोन पर बातचीत क्यो नही करते हो कहकर हाथ बहां पकडकर बेईज्जत कर रहा था व पीड़िता के चीखने चिल्लाने व मना करने पर डर के कारण स्कूल परिसर से निकल कर भाग गया। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 508/23 धारा 354,354 (क)506 भादवि 08 पाक्सो एक्ट पंजीबध्द कर विवेचना में लिया। उक्त घटना की जानकारी पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ प्रभात पटेल को दी गई वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशानुसार, थाना प्रभारी निरीक्षक रामअवतार ध्रुव के नेतृत्व में एक पुलिस टीम तैयार कर तत्काल आरोपी की पता तलाश में जूट गयी। आरोपी को पुलिस पेट्रोलिंग की मदद से घेराबंदी कर थाना लाये। आरोपी अयान कुरैशी पिता हहीम नजीर कुरैशी निवासी राधिका नगर डोंगरगढ़ को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर ज्यूडिसियल रिमांड पर भेजा।



# रायपुर उत्तर विधानसभा से पंकज मिश्रा ने की दावेदारी

**रायपुर 21 अगस्त।** रायपुर उत्तर विधानसभा के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य,प्रतिनिधि प्रदेश कांग्रेस कमेटी युवा नेता पंकज मिश्रा ने आज अपना आवेदन ब्लॉक अध्यक्ष के सामने प्रस्तुत किया है प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार विधानसभा चुनाव लड़ने वाले दावेदारों को ब्लॉक अध्यक्ष के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत करना है। इसी कड़ी में आज पंकज मिश्रा ने अपने सैकड़ो साथियों के साथ अपना आवेदन जमा किया।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरुण जंघेल को उन्होंने अपना आवेदन दिया और कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं को बूथ स्तर तक जन जन को पहुंचाने का काम किया जा रहा है प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में हम पुनः सरकार बनाएंगे। मुख्य रूप से बिज्जू बंजारे,अमर कुर्रे,गोपी जाल,संजू राव,वोकेश देवांगन,दुर्गेश सारथी,पंकज त्रिपाठी,संजू ठाकुर,गौतम साहू,बिज्जू बघेल,सत्तर चौहान,मो तहसीन,नरेश नवानी,सन्नी खटवानी ,विकास जुसेजा, लोकेश वर्मा, योगेश तिवारी,पंकज ठाकुर,सैफ़ शाह,शाहिद कुरैशी,मनीष दास,रोमी वोहरा,विजय जादव,हर्षद पटेल,संकल्प मिश्रा,बॉबी सोनकर,जितेंद्र यादव, हेमंत पटेल,सचिन पांडेय,मनीष तिवारी,संतोष राव,सिमलू राव,सुमित खंडेलवाल,सुमित डागा,कृष्णा कश्यप,सुमित वर्मा,आकाश सोनी प्रकाश कुर्रे आदि सैकडो साथी उपस्थित थे।



### संचार क्रांति के जनक व युवाओं के प्रेरणास्त्रोत थे राजीव गांधीः कुलबीर

**राजनांदगांव 21 अगस्त।** ''देश नहीं बनता है मिट्टी, गिट्टी मकानों से, मां का मस्तक उंचा होता है ऐसे वीर जवानों से''21वीं सदी के आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा, दूरसंचार, सूचना एवं कम्प्यूटर क्रांति, पंचायती राज के जनक, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी का रविवार 20 अगस्त को 79वां जन्मदिवस पर 'सद्भावना दिवस' पर उनके जीवन पर संगोष्ठी सभा एवं विचार गोष्ठी व सेमीनार आयोजन अंतव्यवसायी वित्त विकास निगम के अध्यक्ष व केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त धनेश पाटिला के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। संगोष्ठी सभा का संचालन करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री कुलबीर सिंह छाबड़ा के निर्देशन पर कांग्रेस भवन में संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया। संगोष्ठी सभा को प्रदेश कांग्रेस महामंत्री शाहिद भाई, महापौर हेमा देशमुख, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश डाकलिया, रमेश राठौर, कुतबुद्दीन सोलंकी, कांग्रेस दुर्ग संभाग प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, ग्रामीण कांग्रेस महामंत्री पंकज बांधव, दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, झम्मन देवांगन, मोहिनी सिन्हा, सेवादल अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, योगेन्द्र प्रताप सिंह, बबलू कसार, मामराज अग्रवाल, शैलेश ठावरे ने संबोधित किया। अंतव्यवसायी वित्त विकास निगम के अध्यक्ष व केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त धनेश पाटिला ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी जी को नमन करते हुए कहा कि स्व. राजीव गांधी जी ने देश के लिए जो कार्य किया है उसे भुलाया नहीं जा सकता चाहे वह दूरसंचार, सूचना क्रांति, शिक्षा के क्षेत्र में जो कार्य किया वह उल्लेखनीय है यहां तक 18 वर्ष के युवाओं को मतदान का हक दिलाया है ताकि देश के विकास में युवाओं का ज्यादा से ज्यादा योगदान हो, वहीं पंचायती राज के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अहम योगदान दिया।



# बदहाल सड़क के चलते मक्का से भरा ट्रक तालाब में पलटा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 21 अगस्त।** 20 अगस्त को छोटी बम्लेश्वरी मंदीर से कॉलेज जाने वाली बदहाल सड़क के किनारे स्थित तालाब पर शाम लगभग 4 बजे मक्के से भरा ट्रक पलट गया. ट्रक के ड्राइवर ने बताया कि ट्रक गुजरात से छिंदवाड़ा माता के मंदिर निर्माण का पत्थर खाली कर छिंदवाड़ा से मक्का भरकर राजनांदगांव के एबीस कंपनी खाली होने जा रही थी। धर्म नगरी डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी मन्दिर के नाम पर विश्व प्रसिद्ध है और यहां दूर दूर से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है यह रोड महाराष्ट्र से आने वाले दर्शनार्थियों का मुख्य रोड हैं । यह रोड़ शुरू से ही विवादित रहा है इस रोड़ को लेकर 9 अगस्त को युवा मोर्चा के नेतृत्व में भाजपाइयों के द्वारा आक्रोश रैली निकाल धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन के माध्यम से से शासन प्रशासन को अवगत कराते जनहित में पुनः सड़क निर्माण कराने की मांग की थी परंतु आज तक यह रोड नही बना शायद शासन प्रशासन बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रही है और 20 अगस्त को लगभग शाम 4 बजे अहमदाबाद की ट्रक क्रमांक छ्ह्ल 01 र्ष्ठ 9616 जो की मक्का से भरी हुई थी सिंगल जर्जर रोड होने की वजह से दूसरी गाड़ी को रास्ता देने के लिए ट्रक साइड होते ही ट्रक तालाब के किनारे की सड़क धँसकने से ट्रक तालाब में जा पलटी हालाँकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है पर मक्का के पानी में जाने से मालहानि हुई है। स्थानीय लोगों की बात कहे तो उनका कहना हैं की यह कोई नई बात नहीं है इससे पहले भी कई बार ऐसा हादसा हो चुका। हम स्थानीय लोग कई बार विधायक व नगर पालिका अध्यक्ष अवगत करा चुके हैं लेकिन इस विषय में आज तक गंभीरता नही लिया गया ऐसे में हम किसके पास जा कर अपनी समस्या को बताए जिससे यह प्रतीत होता है कि ये निष्क्रिय हो चुके है. यह रोड में काफ़ी लोड़ गाडियां चलती है रोड की स्थिति को देखने से ही समझ आ जाता हैं की यह रोड कई सालों से नही बना हैं।भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि 9 अगस्त को भाजयुमो के द्वारा बदहाल सड़क के पुनः निर्माण की मांग करते हुए चिचोला नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरना प्रदर्शन व चक्काजाम कर दिया गया था और नीचे मंदीर से कॉलेज रोड तक का पुनः सड़क निर्माण के आश्वासन के बाद प्रदर्शन बंद था। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि बदहाल सड़क का पुनः निर्माण छोड़ गड्ढो में मोटी गिट्टी डाल कर छोड़ दिया गया है जिससे मोटर साइकिल चालकों की दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। माता के मंदीर दर्शन का लाभ लेने रोजाना हजारो श्रद्धालु पहुँचते हैं और अंडरब्रिज की वजह से कई बड़ी गाड़ियों का आना जाना लगा रहता है इसलिए इस सड़क का निर्माण जरूरी है हमने शासन प्रशासन को इस बारे में ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया था परंतु सड़क पर गिट्टी डाल छोड़ देने से काम नहीं चलेगा। अगर पुनः सड़क निर्माण नहीं किया जाता है तो फिर से जनहित के कार्य के लिए उग्र आंदोलन किया जा सकता है । सालों से इस रोड को लेकर प्रदर्शन करते आ रहे हैं लेकिन प्रशासन अभी तक इस रोड़ का निर्माण नही कराया है जब भी हम लोग प्रदर्शन किए हैं तब तब रोड के गढ्ढों को मिट्टी से भर कर पिचिंग कर देते हैं प्रशासन शायद जान हानि का इंतजार कर रही है।



## संपादकीय

# फ्री की राजनीति में होड़ तो होगी

राजनीति दलों का परम लक्ष्य चुनाव जीतना होता है। जब उन्हें पता चल जाता है कि इस तरह चुनाव आसानी से जीता जा सकता है तो सारे राजनीतिक दलों के बीच एक होड़ शुरू हो जाती है।पिछले एक दो दशक में देश व राज्यों के लिए चुनाव जीतने का तरीका बदला है। पहले दलों को लगता था कि वह जनहित व राज्यहित के काम करने का वादा करके चुनाव जीत सकते थे तो पहले जनता की सुविधा, राज्य के विकास का वादा करके राजनीतिक दल चुनाव जीतते थे। पहले ज्यादातर राज्यों के चुनाव राष्ट्रीय दल ही जीतते थे। कांग्रेस के कमजोर होने के बाद भाजपा व क्षेत्रीय दल राज्यों के चुनाव जीत रहे हैं। सबसे पुरानी राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस राष्ट्रीय दल होने के बाद राज्यों के चुनाव जीतने के लिए क्षेत्रीय दलों की तरह आचरण करती दिखती है। क्षेत्रीय दलों को एक राज्य व एक राज्य के लोगों के विषय में सोचना होता है इसलिए देश के नफे-नुकसान के विषय में सोचते नहीं है, वह सोचते हैं कि उन्हें तो एक राज्य ही जीतना है, एक राज्य का चुनाव कैसे जीता जा सकता है। इसका आसान तरीका राज्य के दलों ने यह निकाला है कि राज्य की जनता को सहायता के नाम पर योजनाओं के जरिए पैसा दिया जाए। चुनाव आते ही राजनीतिक दलों के नेता अब चुनावी वादों की जगह पांच से दस गारंटी देते हैं। हाल ही में हुए कर्नाटक चुनाव कांग्रेस ने पांच गारंटी के नाम पर जीता है। इसकी शुरुआत दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली से की थी। दिल्ली दो तीन बार जीतने के बाद जनता को गारंटी देकर वह पंजाब का चुनाव भी जीत चुके हैं। दोनों जगह आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस व भाजपा को हराया है। अब आप ने छत्तीसगढ़ चुनाव जीतने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अपने गत छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान कार्यकर्ता सम्मेलन में दस गारंटी की घोषणा की। उनमें से नौ गांरटी का तो घोषणा तो कर दी और दसवीं गारंटी की घोषणा अपने अगले छत्तीसगढ़ प्रवास मे ंकरने का वादा किया है। उनकी सारी की सारी गारंटी फ्री वाली हैं जैसे 300 यूनिट बिजली फ्री, शिक्षा फ्री, इलाज फ्री, महिलाओं को हर माह एक हजार रुपए,बेरोजगारों को नौकरी लगते तक तीन हजार रुपए महीना,बुजुर्गो को तीर्थ यात्रा फ्री,पुलिस व सेना के जवान शहीद होने पर एक करोड रुपए, भ्रष्टाचार मुक्त छत्तीसढ़,सभी को पक्की नौकरी की गारंटी दी है, राज्य के लोगों को किसी काम के लिए सरकारी दफ्तर नहीं जाना पड़ेगा। यह सब गारंटी केजरीवाल ने दी है। वह भी कांग्रेस से सत्ता छीनने के लिए। भूपेश बघेल ने भाजपा से सत्ता इसी तरह के वादों के जरिए छीनी थी। भूपेश बघेल ने कर्जमाफी,धान 2500 रुपए क्विंटल, चार सौ यनिट तक बिजली हाफ आदि का वादा करके रमन सिंह से सत्ता छीनी थी। सत्ता में आने के बाद उन्होंने न्याय योजना सहित कई योजनाओं के जरिए लोगों को पैसा देने का सिलसिला सत्ता पर बने रहने के लिए ही किया है। सीधी सी बात है कि अब जिस दल को भूपेश बघेल से सत्ता छीननी है तो उसे भूपेश बघेल से ज्यादा पैसा जनता का वादा करना होगा। भाजपा ने अभी तो ऐसा कुछ नहीं किया है लेकिन अरविंद केजरीवाल ऐसा कर सकते थे और उन्होंने ऐसा कर दिया है। वह ऐसा कर सकते थे, क्योंकि वह दिल्ली व पंजाब में ऐसा कर चुके हैं। फ्री की राजनीति किसी राज्य में शुरू होती है तो देर सबेर वह सभी राज्यों में शुरू होती ही है। क्योंकि एक दल फ्री की राजनीति कर चुनाव जीत जाता है तो बाकी दलों को भी लगता है कि यह चुनाव जीत सकता है तो हम भी चुनाव जीत सकते हैं। ज्याद कुछ नहीं करना है, पैसे जनता को ज्यादा देने हैं। कोई चार सौ यूनिट बिजली हाफ में दे रहा है तो चुनाव जीतने के लिए दूसरा दल तीन सौ यूनिट बिजली फ्री देने का वादा करेगा।सभी दल चुनाव जीतना चाहते हैं, इसलिए फ्री की होड़ तो स्वाभाविक है।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज का दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लाने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे। आपके काम से दूसरे लोगों को प्रेरणा मिलेगी, लोग आपका सम्मान करेंगे। ऑटोमोबाइल का कारोबार कर रहे लोगों की सेल में इजाफा होगा। स्पोर्ट्स से जुड़े लोगों को अपना अभ्यास जारी रखना चाहिए। बायोकैमिकल इंजिनीअरिंग कर रहे छात्र अपने सीनियर्स की मदद से स्टडी में कुछ नया सीखेंगे।

वृष राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज घर पर कोई धार्मिक कार्यक्रम कराने का मन बनाएंगे, जिससे परिवार में खुशियों का माहौल बना रहेगा। आज आपको कोई भागदौड़ वाला काम करना पड़ सकता हैं। आपके अच्छे व्यवहार के कारण आपके कुछ नए दोस्त बन सकते हैं। बैंकिंग परिक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है।

मिथुन राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज किसी दोस्त की मदद करने से आपका मन खुश रहेगा, आपकी दोस्ती में मिठास बढ़ेगी। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन मिला-जुला रहेगा, अपनी पढाई में व्यस्त रहेंगे। ज्वेलरी का कारोबार कर रहे लोगों का काम अच्छा चलेगा, बैंक बैलेंस मजबूत होगा। आपका अच्छा स्वास्थ्य.. स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से लड़ने में मदद करेगा।

कर्क राशि- आज का दिन जीवन में नई उमंग भर देगा। ऑफिस में आज आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में सहकर्मियों की सहायता प्राप्त होगी। आज आपको संतान सुख मिलने के योग बने हुए है। पिता का आशिर्वाद आप पर बना रहेगा । अपनी काबिलियत के बल पर आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपने आप पर भरोसा रखें। बेकरी का काम कर रहे लोगों को आज अच्छा मुनाफा होगा। आज अपनों के प्रति आपका प्रेम बढ़ेगा। समाज सेवा से जुड़े लोग आज किसी सामाजिक कार्य के लिए फण्ड एकत्रित कर सकते हैं।

सिंह राशि- आज आप का दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। किसी काम को आप आसानी से पूरा कर लेंगे जिससे आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है, आप पढाई व काम में अपना समय बिताएंगे। व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा होगा। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत रहेगा। आज किसी पार्टी में जाने का योग बन रहा है, जहां पर किसी राजनीतिक व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है।

कन्या राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। लवमेट्स एक दूसरे की भावनओ को समझेंगे, कहीं बाहर घूमने का प्लान बनाएंगे। आज आप घर के बड़ो से कोई नई बात सीखेंगे और जिंदगी में अमल करेंगे। आज सोचा हुआ काम समय से पूरा होगा। आज आपको किसी सिंगर्स का कोई गाना काफी पसंद आएगा। आज निवेश करने से पहले किसी अनुभवी की राय जरूर ले लें। महिलाएं आज घर के काम में बिजी रहेगी। पिछले कई दिनों से रुके कार्य को पूरा करने का आज सही समय है।

तुला राशि- आज आप अपने दिन की शुरुआत शांत मन से करेंगे। फालतू विवाद भी सामने आ सकते हैं, इससे बच कर रहेगे तो आप अपना कीमती समय किसी काम में लगाने में सफल होगा। परिवार के लोग आपके व्यवहार से खुश होंगे, आपकी तारीफ होगी। आज आपके जरूरी कामों में जीवनसाथी का योगदान कारगर साबित होगा। आज कर्यस्थल पर काम अधिक होने के कारण मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी। बिजनेस कर रहे लोग आज अपना बिजनेस आगे बढ़ाने की सोचेंगे।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज धार्मिक कार्यो में आपकी रूचि बढ़ेगी। दांपत्य जीवन में चल रही अनबन आज समाप्त होगी, जीवनसाथी के साथ रिश्ते की नयी शुरुआत करेंगे। आज आप पुरानी यादों में खोये रहेंगे। मेडिकल के क्षेत्र से जुड़े लोगों की सैलरी में इन्क्रीमेंट होगा। कई दिनों के ऑफिस के रुके कार्यो को समय से पूरा कर लेंगे।

धनु राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर्स को किसी डील से अच्छा मुनाफा होगा। आज आपको दूसरों से सोंच समझ कर बात करने की जरूरत है। जीवनसाथी आपकी बात को अहमियत देंगे इससे आपको खुशी होगी। छात्र आज कोई नया कोर्स ज्वाइन करने का मन बनायेंगे। आज अपने पिता की सेहत पर ध्यान देने की जरुरत है। आज आप फिजूल खर्चो को बंद करके अपने बैंक बैलेंस को मजबूत करने का प्लान बनाएंगे।

मकर राशि- आज आपका दिन अच्छा रहने वाला हैं। आज आपको जरूरत से ज्यादा सोचने से बचना चाहिए। आज आपका सोशल नेटवर्क मजबूत बनेगा। व्यापार में आपकी मुलाकात तजुर्बेदार लोगों से होगी, उनसे व्यापार से जुड़ी जानकारी मिलेगी। आज आप बच्चों के किसी निर्णय में उनका पूरा सपोर्ट करेंगी। पारिवारिक रिश्ते में हो रही गलतफहमियां आज दूर होंगी, आपके रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। विद्यार्थी आज स्कूल ट्रिप पे कही बाहर जा सकते हैं।

कुंभ राशि- आज आपका दिन मस्त रहने वाला है। आज नए बिजनेस को शुरू करने के लिए उत्सुक रहेंगे। आज आप अपने घर को रेनोवेट करवाने का मन बना सकते हैं और इसी विषय पर घर के सदस्यों से बात-चीत करेंगे। आज आप किसी मीटिंग में शामिल होंगे, मीटिंग में आप अपनी बात को रखेंगे तो आपकी बात को प्राथमिकता भी मिलेगी। आज कही बाहर घूमने जाने का मन बना सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोग आज नए लोगों से मुलाकात करेंगे।

मीन राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज छात्र किसी टॉपिक को शिक्षकों से बार-बार पूछेंगे। कार्यक्षेत्र में बड़ों की सलाह आपको फायदा कराएगी। अगर आज आपने बचत संबंधी योजनाओं पर पूरा ध्यान लगाया तो आप भविष्य के लिए कुछ धन संचय करने में कामयाब होंगे। किसी मामले को शांति से सुलझाने की कोशिश करे। स्टील का कारोबार कर रहे लोगों के किसी प्रोडक्ट की ज्यादा डिमांड बढ़ेगी। दोस्तो से आपका तालमेल बना रहेगा। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज की शाम बड़े-बुजुर्गों के साथ बिताएंगे आपको बचपन की याद आ जाएगी।

# नागपंचमी ( श्रावण पंचमी ) के दिन भगवान शिव की पूजा के बाद करे नागदेवता की पूजन

**नागपंचमी**

**पंडित मालूराम शर्मा**



तिल्दा नेवरा श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को नागपंचमी का पर्व मनाया जाता है। इस पर्व पर प्रमुख नाग मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है और भक्त नागदेवता के दर्शन व पूजा करते हैं। सिर्फ मंदिरों में ही नहीं बल्कि घर-घर में इस दिन नागदेवता की पूजा करने का विधान है। ऐसी मान्यता है कि जो भी इस दिन श्रद्धा व भक्ति से नागदेवता का पूजन करता है उसे व उसके परिवार को कभी भी सर्प भय नहीं होता। इस बार यह पर्व 21 अगस्त सोमवार को है। इस दिन नागदेवता की पूजा किस प्रकार करें, इसकी विधि एवं मुहूर्त इस प्रकार है। नागपंचमी पर सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि करने के बाद सबसे पहले भगवान शंकर का ध्यान करें नागों की पूजा शिव के अंश के रूप में और शिव के आभूषण के रूप में ही की जाती है। क्योंकि नागों का कोई अपना अस्तित्व नहीं है। अगर वो शिव के गले में नहीं होते तो उनका क्या होता। इसलिए पहले भगवान शिव का पूजन करेंगे। शिव का अभिषेक करें, उन्हें बेलपत्र और जल चढ़ाएं। इसके बाद शिवजी के गले में विराजमान नागों की पूजा करे। नागों को हल्दी, रोली, चावल और फूल अर्पित करें। इसके बाद चने, खील बताशे और जरा सा कच्चा दूध प्रतिकात्मक रूप से अर्पित करेंगे। घर के मुख्य द्वार पर गोबर, गेरू या मिट्टी से सर्प की आकृति बनाएं और इसकी पूजा करें। घर के मुख्य द्वार पर सर्प की आकृति बनाने से जहां आर्थिक लाभ होता है, वहीं घर पर आने वाली विपत्तियां भी टल जाती हैं। इसके बाद ऊं कुरु कुल्ले फट् स्वाहा का जाप करते हुए घर में जल छिड़कें। अगर आप नागपंचमी के दिन आप सामान्य रूप से भी इस मंत्र का उच्चारण करते हैं तो आपको नागों का तो आर्शीवाद मिलेगा ही साथ ही आपको भगवान शंकर का भी आशीष मिलेगा बिना शिव जी की पूजा के कभी भी नागों की पूजा ना करें। क्योंकि शिव की पूजा करके नागों की पूजा करेंगे तो वो कभी अनियंत्रित नहीं होंगे नागों की स्वतंत्र पूजा ना करें, उनकी पूजा शिव जी के आभूषण के रूप में ही करें। नाग-नागिन के जोड़े की प्रतिमा (सोने, चांदी या तांबे से निर्मित) इसके बाद पूजा व उपवास का संकल्प लें। नाग-नागिन के जोड़े की प्रतिमा को दूध से स्नान करवाएं। इसके बाद शुद्ध जल से स्नान कराकर गंध, फूल, धूप, दीप से पूजा करें व सफेद मिठाई का भोग लगाएं। यह प्रार्थना करें। नागदेवता की आरती करें और प्रसाद बांट दें। इस प्रकार पूजा करने से नागदेवता प्रसन्न होते हैं और हर मनोकामना पूरी करते हैं।

महाभारत आदि ग्रंथों में नागों की उत्पत्ति के बारे में बताया गया है। इनमें शेषनाग, वासुकि, तक्षक आदि प्रमुख हैं। नागपंचमी के अवसर पर हम आपको ग्रंथों में वर्णित प्रमुख नागों के बारे में बता रहे हैं। धर्म ग्रंथों के अनुसार, तक्षक पातालवासी



आठ नागों में से एक है। तक्षक के संदर्भ में महाभारत में वर्णन मिलता है। उसके अनुसार, श्रृंगी ऋषि के शाप के कारण तक्षक ने राजा परीक्षित को डसा था, जिससे उनकी मृत्यु हो गयी थी। तक्षक से बदला लेने के उद्देश्य से राजा परीक्षित के पुत्र जनमेजय ने सर्प यज्ञ किया था। इस यज्ञ में अनेक सर्प आ-आकर गिरने लगे। यह देखकर तक्षक देवराज इंद्र की शरण में गया। जैसे ही ऋत्विजों (यज्ञ करने वाले ब्राह्मण) ने तक्षक का नाम लेकर यज्ञ में आहुति डाली, तक्षक देवलोक से यज्ञ कुंड में गिरने लगा। तभी आस्तिक ऋषि ने अपने मंत्रों से उन्हें आकाश में ही स्थिर कर दिया। उसी समय आस्तिक मुनि के कहने पर जनमेजय ने सर्प यज्ञ रोक दिया और तक्षक के प्राण बच गए। पंडित शर्मा ने कहा की युवा पीढ़ी को हिंदू ग्रंथो का अध्यन करना जरूरी है कर्कोटक शिव के एक गण हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, सर्पों की मां कद्रू ने जब नागों को सर्प यज्ञ में भस्म होने का श्राप दिया तब भयभीत होकर कंबल नाग ब्रह्माजी के लोक में, शंखचूड़ मणिपुर राज्य में, कालिया नाग यमुना में, धृतराष्ट्र नाग प्रयाग में, एलापत्र ब्रह्मलोक में और अन्य कुरुक्षेत्र में तप करने चले गए। ब्रह्माजी के कहने पर कर्कोटक नाग ने महाकाल वन में महामाया के सामने स्थित लिंग की स्तुति की। शिव ने प्रसन्न होकर कहा- जो नाग धर्म का आचरण करते हैं, उनका विनाश नहीं होगा। इसके बाद कर्कोटक नाग उसी शिवलिंग में प्रवेश कर गया। तब से उस लिंग को कर्कोटेश्वर कहते हैं। मान्यता है कि जो लोग पंचमी, चतुर्दशी और रविवार के दिन कर्कोटेश्वर शिवलिंग की पूजा करते हैं उन्हें सर्प पीड़ा नहीं होती। पंडित मालूराम शर्मा ने बताया की श्रीमद्भागवत के अनुसार, कालिया नाग यमुना नदी में अपनी पत्नियों के साथ निवास करता था। उसके जहर से यमुना नदी का पानी भी जहरीला हो गया था। श्रीकृष्ण ने जब यह देखा तो वे लीलावश यमुना नदी में कूद गए। यहां कालिया नाग व भगवान श्रीकृष्ण के बीच भयंकर युद्ध हुआ। अंत में श्रीकृष्ण ने कालिया नाग को पराजित कर दिया। तब कालिया नाग की पत्नियों ने श्रीकृष्ण से कालिया नाग को छोडने के लिए प्रार्थना की। तब श्रीकृष्ण ने उनसे कहा कि तुम सब यमुना नदी को छोड़कर कहीं और निवास करो। श्रीकृष्ण के कहने पर कालिया नाग परिवार सहित यमुना नदी छोड़कर कहीं और चला गया। इनके अलावा कंबल, शंखपाल, पद्म व महापद्म आदि नाग भी धर्म ग्रंथों में पूज्यनीय बताए गए हैं। नागपंचमी पर नागों की पूजा कर आध्यात्मिक शक्ति और धन मिलता है। लेकिन पूजा के दौरान कुछ बातों का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। हिंदू परंपरा में नागों की पूजा कएक्स की जाती है और ज्योतिष में नाग पंचमी का क्या महत्व है। इसका विवरण देते हुए पंडित मालूराम शर्मा ने बताया की अगर कुंडली में राहु-केतु की स्थिति ठीक ना हो तो इस दिन विशेष पूजा का लाभ पाया जा सकता है। जिनकी कुंडली में विषकन्या या अश्वगंधा योग हो, ऐसे लोगों को भी इस दिन पूजा-उपासना करनी चाहिए. जिनको सांप के सपने आते हों या सर्प से डर लगता हो तो ऐसे लोगों को इस दिन नागों की पूजा विशेष रूप से करना चाहिए। जो लोग भी नागों की कृपा पाना चाहते हैं उन्हें नागपंचमी के दिन ना तो भूमि खोदनी चाहिए और ना ही साग काटना चाहिए.। . उपवास करने वाला मनुष्य सांयकाल को भूमि की खुदाई कभी न करे। . नागपंचमी के दिन धरती पर हल न चलाएं। देश के कई भागों में तो इस दिन सुई धागे से किसी तरह की सिलाई आदि भी नहीं की जाती। . न ही आग पर तवा और लोहे की कड़ाही आदि में भोजन पकाया जाता है।. किसान लोग अपनी नई फसल का तब तक प्रयोग नहीं करते जब तक वह नए अनाज से बाबे को रोट न चढ़ाएं। राहु-केतु से परेशान हों तो क्या करेएक बड़ी सी रस्सी में सात गाठें लगाकर प्रतिकात्मक रूप से उसे सर्प बना लें इसे एक आसन पर स्थापित करें। अब इस पर कच्चा दूध, बताशा और फूल अर्पित करें। साथ ही गुग्गल की धूप भी जलाएं. इसके पहले राहु के मंत्र ऊं रां राहवे नमः का जाप करना है और फिर केतु के मंत्र ऊं कें केतवे नमः का जाप करें। जितनी बार राहु का मंत्र जपेंगे उतनी ही बार केतु का मंत्र भी जपना है। मंत्र का जाप करने के बाद भगवान शिव का स्मरण करते हुए एक-एक करके रस्सी की गांठ खोलते जाएं. फिर रस्सी को बहते हुए जल में प्रवाहित कर दें. राहु और केतु से संबंधित जीवन में कोई समस्या है तो वह समस्या दूर हो जाएगी। सांप से डर लगता है या सपने आते हैं। अगर आपको सर्प से डर लगता है या सांप के सपने आते हैं तो चांदी के दो सर्प बनवाएं साथ में एक स्वास्तिक भी बनवाएं।

अगर चांदी का नहीं बनवा सकते तो जस्ते का बनवा लीजिए। अब थाल में रखकर इन दोनों सांपों की पूजा कीजिए और एक दूसरे थाल में स्वास्तिक को रखकर उसकी अलग पूजा कीजिए। नागों को कच्चा दूध जरा-जरा सा दीजिए और स्वास्तिक पर एक बेलपत्र अर्पित करें. फिर दोनों थाल को सामने रखकर ऊं नागेंद्रहाराय नमः का जाप करें। इसके बाद नागों को ले जाकर शिवलिंग पर अर्पित करें और स्वास्तिक को गले में धारण करें। ऐसा करने के बाद आपके सांपों का डर दूर हो जाएगा और सपने में सांप आना बंद हो जाएंगे

# भुखमरी नियंत्रण में मददगार सर्प

**नागपंचमी**

**विजय मिश्रा 'अमित'**



सृष्टि के सभी प्राणी एक दूसरे पर आश्रित है। इसमें मानव- सर्प संबंध भी शामिल है।ऐसे में किसी एक प्राणी का लुप्त होना शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता।सर्पो के लिए भी यह अक्षरशः लागु होती है। इसीलिए सर्प रक्षा को धर्म -संस्कृति से जोड़कर नागपंचमी पर्व मनाने की परम्परा भारत में प्रचलित है।प्रत्येक वर्ष श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को नाग पंचमी मनाया जाता है। प्रकृति संग प्राणियों से सम्बद्ध यह पर्व मानव समुदाय को इनके भक्षक नहीं संरक्षक बनने का संदेश देता है। नाग देवता विष्णु जी के शय्या हैं तथा भगवान शिव के कंठ में विराजमान होते हैं।

**सर्प शत्रु नहीं मानव मित्र**-कृषि वैज्ञानिकों का अभिमत है कि अनाज एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सर्पो का बड़ा योगदान होता है। खेतों, फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले चूहे सहित अन्य अनाज के दुश्मन कीड़े-मकोड़ों को खाकर सर्प फसलों की रक्षा करते है।इन अर्थो में अप्रत्यक्ष रूप से वे अन्नदाता भी हैं। विश्व स्तरीय सर्वेक्षण में यह उजागर हुआ है कि दुनिया के पांच प्रतिशत तथा भारत में उत्पादित अनाज का लगभग बीस प्रतिशत हिस्सा चूहे एवं अन्य जीव चट कर जाते हैं,बर्बाद कर देते हैं।इतनी अधिक मात्रा में बर्बाद हो रहे खाद्य पदार्थो को बचाकर दस करोड़ से अधिक जन-समुदाय को भूखमरी से बचाया जा सकता है।



**बारिश में बेघर हो जाते हैं सांप**- स्वभाव से सर्प एकांतप्रिय होते हैं। चौमास अर्थात वर्षाकाल में इनकी सक्रियता गांव शहरों में अत्यधिक बढ़ जाती है,चूंकि सर्पो के प्राकृतिक आवासों जैसे बिल,पेड़ों के खोह में बरसाती पानी भर जाते हैं।ऐसी प्रतिकूल परिस्थिति में सर्प वहां रह नहीं पाते और बेघर होकर सूखे स्थान की तलाश में बाहर निकलते हैं।इसीलिए सर्प दंश की घटनाएं वर्षा काल में बढ़ जाती है। प्राणी वैज्ञानिकों की गणनानुसार भारत में लगभग एक सौ चालीस प्रजातियों के सर्प पाए जाते हैं।जिनमें से ज्यादातर जहरीले नहीं होते,अतः देखते ही उनको मार डालने की कुप्रवृत्ति मानव समुदाय के लिए भी घातक सिद्ध हो रही है। जीव वैज्ञानिकों की राय में सर्प समुदाय मानव जाति के शत्रु नहीं मित्र सदृष्य हैं।वे अनायास किसी इंसान के सामने आ जाने पर अथवा बेवजह छेड़-छाड़ करने पर हमला से बचाव के लिए ही काटते हैं। सर्पो को पूजने की परम्परा विदेशों में भी है।

**सर्पों की खाल बनी काल**- सर्पो की खाल से बेशकीमती बैग, बेल्ट,पर्स,सेंडिल तथा उनके विष से बहुमूल्य जीवन रक्षक औषधियां निर्मित की जाती है।इसीलिए इनके विष और खाल का बड़ा वैश्विक बाजार है।दक्षिण भारत के तंजौर में यह धंधा बड़े पैमाने पर होता रहा है। सर्पो के अस्तित्व को मिटाने के लिए ऐसे धंधे बाज खतरे का बादल बनकर उन पर मंडराते रहते हैं।ऐसे धंधे को अपराध की श्रेणी में रखा गया है। इसे रोकने के लिए वर्ष 1974 में कड़े कानून बनाए गए हैं। सर्पो की वास्तविक उपादेयता से अनभिज्ञ अथवा जान बूझकर कानून को नजर अंदाज करते हुए आस्तीन के सांप बने कुछ लोग चंद रूपयों के लालच में बेरहमी से सर्पो की हत्या करते है।

ऐसे आस्तीन के सांपों को स्मरण रखना चाहिए कि वे अपने साथ साथ आने वाली पीढ़ी के पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहे हैं।अनेक दृष्टि से यह सृष्टि के लिए हानिकारक सिद्ध हो रहा है।अतः सर्पो के साथ हो रहे अत्याचार को रोकने का संकल्प लेना नागपंचमी पर्व को सार्थक करेगा।

**कान नहीं त्वचा से सुनते हैं सर्प**- सर्पो के तन पर श्रवणेन्द्रिय (कान )निर्मित नहीं होते।सर्पो के कान का काम उनकी त्वचा (चमड़ी )करती है।त्वचा के द्वारा ही सर्पो को ध्वनि-कंपन का आभास होता है।बीन की आवाज पर सांप नाचते हैं यह सोचना एक मिथक है।दरअसल वे बीन को सामने देखकर आक्रमण की मुद्रा में खड़े हो जाते हैं और उसके साथ हिलते डुलते हैं।सांप दूध भी नहीं पीते हैं,अतः नागपंचमी के दिन सपेरों के चक्कर में न आएं। इतना जानने के उपरांत सांपों के लिए आस्तीन का सांप बनने के बजाय सदैव स्मरण रखें सांपो की दुनिया की सुरक्षा मानव समुदाय की सुरक्षा है।

# अरे ओ सांभा!

**व्यंग्य**

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**



कुर्सी संभालते ही गब्बर ने सांभा को हफ्ता वसूली मंत्री बना दिया। साम्भा पहाड़ी पर बैठे-बैठे चीलें गिना करता था, नहीं जानता था कि एक दिन उड़ के लग जाएगी। कुरता-जेकेट पहन कर अभी लौटा ही था कि सरदार ने पूछा - अरे ओ साम्भा, विपक्ष में कितने बचे हैं कुल मिला के? यही कुछ उंगली पर गिनने भर के हैं सरदार। साम्भा ने आदत के अनुसार संक्षिप्त जवाब दिया। उंगली पर गिनने भर के !! यह भी क्यों बचे हैं?! क्या इन्हें मेरे नाम से डराया नहीं सुना है पप्पु के आदमी हैं। कोई रोसगुल्ला टाइप बोलती है तो कोई बिहारी टाइप बोलता है।

हूँ ... अब इनकी खैर नहीं। सबको डराकर अपने पाले में मिलाऊँगा... अरे ओ ईडिया, सीबिया, आइटिया कहाँ मर गये?

तीनों दौड़ते हुए आए, - हुकुम सरदार ... हमने आपके तलवे चाटे हैं सरदार।

इसी वक्त ममतागढ़ और नीतीशगढ़ जाओ और चौक से चिल्ला कर सबको बता कि अब जो गब्बर-गान करेगा उसी को स्पेशल पैकेज मिलेगा। वहाँ जब भी वाशिंग मशीन में धुलाई होगी उनके सारे पाप धोने के लिए हफ्ता वसूली मंत्री सांभा जी अध्यक्षता करेंगे। लूट त्यौहार मनाएंगे, छप्पन इंची सीना दिखायेंगे तो भी अध्यक्षता सांभा जी ही करेंगे। और ये भी साफ बता देना कि जिसे सांभा जी कह देंगे वही राष्ट्रभक्त और भ्रष्टाचारमुक्त माना जाएगा और जिसकी पीठ थपथपा देंगे वही मंत्री-संतरी होगा। ... कुछ और कहना है साम्भा ? गब्बर ने पूछा।सरदार वो पप्पू और खिच-खिच खूब भाषण दे रहे हैं इन दिनों। लोग छुपछुपा कर उनके भाषणों को सुनते हैं। पिछले चुनाव में इन लोगों ने खूब वोट बटोरे थे। सुना है इस बार भी ऐसा ही कुछ होने वाला है। चुनाव कब है , कब है चुनाव ? गब्बर ने खैनी थूकते हुए पूछा।

अगले साल है सरदार।

हम खुद जायेंगे इस बार। ईडिया, सीबिया और आइटिया ... ममतागढ़ और नीतीशगढ़ वालों को बता देना कि इस बार चुनावों में गब्बर खुद आयेगा लंबी-लंबी फेंकने। ईडिया अपने दोनों साथियों सीबिया और आइटिया के साथ नीतीशगढ़ की चौपाल पर है, चिल्ला कर बोल रहा है - गाँव वालों, खूब वोट डालो। सरदार को पसंद आया तो विशेष पैकेज मिलेंगे। जो जितना वोट करने के लिए आएगा उतना बड़ा पैकेज मिलेगा। ताली ठोको, जयजयकार करो खूब मिलेगा।

तभी एक वोटर हाथ में कुछ लिए सामने आता है। ये क्या है हरिया ? ईडिया ने पूछा।

वोटरस्लिप लाया हूँ मालिक।

बस एक वोटरस्लिप!! और जो इतना सारे वोटरस्लिप हैं गाँव में! वो क्या पप्पू के लिए हैं?

सारा ले आया मालिक, अब न गाँव में हैं न शहर में।

गाँव में कुछ नहीं है !! सरदार सुनेंगे तो खोपडिया उड़ा देंगे दन्न से। हर गाँव में गब्बर काका होना चाहिए। वरना गाँव किस काम का, डराना-धमकाना, वोट डालना किस काम का। चल भाग यहाँ से।

वापसी के लिए ईडिया अपने घोड़े पर चढ़ा ही था कि पप्पू और नीतीश सामने आ गए। पप्पू बोला - ईडिया अपने सरदार को बता देना कि हमारे पास अभी बहुत वोट हैं। हम जो भी वोट लेंगे धांय-धांय ठांय-ठांय लेंगे। सुन कर कालिया लौट गया।गब्बर ने सुना तो तिलमिला गया। ÷अरे ओ साम्भा ... नीतिशगढ़ में घर घर में अंधभक्त तैयार करो फटाफट। बच्चा हो कच्चा हो, आदमी हो औरत हो, बुरा हो अच्छा हो, बस गब्बर का प्यारा हो। इतने अंधभक्त पैदा कर दो कि पप्पू-नीतिश की जान को इनसे ही खतरा हो जाये। .... और ममता? ममता क्या कर रही है?अरे आपको पता नहीं सरदार!! वो अभी भी ऊल जलूल ओंगा-ओंगा, टोंगा-टोंगा, बोंगा-बोंगा कह रही हैं। सांभा ने हरिया का वोटरस्लिप देखते हुए बताया।

## सेहत

# कमर दर्द से हैं परेशान तो हो जाएं सावधान

कमर दर्द आम तौर पर बहुत से लोगों को होता है. इसके कई कारण हो सकते हैं, जैसे कि अच्छी तरह से न उठना-बैठना, अधिक समय तक बैठे रहना, शारीरिक चोट, या अन्य अंदरूनी समस्याएँ. यदि कमर दर्द लगातार बना रहता है और आपको इससे बहुत परेशानी हो रही है,तो हो सकता है आपको ऑस्टियोपोरोसिस नामक बीमारी हो जिसमें हड्डियाँ कमजोर हो जाती हैं और टूटने का खतरा बढ़ जाता है. यह मुख्य रूप से बुढ़ापे में होती है, लेकिन आज कल यह युवाओं में भी देखने को मिल रहा है.

**6 करोड़ लोग प्रभावित**-वर्तमान में देश में 6 करोड़ लोग इस बीमारी से प्रभावित हैं, और इसमें चौंकाने वाली बात यह है कि इसमें 80 प्रतिशत महिलाएं हैं. ऑस्टियोपोरोसिस जहां यह पहले 50 साल की उम्र में दिखाई देता था, लेकिन अब 30 से 40 की आयु में भी यह संख्या बढ़ती जा रही है.

**जानें क्या कारण हो सकता है**- * आयुः जैसे-जैसे आयु बढ़ती है, हड्डियों की घनत्व में प्राकृतिक रूप से कमी होती है.

* हार्मोनल परिवर्तनः महिलाओं में मेनोपॉज के बाद एस्ट्रोजन हार्मोन की कमी से हड्डियों की कमजोरी हो सकती है.

* पोषण की कमीः कैल्शियम और विटामिन ष्ठ की कमी से भी हड्डियों का घनत्व कम हो सकता है.

**जानें लक्षण**

* हड्डियों में दर्द

* हड्डियों की कमजोरी जिससे आसानी से चोट आ सकती है

* हड्डियों का आकार छोटा हो जाना

* हल्की चोट से भी हड्डी टूट सकती है.

* कमर की हड्डी की कमजोरी के कारण झुकना.

**जानें इसका उपाय**

* पोषक तत्वों की सेवनः कैल्शियम और विटामिन डी की पर्याप्त मात्रा में सेवन करें.

* व्यायामः नियमित रूप से व्यायाम करना जैसे कि वॉकिंग, जोगिंग, और कम वजन उठाना.

* धूम्रपान और मदिराः इनसे परहेज करें क्योंकि ये हड्डियों को कमजोर बना सकते हैं.

* बोन डेंसिटी टेस्टः नियमित अवधियों पर हड्डी की मजबूती का परीक्षण कराएं.

* दवा : अगर आवश्यक हो, तो डॉक्टर की सलाह पर ऑस्टियोपोरोसिस की दवाएँ लें.

**जानें कौन सा टेस्ट करवाएं**-बोन डेंसिटी टेस्ट, जिसे डेक्सा स्कैन भी कहा जाता है, एक विशेष प्रकार की एक्स-रे परीक्षण है जो हड्डियों के मिनरल घनत्व को मापता है. यह टेस्ट ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियों का पता लगाने में मदद करता है और यह भी पता लगाने में मदद करता है कि आपकी हड्डियों में फ्रैक्चर का जोखिम कितना है.

# देवालयों में उमड़े भक्त, नाग देवता का किया दुग्धाभिषेक

## सोमवार को नागपंचमी पड़ने से भक्तों में उत्साह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 21 अगस्त।** नागपंचमी के पावन अवसर पर आज नगर के सभी शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। सावन माह के सातवें सोमवार के साथ ही नागपंचमी पड़ने से आज भक्तों में अपार उत्साह देखा जा रहा है। भक्तगण बड़े सबेरे स्नान कर शिवालयों में पहूंच पूजा अर्चना करते दिखाई पड़े। भक्तों ने शिवलिंग पर दुग्धाभिषेक कर नागदेवता की पूजा अर्चना की। हिन्दू धर्म शास्त्रों के मुताबिक हिन्दू पंचांग की पंचमी तिथि के स्वामी शेषनाग हैं। वहीं पौराणिक मान्यताओं में नाग जाति की उत्पत्ति शिव कृपा से ही मानी गई है। यही कारण है कि शिव भक्ति के काल सावन माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी पर नाग पूजा व नागदेवता के दर्शन बहुत ही शुभ माना गया है। धार्मिक मान्यताओं में नागपूजा दरिद्रता और कलह दूर कर खुशहाली लाती है। वैवाहिक, संतान सुख और कामनाएं पूरी होती है। पुराणों के मुताबिक नागपंचमी के दिन घर के दरवाजे के दोनों तरफ नाग की मूर्ति बनाकर उसकी पूजा करने से नागराज प्रसन्न होते हैं और भक्तों को मनचाहा फल की प्राप्ति होती है। नागपंचमी पर आज भक्तों ने अपने घरों में गेहूं के आटे से निर्मित नाग-नागिन का चित्र बनाया उसकी पूजा की और नागदेवता से आर्शीवाद मांगा। नागपंचमी पर सपेरों को बुलाकर अपने घरों में नाग देवता को दुध भी पिलाया जाता है और इस तरह साक्षात नागराज के दर्शन व पूजन कर भक्त अपने को धन्य करते हैं। सोमवार के दिन नागपंचमी होने से आज भक्तों में नागपंचमी को लेकर दुगुना उत्साह है। सोमवार भगवान शिव पूजन का विशेष दिन होता है और शिवजी के गले में नागदेवता हमेशा लपटे रहते हैं। सावन का यह सातवां सोमवार व नागपंचमी के शुभ अवसर पर आज शिवभक्त देवालयों में पहुंचकर भगवान शिव के लिंग पर विराजमान नाग देव की पूजा कर दूध, नारियल, फल-फूल, बेलपत्र, शहद तथा चावल अर्पित कर शिवजी की आराधना की ।





## नागफनी के नागमंदिर में नागदेव के दर्शन को उमड़े भक्त

**दंतेवाड़ा 21 अगस्त ।** नागपंचमी के अवसर पर ग्राम नागफनी स्थित नागमंदिर में नागदेवता के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ सुबह से ही उमड़नी शुरू हो गई थी। श्रद्धालुओं ने दुग्धाभिषेक कर नाग देवता की पूजा-आराधना की। आज शाम नागफनी मंदिर परिसर पर जात्रा मेला का भी आयोजन किया गया है जिसमें दूरदराज क्षेत्र के हजारों ग्रामीण शामिल होंगे। गीदम-बारसूर मार्ग पर स्थित नागफनी मंदिर में आज हजारों श्रद्धालुओं ने नाग देवता की पूजा अर्चना की। नागपंचमी के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण आज नागमंदिर पहूंचे और नागदेवता के दर्शन पूजन कर परिवार की सुख समृतिद्ध की कामना नागदेवता से की। नागफनी में नागदेवता का यह मंदिर बस्तर में वर्षो तक नागवंशी राजाओं का पूजन स्थल रहा है। मान्यता है कि जो भक्त नागपंचमी के दिन इस मंदिर में आकर सच्चे मन से नागदेवता की पूजा करता है उसे मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। संभाग का एक मात्र प्राचीन नागमंदिर होने के कारण क्षेत्र के दूरस्थ स्थलों से श्रद्धालु यहां आज के दिन आते हैं। नागपंचमी पर हर वर्ष नागफनी स्थित नागमंदिर स्थल पर जात्रा मेला भी भरता है। विदित हो कि नागवंश शासनकाल में दसवीं और ग्यारहवीं सदी में यहां नाग मंदिर की स्थापना की गई थी। नागवंश के ईष्ट देव नाग होने से अपने शासन काल के दौरान नागवंशी शासकों ने यहां मंदिर की स्थापनी की थी। मुगलों के आक्रमण के समय मूर्तियां खण्डित हो जाती थीं, इस वजह से मूर्तियों को बचाने के लिए उन्हें जमीन के भीतर दबा दिया जाता था। आज जहां मंदिर स्थित है, वहां केवल एक छोटी सी मूर्ति नजर आती थी। आस-पास की खुदाई की गई तो प्राचीन काल में लोगों द्वारा दबायी गई मूर्तियां दिखायी पड़ी और लोगों ने वर्तमान मंदिर का निर्माण किया। मंदिर के पुजारी प्रमोद अटामी ने नागपंचमी पर नागमंदिर में होने वाले कार्यक्रम के संबंध में विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि इस मंदिर में पिछले 30 वर्षो से नागपंचमी पर मेला आयोजित होता आ रहा है। नागपंचमी के दिन प्रातः काल विशेष पूजा अर्चना पश्चात गायत्री यज्ञ किया जाता है। उसके उपरांत आसपास के दर्जनों गांव से देवी-देवताओं को लाया जाता है। इन देवताओं को सम्मानपूर्वक पुजारी व मंदिर से जुड़े अनुयायियों द्वारा मंदिर में लाकर स्थापित कर आरती पूजा कर भोग चढ़ाते हैं। सायं 4 बजे लाए गए देवी देवताओं व छत्र को लेकर मंदिर की परिक्रमा की जाती है। जिसके बाद देवी-देवताओं की बिदाई होती है।

## एक नजर

### युवा नेता जोगराज को संगठन ने एक बार फिर बड़ी जिम्मेदारी सौंपी



**गीदम 21 अगस्त।** इस समय छत्तीसगढ़ में चुनावी रंग चढ़ा हुआ है चुनावी माहौल में रोज नई नियुक्तियों का दौर भी कॉग्रेस पार्टी में जारी है इसी क्रम में छत्तीसगढ़ युवा कॉग्रेस ने निर्वाचित प्रदेश पदाधिकारियों के कार्यो का पुनः विभाजन करते हुए उनको अलग अलग प्रकोष्ठ, संभाग, जिला के प्रभारी की ज़िम्मेदारी सौंपी है। इसी कड़ी में बस्तर के युवा नेता जोगराज बुरड़ को एक बार फिर बड़ी जिम्मेदारी दी है। पूर्व में भी जोगराज कद्दावर कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा और पूर्व पीसीसी चीफ मोहन मरकाम के क्षेत्र का प्रभार संभाल चुके हैं और छत्तीसगढ़ के इस अंतिम छोर में भी कई बार पहुंच कर कार्यक्रम कर संगठन को मजबूत करने का कार्य किए है और अब छत्तीसगढ़ की राजधानी का प्रभार देकर संगठन ने एक बड़ी जिम्मेदारी उनके कंधो पर सौंपी है जिससे कॉग्रेस की राजनीति में लगातार उनका कद भी बढ़ता ही जा रहा है कुछ माह में राज्य में चुनाव हैं और इस ज़िम्मेदारी का निर्वहन करना अपने आप मे एक बड़ी चुनौती भी होगी। जोगराज ने बातचीत में बताया कि आने वाले चुनाव में युवाओं की भूमिका अहम होगी। इसबार फिर से युवाओं के दम पर सरकार बनाएंगे और जो संगठन ने जवाबदारी दी है उसे मैं पूरी ईमानदारी और निष्ठा से पूरा करने की कोशिश करूंगा। मुख्यमंत्री साहब, पीसीसी अध्यक्ष, विधायक, प्रभारी, युकॉ अध्यक्ष और सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार और इनके मार्गदर्शन में युवा साथियों के साथ तालमेल बनाकर 2023 के चुनाव की रणनीति बनाकर कार्य किया जाएगा बहुत जल्द अपने प्रभार क्षेत्र में पहुंच कर कार्यकताओं के साथ बैठक आयोजन कर रुपरेखा तैयार किया जाएगा।

### शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 में कराया गया छात्रसंघ चुनाव

**जगदलपुर 21 अगस्त।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-02 जगदलपुर में छात्र संघ चुनाव संपन्न हुआ, इस कार्य को विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव के तर्ज पर संपन्न कराने का प्रयास किया गया जिसे व्याख्याता जीवन लाल शर्मा, संजीव शील, और विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रयास से संपन्न किया गया। इस कार्य में विशेष रूप से बैलट पेपर तैयार कर वोटिंग की प्रक्रिया संपन्न की गई और विविध पदों के लिए छात्राओं का चुनाव किया गया। इस दौरान मतों की गणना को भी विधिवत महिला व्याख्याताओं के द्वारा संपन्न की गई।

# किसी भी क्षेत्र में ईमानदारी से किया गया प्रयास कभी असफल नहीं होता:छविंद्र कर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 21अगस्त।** छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेलकूद स्पर्धा के समापन में विधायक देवती महेंद्र कर्मा और पीसीसी मेम्बर छविंद्र कर्मा शनिवार को कटेकल्याण पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत छग महतारी की छायाचित्र पर मार्ल्यापण के साथ की गई। समापन मौके पर विधायक और पीसीसी मेम्बर ने कबड्डी का फाइनल मुकाबला टॉस कराकर शुरुआत कराया। दो दिवसीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक स्पर्धा में जोन-कटेकल्याण के तहत आसपास गांवों के सैकड़ो ग्रामीण खिलाडी शामिल हुए। इसमें पारम्परिक गेम्स संकली, फुगड़ी के अलावा रस्साखींच, खो-खो, कबड्डी, बाटी, गिल्ली डंडा, गेड़ी दौड़, लंबी कूद जैसे प्रतियोगिता में ग्रामीण खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। विजेता-उप विजेता खिलाड़ियों व टीम को शुभकामनाएं देते विधायक देवती महेंद्र कर्मा ने स्थानीय गोंडी में सम्बोधित किया। वहीं पीसीसी मेम्बर छविंद्र कर्मा ने खिलाड़ियों को आगामी दिनों में छत्तीसगढ़ में दंतेवाड़ा का नेतृत्व करने का आशीर्वाद देते कहा कि हमारी संस्कृति, परम्परा व रीतिरिवाज ही है, जो आगे बढ़ने में सहायक होती है। इसलिए हमें इसकी रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो सफल नहीं हो सके हैं उन्हें ईमानदारी से प्रयास करते रहना चाहिए। तभी आप हर क्षेत्र में लक्ष्य हासिल करते जाएंगे। क्योंकि किसी भी क्षेत्र में ईमानदारी से किया गया प्रयास कभी असफल नहीं होता। छविंद्र कर्मा ने कहा कि छग के मुखिया भूपेश बघेल ने पारम्परिक खेलों से खिलाड़ियों को जोड़े रखने तथा ग्रामीण अंचलों में छिपी प्रतिभा को बाहर लाने छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेल की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि जोन स्तर पर विजेता खिलाड़ी, ब्लाक, जिला, संभाग स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर राज्य स्तर पर दंतेवाड़ा का नेतृत्व करते जिले का नाम रोशन करेंगे। छविंद्र कर्मा कहा कि खेल के साथ पढ़ाई में भी अपने माता-पिता, गुरुजन के साथ ही जिले का नाम रोशन करें। इस दौरान कटेकल्याण ब्लाक अध्यक्ष जीपी मरकाम, लखमू बघेल, आयतु, बुधराम, कौटुकभानु, धीरू नाग समेत काफी संख्या में ग्रामीण व खेलप्रेमी मौजूद थे।

# नेत्र शिविर में शामिल होने बारसूर पहुँची जिपं अध्यक्ष तुलिका कर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम 21 अगस्त।** पौराणिक नगरी बारसूर स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल में आज शनिवार को नेत्र शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा भी शामिल हुई। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर व छत्तीसगढ़ी राज गीत गाकर हुई। इस मौके पर उपस्थित सभी बच्चों को संबोधित करते हुए तुलिका कर्मा ने कहा कि जिले में आई फ्लू का कहर जारी है, जिसे लेकर यह नेत्र शिविर काफी कारगर साबित होगा। हमारे शरीर में सबसे महत्वपूर्ण अंग है आँखे, जिसके कारण हम इस दुनिया को देख पाते हैं। इस कारण समय-समय पर इसकी जांच जरूरी है। जिपं अध्यक्ष ने स्कूली बच्चों से विभिन्न प्रकार के सवाल किया, जिसका बच्चों ने काफी उत्साह के साथ दिया। वहीं बच्चों ने स्कूल के लिए माइक सेट की मांग रखी, जिसे तुलिका ने तत्काल स्वीकृति दी। जिपं अध्यक्ष तुलिका से बच्चों ने अन्य मांग भी रखी, जिसे जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम के बीच में छात्रों ने कविता, गीत व अन्य विधाओं के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम पश्चात स्कूल के सभी बच्चों का नेत्र परीक्षण किया गया।



## नवगठित अनुविभाग छिंदगढ़ एवं तहसील दोरनापाल का हुआ शुभारंभ

**सुकमा, 21 अगस्त।** आज मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने महासमुंद जिले में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. राजीव गांधी की जंयती 'सदभावना दिवस' के अवसर पर राज्य में 13 अनुविभाग और 18 तहसीलें वर्चुअल शुभारंभ किया। जिसके तहत सुकमा जिले में छिंदगढ़ अनुविभाग (राजस्व)एवं दोरानापाल तहसील का वर्चुअल शुभारंभ किया गया। वर्तमान में सुकमा जिले में 03 अनुविभाग एवं 6 तहसील हो गए है। नवगठित अनुविभाग एवं तहसील में आज से विधिवत कामकाज शुरू हो गया है।नवगठित अनुविभाग एवं तहसील के शुभारंभ के अवसर पर स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है, स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। छत्तीसगढ़ शासन ने सार्वजनिक सुविधाओं को जन जन तक पहुंचाने और संतुलित विकास को सुनिश्चित करने के लिए नवगठित अनुविभाग(राजस्व) एवं तहसील का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन के बीच पारदर्शिता के माध्यम से विश्वास हासिल करना ही छत्तीसगढ़ शासन का मुख्य लक्ष्य है।

# जोरातराई में मनाई गई भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**अंवरी 21 अगस्त।** देश की एकता, अखंडता, और 21वी सदी के भारत के सपने को पंख देने वाले भारत रत्न पुर्व प्रधान मंत्री एसबी राजीव गांधी जी की जयंती राजीव गांधी मितान क्लब विस कुरूद व जोरातराई के सयुक्त तत्वाधान में मनाई गई जहा उनके प्राधान मंत्रित्व काल के वरिष्ठ जनों को श्री फल वा गमछा भेट कर सम्मान किया गया7 जिसमें ,जनपद सभापति परमेश्वरी महेंद्र साहू ने कहा की राजीव गांधी जी सशक्त भारत के स्वप्नदृष्टा रहे जिन्होंने कंप्यूटर क्रांति के लाकर भारत देश को विश्व पटल पर अग्रणी क्रम में खड़ा किया इसी का परिणाम है कि आज भारत डिजिटल भारत बना, वैश्विक रूप से भारत को मजबूत भारत बनाने का काम किया इस अवसर पर कुरूद विधानसभ समन्वय राजू साहू, सरपंच खिलावन पाल, ग्राम पटेल महेंद्र साहू, गोठान समिति अध्यक्ष भानु प्रताप साहू ,राजीव गांधी युवा मितान अध्यक्ष रविंद्र सेन, एन एस यू आई अध्यक्ष सौरभ पाल, पूर्व सरपंच टी आर साहू, मानक लाल साहू, वीर सिंह निर्मलकर, सुदामा राम साहू, चुरामन साहू, लक्ष्मण पाल, विरु राम साहू ,चैतू निर्मलकर, मोहन सारथी ,लखनलाल सेन ,मेहेतरू साहू, कुलेश्वर साहू ,सेवक राम साहू, महेतरु? तारक, नंदकुमार साहू ,भोज राम साहू, लोकेश साहू ,अयोध्या राम तारक, मोतीराम साहू, बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।



## समाचार संक्षेप

### राजीवभवन मे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी की जयंती मनाई गई



**दंतेवाड़ा 21 अगस्त।** रविवार को दंतेवाड़ा राजीव भवन दंतेवाड़ा मे कांग्रेस के कार्यकर्ताओ के द्वारा पूर्व आधुनिक भारत के स्वपनदृष्टा भारत रत्न प्रधानमंत्री राजीव गाँधी जी की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई साथ ही कांग्रेस कमेटी और युवा कांग्रेस के साथ जिला हॉस्पिटल मे मरीजों को फल वितरण किया गया !राजीव जी को याद करते हुए जिलाध्यक्ष अवधेश गौतम जी ने बताया की आज जो पुरे भारत वर्ष मे राजीव जी के ही द्वारा पंचायती राज डिजिटल इंडिया की नीव रखी गई थी जो आज हर राज्य जिला और गावों मे पहुँच चूका है जिससे राजीव जी के प्रधानमंत्री मंत्री रहते हुए देश विकास की और लगातार बढ़ी है ।जयंती में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष श्री वीरेन्द्र गुप्ता, जिला महामंत्री प्रशासन रितेश जैन,जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, जिला महामंत्री मनीष भट्टाचार्य, ज़िला महामंत्री प्रवीण राणा, जिला महामंत्री/ प्रवक्ता विमल सलाम,में जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती इंद्रा शर्मा, रितेश जैन,ब्लाक अध्यक्ष विवेक देवांगन, प्रावक्ता राजकुमार तामो, युथ कांग्रेस अध्यक्ष गणेश दुर्गा, अशिप रजा, अजय मरकाम, मुखुंद ठाकुर, एन नागराज, अकाश विश्वाश, संजय विश्वकर्मा, जोगराज भुरण, इंदिरा ठाकुर, गीतांजलि कुशवाह, राधा नाग, जनपद पंचायत सदस्य रिंकी वैंजाम,कमलु अतरा, जितेन्द्र कश्यप, राकेश मंडावी, पुरसोत्म दूर्गा, अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

### श्रावण के सातवें सावन सोमवार को भी शिवालयों में रही भीड़

**दंतेवाड़ा 21 अगस्त।** आज सावन माह के सातवें सोमवार पर नगर के शिवालयों और मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई। सावन सोमवार के साथ ही आज नागपंचमी भी है लिहाजा मंदिरों में भक्तों की जबरदस्त भीड़ देखी गई। इस अवसर पर शिवालयों में भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार कर दूध, जल से अभिषेक किया तथा शिवलिंग में पुष्प और बेलपत्र चढ़ाए गए। श्रावण मास शुरू होते ही भोले की उपासना शुरू हो जाती है। व्रत और त्यौहारों का दौर शुरू हो जाता है। सावन माह में शिव भक्त सुख, शांति और धन संपदा की प्राप्ति के लिए शिव आराधना करते हुए शिवलिंग में अक्षत, बेल पत्र चढाकर मनोकामना पूरी होने की मन्नत मांगते हैं। भक्तों को अपने भालेनाथ पर पूरी आस्था एवं श्रद्धा होती है कि सावन मास में भोलेनाथ की आराधना करने से भगवान भक्तों की हर मनोकामना अवश्य पूरी करते हैं। इसी विश्वास और श्रद्धा के चलते सावन के तीसरे सोमवार पर आज नगर के मंदिर और शिवालयों में दिन भर ओम नमः शिवाय की गूंज चारों ओर गूंजायमान होता रहा। वहीं शिव भक्तों ने बम भोले का जयकारा लगाते हुए शिव चालिसा का पाठ कर भोले नाथ की आरती की।



### दन्तेवाड़ा में साहू समाज ने सावन झूला एव तीज मिलन समारोह का किया आयोजन

**गीदम 21 अगस्त।** दंतेवाडा जिले में आज साहू समाज महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में सावन झूला उत्सव एव तीज मिलन समारोह का आयोजन हुआ । दंतेवाडा में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के सभी ब्लाक के साहू समाज की महिलाए शामिल हुई । इस दौरान यहां भगवान शंकर व माता पार्वती की पूजा अर्चना , कथा का आयोजन कर हरियाली तीज पर्व मनाया गया । इस मौके पर अन्य धार्मिक आयोजन व विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुई जिसमें महिलाओ ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।




### पूनम सिंह बनी सावन क्वीन

**धमतरी 21 अगस्त।** लेडीज क्लब धमतरी द्वारा सावन महोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के समक्ष पूजन एवं दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। तत्पश्चात सदस्यों द्वारा क्लब की वंदना का गायन किया गया। अध्यक्ष श्रीमती शिरीन हाशमी द्वारा अध्यक्षीय उद्बोधन किया गया।

## युवाओं को गमछा पहनाकर व मिठाई खिलाकर कराया गया प्रवेश

# तुलिका के नेतृत्व में चितालूर के सैकड़ों युवाओं ने थामा कांग्रेस का दामन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 21अगस्त।** भारत रत्न प्रधानमंत्री राजीव गाँधी की जयंती पर ग्राम पंचायत चितालुर सैकड़ो युवाओं ने जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस का दामन थामा। चितालुर के ग्रामीण युवा अध्यक्ष सहदेव नाग ने बताया कि कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति से प्रभावित होकर हम सभी युवाओं ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा है। जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने आज चितालूर के राउतपारा पहुँच सभी नवप्रवेशी युवाओं को पार्टी गमछा, माला व मिठाई खिलाकर कांग्रेस पार्टी में विधिवत प्रवेश दिलाया। प्रवेश से पहले सभी युवाओं के साथ मिलकर तुलिका व अन्य लोगों ने स्व. राजीव गांधी की चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। नवप्रवेशी युवाओं को संबोधित करते हुए तुलिका ने कहा कि आप सभी का कांग्रेस परिवार में स्वागत है। हमारी सरकार में सभी कार्यकर्ताओं को समान दर्जा दिया जाता है। विकास और विश्वास के साथ सबका साथ सबका विकास ही हमारा पहला लक्ष्य है। तुलिका ने कहा कि कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर हर दिन लोग हमसें जुड़ रहे है। कांग्रेस सरकार ने जो कहा सो किया। भूपेश है तो भरोसा है के नारे के साथ आज पूरा छत्तीसगढ़ कांग्रेस के साथ खड़ा है। आप सभी युवाओं के लिए बेरोजगारी भत्ता के साथ रोजगार प्रदान अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है, जिसका फायदा आप सभी को उठाना है। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मनोज कौरव ने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार में अंतिम व्यक्ति तक सभी योजनाओं का लाभ पहुँच रहा है। जिले के अभी अंदरूनी इलाकों में रोड़, पानी, बिजली समेत सभी बुनियादी सुविधाएं पहुँच रही है, जिससे चहुँओर खुशहाली का माहौल है। मनोज ने कहा कि आने वाले दिनों हर गाँव से बड़ी संख्या में युवा व बुजुर्ग कांग्रेस पार्टी में शामिल होंगे, क्योंकि आज सिर्फ पार्टी के लोग नहीं आम जनता भी कह रही है भूपेश है तो भरोसा है। इस दौरान युवाओं जिला पंचायत अध्यक्ष से युवाओं ने अपनी कुछ मांगो से अवगत कराया, जिसे तुलिका ने मौके पर त्वरित निराकरण किया। इस दौरान महिला कांग्रेस की शहर अध्यक्ष इंदिरा शर्मा, पार्षद संजय विश्वकर्मा, एन नागराज सत्यभान सिंह जादौन, मुकुंद ठाकुर, आकाश विश्वास, आसिफ हमीद, इंद्रा ठाकुर, गीतांजली कुशवाहा, राधा नाग, किशनदेवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण व युवा मौजूद थे।



## एक नजर

### सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान तीन चरणों में होगा संचालित

**रायगढ़, 21 अगस्त।** सीएमएचओ डॉ. मधुलिका सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान 5.0 कल 21 अगस्त से प्रारंभ होगी। यह अभियान तीन चरणों में संचालित होगी। प्रथम चरण 21 से 26 अगस्त, द्वितीय चरण 20 सितम्बर से 26 सितम्बर एवं तृतीय चरण 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। अभियान के दौरान उप स्वास्थ्य केन्द्रों, आंगनबाड़ी केन्द्रों में टीकाकरण सत्र आयोजित कर छूट हुए बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को टीकाकृत किया जायेगा। अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर से निरीक्षण टीम गठित कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्र स्थलों का भ्रमण कर निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया है, जिससे कि अभियान का सफलता पूर्वक क्रियान्वयन किया जा सके डॉ.बी.पी.पटेल, जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान 5.0 के प्रथम चरण 21 से 26 अगस्त के लिए विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर कार्ययोजना तैयार कर ली गयी है। टीकाकरण हेतु जिले के समस्त विकासखण्ड़ों में सभी वैक्सीन एवं लॉजिस्टिक पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही साथ आई.ई.सी. सामग्री-बेनर, पोस्टर, एवं प्रपत्र का वितरण कर दिया गया है। अभियान के दौरान 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती माताओं जिनका नियमित टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत कोई भी टीका छूटा है, उनका नियमानुसार टीकाकरण किया जावेगा। स्वास्थ्य अधिकारी ने सघन मिशन इन्द्रधनुष अभियान के दौरान आयोजित सत्रों में दी जाने वाली सेवाओं का लाभ लेने हेतु आव्हान किया है।

### मुख्यमंत्री ने नवीन तहसील कापू का किया वर्चुअल शुभारंभ



**रायगढ़, 21 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने जिले में प्रशासनिक इकाईयों के सुदृढ़ीकरण एवं चहुमुंखी विकास के लिए पूर्व प्रधानमंत्री स्व.श्री राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के अवसर पर वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से नवीन तहसील कापू का शुभारंभ किया। वर्चुअल उद्घाटन कार्यक्रम में धरमजयगढ़ विधायक श्री लालजीत सिंह राठिया ने कहा कि कापू के नई तहसील बनने से यहां के लोगों को राजस्व संबंधी तथा अन्य कार्यों के लिए सुविधा मिलेगी एवं आसानी से कार्य होंगे। शासन द्वारा प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण किए जाने का प्रत्यक्ष लाभ जनसामान्य को मिलेगा। नवीन तहसील कापू की भौगोलिक सीमाएं उत्तर एवं पश्चिम में तहसील मैनपाट, जिला सरगुजा, दक्षिण में तहसील धरमजयगढ़, जिला रायगढ़ पूर्व में तहसील पत्थलगांव, जिला-जशपुर की सीमा से लगी हुई है। गठित नवीन तहसील कापू में कुल ग्रामों की संख्या 60 है। जिसमें ग्राम पंचायत 41, जिसका क्षेत्रफल 326.48 वर्ग किलोमीटर है। कुल पटवारी हल्का नंबर 20 है। प्रस्तावित तहसील की कुल जनसंख्या प्रतिशत 62548 है।

### नए नवाचार कर मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

**महासमुंद।** जिले में आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए सुव्?यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्?वीप) चलाया जा रहा है। यह मतदाता शिक्षा, मतदाता जागरुकता का प्रचार-प्रसार करने एवं मतदाता की जानकारी बढ़ाने के लिए एक प्रमुख कार्यक्रम है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने नोडल अधिकारी नामांकित किए जिनमें अधिकारी बूथ लेवल ऑफ़िसर से समन्वय कर पिछली विधानसभा निर्वाचन 2018 में हुए कम मतदान का कारण पता कर इन मतदान केंद्रों पर आगामी विधानसभा में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक कर रहे है। पिछली विधानसभा निर्वाचन में जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों के 16 मतदान केंद्रों में मतदान का लक्ष्य प्रतिशत से कम मतदान हुआ। इन मतदान केंद्रों पर आगामी विधानसभा निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा। इसी क्रम में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय सरायपाली में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्रीं हेमन्त रमेश नंदनवार (आईएएस) के मार्गदर्शन में तहसीलदार कृष्ण कुमार साहू, बीआरसीसी/स्वीप ब्लॉक नोडल अधिकारी सतीश स्वरुप पटेल की पहल पर स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से नियमित विविध कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर जारी है।

### मुख्यमंत्री ने न्याय योजनाओं के हितग्राहियों को 2055.60 करोड़ रुपए का किया अंतरण

**रायगढ़, 21 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने 20 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के अवसर पर महासमुंद के हाई स्कूल मैदान में न्याय योजनाओं सहित अन्य योजनाओं के हितग्राहियों किसानों, मजदूरों, ग्रामीण व पशुपालकों को 2055.60 करोड़ रूपए की राशि का ऑनलाईन भुगतान किया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हम पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की जयंती मना रहे है और इस अवसर पर न्याय योजनाओं की राशि वितरित की गई है और नवीन राजस्व कार्यालयों का शुभारंभ किया गया है। किसान, मजदूर, गरीब और गौपालकों को 2055.60 करोड़ की राशि सीधे उनके खाते में भेजी गई है। आज के इस समारोह में प्रदेश की 18 नयी तहसीलों और 13 नये अनुविभागीय कार्यालयों का शुभारंभ किया गया।

---

#### जिले के 704 करोड़ रुपए के 224 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास-भूमिपूजन किया

# सीएम ने न्याय योजनाओं के हितग्राहियों को 2055.60 करोड़ की राशि का किया अंतरण



**महासमुंद 21अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल महासमुंद (हाई स्कूल मैदान) पर राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं अन्य योजनाओं के सामग्री वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर कहा कि महासमुंद जिले के 704 करोड़ रुपए के 224 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास/भूमिपूजन किया गया। इनमें 71 करोड़ 08 लाख रुपए लागत के 132 कार्यों का लोकापर्ण तथा 632 करोड़ 88 लाख रूपए लागत के 92 कार्यों का भूमिपूजन, शिलान्यास शामिल है। आज के इस समारोह में प्रदेश की 18 नयी तहसीलों और 13 नये अनुविभागीय कार्यालयों का शुभारंभ किया गया है। इन्हें मिलाकर प्रदेश में अब 250 तहसीलें और 122 अनुविभाग हो जाएंगे। पौने पांच सालों में हमने 06 नये जिलों का गठन किया है। प्रदेश में जिलों की संख्या 33 हो चुकी है। साथ ही मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने ग्राम पंचायत भोरिंग को नगर पंचायत बनाने, नगर पालिका महासमुंद को नगर पालिका निगम बनाने एवं महासमुंद में कंपोजिट बिल्डिंग के निर्माण को अगले वर्ष के बजट में शामिल करने की घोषणा की। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत, उपमुख्यमंत्री श्री टी एस सिंहदेव, वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, श्री ताम्रध्वज साहू, डॉ. शिव डहरिया, श्री अमरजीत भगत, श्री मोहन मरकाम, लोकसभा सांसद श्री दीपक बैज, राज्यसभा सांसद श्रीमती फुलोदेवी नेताम, संसदीय सचिव एवं महासमुन्द विधायक श्री विनोद चन्द्राकर, बसना विधायक श्री देवेंद्र बहादुर सिंह, खल्लारी विधायक श्री द्वारिकाधीश यादव, सरायपाली विधायक श्री किस्मतलाल नंद एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इस अवसर पर लोकसभा सांसद श्रीमती सोनिया गांधी ने न्याय योजना के हितग्राहियों को राशि के अंतरण कार्यक्रम में अपने वीडियो संदेश के माध्यम से प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हम पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की जयंती मना रहे है और इस अवसर पर न्याय योजनाओं की राशि वितरित की गई है और नवीन राजस्व कार्यालयों का शुभारंभ किया गया है। किसान, मजदूर, गरीब और गौपालकों को 2055.60 करोड़ की राशि सीधे उनके खाते में भेजी गई है। उन्होंने कहा कि बात चाहे खेती-किसानी की हो, आदिवासियों के विकास की हो, महिलाओं के सशक्तिकरण की हो, हर नागरिक की आय में बढ़ोतरी की हो, रोजगार की हो, रोजगार के अवसरों के निर्माण की हो, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की हो, शहरी क्षेत्रों में सुविधाओं के विस्तार की हो, शिक्षा सुविधाओं के विस्तार की हो, चिकित्सा सुविधा के विस्तार की हो आज छत्तीसगढ़ में हर क्षेत्र में बड़ा बदलाव दिख रहा है। हमनें व्यक्ति को इकाई मानकर विकास का काम किया है। प्रशासनिक इकाईयों को छोटा किया गया है। हमने किसानों की सुविधा का ध्यान रखते हुए धान संग्रहण केंद्रों को भी किसानों के पास लाने का काम किया। संग्रहण केंद्रों और खरीदी केंद्रों को बढ़ाया जिसके कारण धान खरीदी बढ़ी लेकिन न बोरे की कमी हुई न लाइन लगी न ही किसानों को पैसे पहुंचने में कोई दिक्कत हुई।हमारा प्रदेश किसान, मजदूर अनुसूचित जाति, जनजाति, युवा लोगों का प्रदेश है जिसके लिए सरकार लगातार काम कर रही है, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना लागू है, गांव में हाट-बाजार क्लीनिक योजना लागू की। इलाज के लिए पांच लाख तक के सहायता के लिए डॉ. खूबचंद बघेल योजना और 20 लाख रूपए तक सहायता के लिए, मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना लागू की गयी। एक गरीब परिवार के बच्चे के फेफड़े में परेशानी थी, उसे सरकार की तरफ से 19 लाख रूपए की मदद दी गयी। सरकार सभी के साथ खड़ी है। पहले सिर्फ 6 मेडिकल कॉलेज थे, हमने चार नए मेडिकल कॉलेज जिनमें एक का अधिग्रहण किया और अब प्रदेश में चार और नए मेडिकल कॉलेज गीदम, जांजगीर-चांपा, कवर्धा, मनेन्द्रगढ़ में खोलने जा रहे हैं। अब 14 मेडिकल कॉलेज हो जाएंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आप की सरकार है किसानों, मजदूरों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, युवाओं सहित सभी की सरकार है। जिनके विकास के लिए हम निरंतर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तेंदूपत्ता संग्राहकों को 2500 की जगह 4000 रुपए दे रहे हैं, गरीबों को 7 किलो की जगह 35 किलो राशन प्रति परिवार दे रहे हैं, आज हर परिवार के पास राशन कार्ड है। 74 लाख राशन कार्ड बने हैं चाहे वो एपीएल हो या बीपीएल। बिजली बिल हाफ योजना में 42 लाख परिवार को 400 यूनिट तक छूट प्रदान की गयी है। सिंचाई पंपों के करोड़ों रुपए सब्सिडी दी गयी है। आज इस बात की खुशी है कि इन योजनाओं का लाभ लेते हुए लोग खुश हैं। हमारी सरकार ने पौने पांच साल में हर वर्ग के हित में काम किया है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि एक भी अंग्रेजी माध्यम शासकीय स्कूल नहीं था, आज 377 स्कूल इंग्लिश मिडियम और 349 हिंदी मिडियम स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय खोले गए हैं।

---

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की ब्लॉक स्तरीय स्पर्धाएं शुरू



**रायगढ़, 21 अगस्त।** छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में विकासखंड स्तरीय स्पर्धाएं जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों में शुरू हो गई हैं। इसमें जोन स्तर के विजेता खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। यह प्रतियोगिता 18 से अगस्त से 23 अगस्त तक चलेंगी। इस स्तर के विजेता आगे 27 अगस्त से शुरू होने वाले जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपना हुनर दिखाएंगे जो 04 सितंबर तक चलेगा। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के पहले त्योहार हरेली पर 17 जुलाई से छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरुआत हुई है।

पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक 2023-24 का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री उमेश पटेल के निर्देशन में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने, खेलों के प्रति जागरूकता फैलाने, खिलाड़ियों को मंच प्रदान करने और खेल भावना का विकास करने के उद्देश्य से शुरू किया जा रहा है। यह खेल प्रतियोगिता 6 चरणों में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में दलीय एवं एकल श्रेणी में 16 तरह के पारम्परिक खेलों को शामिल किया गया है। इस बार के ओलंपिक में एकल श्रेणी में रस्सीकूद एवं कुश्ती को भी जोड़ा गया है। प्रतियोगिता का समापन 27 सितंबर 2023 को होगा।

### दो श्रेणियों में 16 प्रकार के खेलों को किया गया है शामिल

छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल प्रतियोगिता दलीय व एकल दो श्रेणी में आयोजित होगी। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी (कंचा) जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं।

### प्रत्येक आयु वर्ग के प्रतिभागी ले रहे हिस्सा

छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में आयु वर्ग को तीन वर्गों में बांटा गया है। इसमें प्रथम वर्ग 18 वर्ष की आयु तक, दूसरा वर्ग 18-40 वर्ष आयु सीमा तक और तीसरा वर्ग में 40 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष दोनों वर्ग में प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

### 6 चरण में हो रही प्रतियोगिता

छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन 6 चरणों में किया जा रहा है। ब्लॉक स्तर से आगे की स्पर्धाओं में विजेता खिलाड़ियों को पुरुस्कार भी प्रदान किए जायेंगे। ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में सबसे पहले राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर प्रतियोगिता नॉकआउट पद्धति से आयोजित की गई। वहीं दूसरा स्तर जोन है, जिसमें 8 राजीव युवा मितान क्लब को मिलाकर एक जोन बनाया गया। जिसके पश्चात विकासखंड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तर पर आयोजन 27 अगस्त से 04 सितंबर तक होगा। इसके पश्चात संभाग स्तर पर आयोजन 10 सितंबर से 20 सितंबर तक होगा और अंतिम में राज्य स्तर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिसका आयोजन 25 सितंबर से 27 सितंबर तक किया जाएगा।

---

## समाचार संक्षेप

### ब्लॉक स्तरीय छत्तीसढ़िया ओलंपिक में विधायक विक्रम मंडावी हुए शामिल



**बीजापुर, 21 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** क्षेत्रीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री विक्रम शाह मंडावी ने अपने एक दिवसीय आवापल्ली प्रवास के दौरान आवापल्ली के मिनी स्टैडियम मे आयोजित छत्तीसढ़िया ओलंपिक में शामिल होकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और खेल भावना से खेलने एवं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को प्रेरित किया।छत्तीसढ़िया ओलंपिक का ब्लॉक स्तरीय आयोजन 18 से 21 अगस्त तक आयोजित होगा विगत वर्ष की भातिं इस वर्ष भी छत्तीसढ़िया ओलंपिक में विभिन्न पारंपरिक खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लोग बढ़चढ़कर हिस्सा ले रहे है यह सभी खेल छत्तीसगढ़ के विभिन्न पारंपरिक खेल है जिसे छत्तीसढ़िया ओलंपिक के माध्यम पुनर्जीवित करने का अनूठा प्रयास है। विधायक ने कबड्डी का फाईनल मैच देखा जो बासागुड़ा और पुशबाका के बीच खेला गया जिसमें पुशबाका के खिलाड़ी विजेता घोषित हुए।इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कमलेश कारम,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।


### जिले में चौथे राजस्व अनुभाग उसूर का हुआ शुभारंभ



**बीजापुर, 21 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की जयंती ''सद्भावना दिवस'' के अवसर पर महासमुंद में आयोजित कार्यक्रम में न्याय योजनाओं सहित अन्य योजना के हितग्राहियों किसानों, मजदूरों, ग्रामीण और पशुपालकों को करोड़ रूपए की राशि का ऑनलाईन भुगतान किया। साथ ही आज राज्य में 13 राजस्व अनुविभाग का मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने उद्घाटन किया। इसी कार्यक्रम के तहत आज बीजापुर जिले के उसूर ब्लॉक में नवीन राजस्व अनुविभाग,मुख्यालय आवापल्ली का मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने वर्चुअल शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में विधायक श्री विक्रम मंडावी,जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कमलेश कारम,जिला पंचायत सदस्य एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे,कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा सहित उसूर एसडीएम यशवंत नाग, जनपद सीईओ एवं जिला स्तर के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

विधायक श्री विक्रम मंडावी ने कहा कि उसूर ब्लॉक के अंतर्गत 39 ग्राम पंचायत व 132 ग्राम आते है। जिले में 6 तहसील और अब 4 राजस्व अनुविभाग हो गए। आवापल्ली में राजस्व विभाग खुलने से आम जनता को काफी सुविधा होगी। पामेड़ जैसे संवेदनशील क्षेत्र के लोगों को अब जिला मुख्यालय जाना नहीं पड़ेगा।आय प्रमाण पत्र, जाति, निवास, खसरा एवं नकल के साथ राजस्व सेवाएं उनको नजदीक में मिल जायेगा। मुख्यमंत्री की सोच शासन प्रशासन को जनता के करीब लाने की यह पहल मील का पत्थर साबित होगा।

### राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेसियों ने किय उन्हें नमन



**बीजापुर, 21 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के ब्लॉक मुख्यालय आवापल्ली में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी जी की जयंती को बीजापुर ज़िले के कांग्रेसियों ने सद्भावना दिवस के रूप में मनाते हुए स्व. राजीव जी की छायाचित्र में माल्यार्पण कर नमन किए है। इस अवसर पर बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने स्व. राजीव जी का नमन करते हुए कहा कि भारत मे पंचायती राज के प्रणेता, संचारक्रान्ति के जनक, युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत,भारत रत्न स्व.राजीव जी ने आधुनिक भारत के चहुमुखी विकास की दिशा में पूरी गम्भीरता से ठोस पहल की और भारत को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाया है। विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि स्व.राजीव जी ने अपनी दूरदर्शी सोच एवम सार्थक प्रयासों से एक सुनहरे,सशक्त व आधुनिक भारत की नींव रखी, देश के विकास को स्व.राजीव जी ने जो नई दिशा व गति प्रदान की जो अद्वितीय है कृतज्ञ राष्ट्र उनके किये गये कार्यो को स्मरण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर रहा है।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, ज़िला पंचायत एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की सदस्य श्रीमती नीना रावतीय उद्दे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जानकी कोरसा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुकलू पूनेम, विधायक प्रतिनिधि मनोज अवलम के अलावा समस्त जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

# तरडा के स्कूली बच्चों ने किया रीपा गोठान का शैक्षणिक भ्रमण



**रायगढ़, 21 अगस्त।** जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के मार्गदर्शन में विकासखंड पुसौर के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला तरडा के विद्यार्थियों द्वारा ग्राम तरडा स्थित महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) का भ्रमण किया गया। विद्यार्थियों को रीपा में संचालित कार्यों से प्रधान पाठक व रीपा नोडल द्वारा विस्तार से अवगत कराया गया कि रीपा क्या है और क्यों छत्तीसगढ़ शासन ने इसे स्थापित किया है। रीपा केंद्र में कौन-कौन सी गतिविधियां संचालित है। रीपा भ्रमण के दौरान बच्चों ने रीपा में संचालित विभिन्न गतिविधियों जैसे इलेक्ट्रिक सिलाई मशीन द्वारा व्यापक रुप से चल रहे सिलाई कार्य, लेथ एवं हार्डवेयर वेल्डिंग वर्क, सम्बलपुरी वस्त्र बुनाई, मशरुम उत्पादन, झारा शिल्प कार्य (बेल मेटल), लोक सेवा केन्द्र, फोटोग्राफी व विडियोग्राफी सेंन्टर के कार्यो को देखा और उनकी क्रियाविधि को समझने का प्रयास किया। शैक्षिक परिभ्रमण के दौरान बच्चों ने खूब आनंद उठाया। बच्चों ने रीपा कैन्टीन से अपनी मनपसंद चाकलेट व चिप्स भी खरीदे और इसका लुफ्त उठाया। इस तरह के शैक्षिक परिभ्रमण से बच्चों को एक दूसरे के साथ बातचीत करने और सीखने में सक्षम बनाने का वातावरण निर्मित हुआ है। रीपा के माध्यम से किस प्रकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है, इस संबंध में सरल तरीके से बच्चों को जानकारी दी गई। गौरतलब है कि एनईपी 2020 में ज्ञान को बाहरी वातावरण से जोड़कर अनुभवात्मक सीखने तथा बच्चों को तैयार करने के उद्देश्यों को ध्यान में रखकर सरकार की महत्वपूर्ण योजना नरवा, गरवा, घुरवा और बारी से परिचित करवाने हेतु यह भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संचालित भ्रमण कार्यक्रम की जानकारी होने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश पटेल ने प्रसन्नता जाहिर कर सभी विद्यालयों को भी अपने स्कूल के पास के किसी भी शैक्षणिक स्थल के साथ-साथ ऐतिहासिक एवं ज्ञानवर्धक स्थलों पर बच्चों को ले जाने का सभी शैक्षणिक संस्था प्रमुखों से आग्रह किया। इस शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के मौके पर निरंजन पटेल, पूर्व सरपंच, रुपलाल, गोठान समिति अध्यक्ष, ऋषिकेश पटेल (नोडल रीपा तरडा), जानकी साहू, एनआरएलएम जनपद पंचायत पुसौर व बेला चौहान, संगठक बिहान परियोजना, स्कूल के प्रधान पाठक रुद्र शर्मा एवं समस्त शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला तरडा एवं ग्रामीण जनउपस्थित रहे।



### रासेयो स्वयंसेवक किए गए पुरस्कार

**महासमुंद।** आशीबाई गोलछा शासकीय आदर्श उमावि के राष्ट्रीय स्वंय सेवकों के कदम ताल के साथ मार्च पास्ट में तृतीय स्थान अर्जित कर प्रति वर्ष कि भांति शाला का नाम रोशन किया। दल नायिका टिकी दीवान, उप नायिका ममता यादव के नेतृत्व में स्वंय सेवकों ने यह पुरस्कार मिनी स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवन लाल के कर कमलों से प्राप्त किया। मतदान जागरुकता, वृक्षारोपण, स्वच्छता कार्य के साथ स्वंय सेवकों द्वारा तेजी से फ़ैल रही आँख की बीमारी के बारे में भी अपने अपने वार्ड में जानकारी वा सावधानी के बारे में बताया जा रहा है। संस्था के प्रचार्य जीआर सिन्हा सर के मार्ग दर्शन में कार्यक्रम अधिकारी आयशा लतीफ, मधुमती चंद्राकर, सरक्षिका सरिता तिवारी के कुशल निर्देशन में रासेयो छात्र लगातार विभिन्न गतिविधियों मे अपनी सहभागिता दे रहे है। पदमा शीनी साहू, सिमरन सेन, भूमि चंद्राकर, युवराज साहू, भावेश ध्रुव ने भी सहयोग प्रदान किया।

### पूजा करने पहाड़ पर गए ग्रामीणों को नक्सलियों ने बनाया बंधक

**बीजापुर, 21 अगस्त।** रविवार को फरसेगढ़ क्षेत्र से लगभग 50 से अधिक ग्रामीण पूजा करने पहाड़ पर गए थे इसी दरमियान अचानक नकसली वंहा पहुंचे और सभी ग्रामीणो को अपने साथ ले गए बताया जा रहा है कि पूछताछ के बाद कुछ ग्रामीणों को छोड़ दिया गया है लेकिन पूर्व सरपंच महेश. गोटा को अपने साथ रखें है इस घटना की सूचना थाने मे मिली है जिस पर पुलिस अपने स्तर पर जानकारी ले रही है बता दे फरसेगढ़ के कुछ ग्रामीण क्षेत्र मे शांति के लिए चिकटराज देवता की शरण मे पहाड़ पर गए थे इसी दरमियान नकसली वंहा पहुंचे और सभी ग्रामीणो को बंधक बना लिया पूछताछ के बाद कुछ ग्रामीणों को छोडने की जानकारी है लेकिन अभी भी पूर्व संरपच महेश गोटा को नकसलियों ने बंधन बना कर रखा है ।

---

# पं.आकाश तिवारी के निधन पर विप्रजनों ने श्रद्धांजलि दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**खरसिया,21 अगस्त।** ब्राह्मण हिन्द महागठबंधन और भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव आयोजन समिति खरसिया से जुड़े विप्रजनों ने अपने साथी ग्राम तेलीकोट निवासी पंडित आकाश तिवारी के अल्पायु में आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर ईश्वर से मृतात्मा को मोक्ष और उनके परिजनों को संबल प्रदान करने की विनती की है।ज्ञात हो कि वन विभाग खरसिया में वनरक्षक के पद पर कार्यरत पंडित आकाश तिवारी (गौटिया परिवार, अड़भार) का 20 अगस्त को सिविल अस्पताल खरसिया में आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन पर ब्राह्मण हिन्द महागठबंधन के प्रदेश महासचिव पंडित रिपुसूदन पाण्डेय ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि हमने अपना एक सहयोगी साथी, छोटा भाई खो दिया है। वे अपने पिताजी के निधन के बाद से अपने चाचाओं और बड़े भाई के मार्गदर्शन में पूरे परिवार को एकजुट करके रखे हुए थे। इतनी अल्पायु में इनका अचानक सबको छोड़कर जाना बहुत कष्टदायक है। भगवान परशुराम जन्मोत्सव आयोजन समिति से जुड़े पंडित प्रवीण चतुर्वेदी और पंडित डालिस पाण्डेय ने कहा कि आकाश तिवारी हमारे सहपाठी थे और शुरू से ही वे अत्यंत व्यवहार कुशल, मिलनसार, मृदुभाषी और सहयोगी प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। किसी से भी वे हमेशा हंसकर ही मिलते थे और सबको बराबर सम्मान देते थे। उनके निधन से हमने अपना एक सच्चा साथी खो दिया है।इसी तरह विप्र समाज के वरिष्ठ मार्गदर्शक पंडित रूपेंद्र शर्मा, पंडित डॉक्टर जी एन तिवारी, पंडित नारायण प्रसाद पाण्डेय, पंडित एल पी शर्मा, पंडित गंगा प्रसाद तिवारी, पंडित नारायण प्रसाद चौबे, पंडित जी एल दुबे, पंडित नेत्रानन्द दुबे, पंडित किरण कुमार दुबे, पंडित प्रेमशंकर तिवारी, पंडित भुनेश्वर पाण्डेय, पंडित दिनेश तिवारी, पंडित गिरजा शंकर शुक्ला, पंडित आनंद शंकर द्विवेदी, पंडित भरत पाण्डेय, पंडित बृजेश शर्मा, पंडित प्रमोद तिवारी, भागवताचार्य पंडित दीपककृष्ण महराज, पंडित प्रदीप पाण्डेय, पंडित राजेश शर्मा, पंडित दीपक पाण्डेय, पंडित गोविंद पाण्डेय, पंडित चण्डी चरण पाण्डेय, पंडित पंकज द्विवेदी, पंडित ईश्वर शरण पाण्डेय, पंडित विनय पाण्डेय, पंडित सुरेश पाण्डेय, पंडित पवन द्विवेदी, पंडित नवीन दुबे, पंडित कान्हा शास्त्री, पंडित विनोद शर्मा, पंडित दुर्गेश नन्दन पाण्डेय, पंडित दिलीप पाण्डेय, पंडित टंकेश्वर मिश्रा, पंडित प्रशान्त पाण्डेय, पंडित तरुण पाण्डेय, पंडित आदर्श तिवारी, पंडित अनिल तिवारी आदि ने उनके निधन पर उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

एक नजर

## सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े, मंजिल जरूर मिलेगी: मुबारक हुसैन



**हतबंध, 21 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विद्यार्थी अपना मूल्यांकन स्वयं करें, अपनी क्षमता के अनुसार अपने लक्ष्य का निर्धारण कर समय नियोजन के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते रहें आपकी मंजिल जरूर मिलेगी। उक्त विचार स्वर्गीय सरदार खान स्मृति ट्रस्ट के संस्थापक मुबारक हुसैन ने व्यक्त किए। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हतबंध में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें इस वर्ष 12वीं, 10वीं, और 8वीं के मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया।इस वर्ष 12वी में ज्योति वर्मा ने 91प्रतिशत, 10वीं में झरना वर्मा ने 93प्रतिशत, 8वीं में मुरली वर्मा ने 96प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।इन मेधावी छात्रों कोअग्रसेन प्रतिभा सम्मान कोष के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, सौरभ मेमोरियल फाउंडेशन के अध्यक्ष लाकेश्वर वर्मा, झरना देवी मानव सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ उत्तम बिस्वास, स्वर्गीय सरदार खान स्मृति ट्रस्ट के संस्थापक मुबारक हुसैन ने प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया। इन समाज सेवी संस्थाओं के द्वारा प्रति वर्ष प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया जाता है। समारोह में पंचायत के उप सरपंच अशोक दुबे ने अपने पिता स्वर्गीय श्याम लाल दुबे की स्मृति में इस वर्ष 12वीं में प्रथम आने वाले को 11000, और 10वीं में प्रथम आने वाले को 5000 रूपए सम्मान राशि प्रदान करने की घोषणा की। संस्था के प्रभारी प्राचार्य चन्द्र कुमार नायक ने इन समाज सेवी संस्थाओं के प्रति ऋृतज्ञता प्रकट की।

## लवन पुलिस ने बुजुर्ग को सकुशल उसके घर पहुंचाया



**बलौदाबाजार, 21 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** करीब 1 सप्ताह पहले लवन पुलिस को सूचना मिला की एक 60-65 साल का वृद्ध व्यक्ति चोटिल अवस्था में लवन के एक गली में जमीन पर बेसुध लेटा हुआ है सूचना पाकर लवन पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर बुजुर्ग व्यक्ति को सीएचसी लवन पहुंचाया गया एवं उसका इलाज कराया गया बुजुर्ग व्यक्ति वृद्ध होने के कारण अपना सही नाम पता नहीं बता पा रहा था हालात से वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण को अवगत कराया गया एवं निर्देशानुसार लवन थाना प्रभारी केसर पराग द्वारा संवेदनशीलता के साथ बुजुर्ग व्यक्ति के बारे में पता किया गया पता चला कि बुजुर्ग व्यक्ति ग्राम कोसमसरा थाना कसडोल का निवासी है एवं अकेले रहता है उसका कोई करीबी नहीं हैं तो बुजुर्ग का इलाज कराने के बाद जनप्रतिनिधियों की मदद से वाहन व्यवस्था कर सकुशल उसके घर पहुंचाया गया।

# किसानों, कृषि मजदूरों, पशुपालकों और महिला समूहों को 71 करोड़ की मिली सौगात


## पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर किसान न्याय योजना, ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना के लिए मुख्यमंत्री ने किया राशि का अंतरण

- राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत जिले के 1 लाख 49 हजार 166 किसानों को उनके बैंक खातों में 71 करोड 9 लाख 40 हजार रुपए प्रदाय
- कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत जिले में 25 हजार 142 हितग्राहियों को 7 करोड़ 54 लाख 26 हजार रुपए प्रदाय
- गौधन न्याय योजना के तहत जिले के 17 हजार 263 पशु पालकों को 18 लाख 20 हजार 175 रुपए प्रदाय
- राजीव युवा मितान क्लब के तहत जिले के 740 क्लब को 1करोड़ 85 लाख रुपये अंतरित
- पलारी बना नया अनुविभाग, एसडीएम कार्यालयों की संख्या बढ़ी, पशुओं के लिए मिला 5 नये मोबाइल पशु चिकित्सा यूनिट

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 21 अगस्त।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव युवा मितान क्लब और राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना ग्रामीण एवं शहरी के तहत हितग्राहियों और किसानों को महासमुंद स्थित हाई स्कूल परिसर से पूरे राज्य के विभिन्न हितग्राहियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 2055.60 करोड़ रुपये राशि का अंतरण किया। इसके तहत जिले के किसानों, कृषि मजदूरों, पशुपालकों और महिला समूहों के 1 लाख 91 हजार 571 हितग्राहियों को 71 करोड़ 9 लाख 40 हजार रूपए् का हस्तांरण किया गया है। उक्त कार्यक्रम में सँयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष एवं पलारी स्थित जनपद पंचायत कार्यालय में विडियों क्रान्फेसिंग जरिए् जुड़कर संपन्न हुआ।

मुख्यमंत्री ने आज राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत जिले के 1 लाख 49 हजार 166 किसानों को उनके बैंक खातों में 71 करोड 9 लाख 40 हजार रूपये की द्वितीय किस्त के रूप में राशि अंतरित की गई। इसी तरह राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत जिले के



25 हजार 142 हितग्राहियों को द्वितीय किश्त के रूप में 3 हजार प्रति परिवार के हिसाब से 7 करोड़ 54 लाख 26 हजार रुपए की राशि अंतरित की। जिसमे ग्रामीण के 22 हजार 195 एवं शहरी के 2947 हितग्राही शामिल है। इसी तरह गोधन न्याय योजना के तहत जिले के 17 हजार 263 पशुपालको को 18 लाख 20 हजार 175 रुपए की राशि दी गई। साथ ही राजीव युवा मितान क्लब के 740 क्लब को 1 करोड़ 85 लाख रुपये राशि अंतरित की गयी। इसी के साथ आज अनुविभाग बलौदाबाजार से अलग होकर पलारी को नया अनुविभाग का दर्जा देते हुए कार्यालय का शुभारंभ किया गया है। साथ ही पशुओं के लिए 5 नये मोबाइल एंबुलेंस यूनिट भी प्रदान किया गया है जिसकी तैनाती सभी विकासखंडों में एक एक कि होगी। उक्त मौके पर पलारी में संसदीय सचिव एवं कसडोल विधायक सुश्री शकुंतला साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष खिलेंद्र वर्मा, रजक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष लोकेश कन्नौजे, जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, साहू समाज जिला अध्यक्ष सुनील साहू, अपर कलेक्टर बीसी एक्का, एसडीएम रोमा श्रीवास्तव, सीईओ रोहित नायक, तहसीलदार देवेंद्र नेताम सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

इसी तरह जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर चंदन कुमार, जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, उपसंचालक नायक सहित बड़ी संख्या में लाभांवित हितग्राही उपस्थित रहे। आज राशि हस्तांरण होने पर राजीव गांधी ग्रामीण किसान न्याय योजना से लाभान्वित ग्राम देवरी सकरी निवासी किसान कंस राम साहू ने बताया कि 6 एकड़ में धान की खेती करते हैं। इस वर्ष 84 क्विंटल, धान समर्थन मूल्य में बेचा है। जिससे बोनस के रूप में मुझे 12 हजार रुपये आज मिला है। उन्होंने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत धान का अतिरिक्त राशि मिलने से आर्थिक रूप से काफी मदद मिलने की बात कही तथा अगले वर्ष से 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा करने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद दिए।

**पलारी के पहले एसडीएम होंगे रोमा श्रीवास्तव:** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलौदाबाजार आईएएस रोमा श्रीवास्तव को कलेक्टर चंदन कुमार ने पलारी का प्रभारी एसडीएम नियुक्त किया है। पलारी अनुविभाग के अंतर्गत अब तहसील कार्यालय पलारी एवं उपतहसील संडी का क्षेत्र शामिल होगा।

# मुख्यमंत्री ने किया जिले के नवगठित अनुविभाग छुरा व तहसील फिंगेश्वर का वर्चुअल लोकार्पण

- छुरा अनुविभाग अंतर्गत 36 पटवारी हल्के के 169 गांव शामिल
- तहसील फिंगेश्वर के अंतर्गत 35 ग्राम पंचायतों के 56 गांव शामिल
- नए अनुविभाग और तहसील के गठित होने से लोगों को राजस्व कार्यों में होगी सहूलियत

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद/छुरा, 21 अगस्त।।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज महासमुंद में आयोजित कार्यक्रम में जिले के नवगठित अनुविभाग छुरा और तहसील फिंगेश्वर का वर्चुअल लोकार्पण किया।साथ ही जिले के हितग्राहियों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, राजीव युवा मितान क्लब, राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना एवं मुख्यमंत्री परब सम्मान निधि योजना गैर अनुसूचित क्षेत्र अंतर्गत राशि का वितरण किया। जिले में नए अनुविभाग और तहसील शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को राजस्व संबंधित कार्यों में सहूलियत होगी।साथ ही क्षेत्र के लोगों को राजस्व कार्यों के लिए अधिक दूरी भी तय नहीं करनी पड़ेगी। नवगठित छुरा अनुविभाग अंतर्गत 36 पटवारी हल्के के 169 गांव शामिल है। इसी प्रकार तहसील फिंगेश्वर के अंतर्गत 35 ग्राम पंचायतों के 56 गांव शामिल है।इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने



कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हम पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती मना रहे है और इस अवसर पर न्याय योजनाओं की राशि वितरित की गई है और नवीन राजस्व कार्यालयों का शुभारंभ किया गया है।आज छत्तीसगढ़ के किसान, मजदूर, गरीब और गौपालकों को 2055.60 करोड़ की राशि सीधे उनके खाते में भेजी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य के हर वर्ग छत्तीसगढ़ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं।वर्चुअल माध्यम से जिला स्तरीय लोकार्पण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट कार्यालय के वीसी कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर, कलेक्टर आकाश छिकारा, जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, एसडीएम छुरा भूपेंद्र साहू, डिप्टी कलेक्टर टीआर देवांगन सहित जनपद पंचायत अध्यक्ष फिंगेश्वर पुष्पा साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण शामिल रहे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि बात चाहे खेती-किसानी की हो, आदिवासियों के विकास की हो, महिलाओं के सशक्तिकरण की हो, हर नागरिक की आय में बढ़ोतरी की हो, रोजगार की हो, रोजगार के अवसरों के निर्माण की हो, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की हो, शहरी क्षेत्रों में सुविधाओं के विस्तार की हो, शिक्षा सुविधाओं के विस्तार की हो, चिकित्सा सुविधा के विस्तार की हो आज छत्तीसगढ़ में हर क्षेत्र में बड़ा बदलाव दिख रहा है। हमारी योजनाओं का लाभ आम जनता को मिल रहा है।

**राजस्व कार्यों के लिए छुरा क्षेत्र के ग्रामीणों को नही जाना पड़ेगा:** छुरा अनुविभाग बन जाने से क्षेत्र के लोगों को राजस्व संबंधित कार्यों के लिए लगभग 26 किलोमीटर की दूरी तय कर एसडीएम कार्यालय गरियाबंद नही जाना पड़ेगा।जाति, निवास, प्रमाण पत्र, फौती, बंटवारा, नामांकन, सीमांकन आदि राजस्व प्रकरणों के निराकरण की सुविधा छुरा एसडीएम कार्यालय में मिल जायेगी। इससे नए अनुविभाग के अंतर्गत चार आरआई सर्कल छुरा, खड़मा, पांडुका एवं रसेला के अंतर्गत 36 पटवारी हल्के के 169 गांव के 1 लाख 16 हजार से अधिक ग्रामीण लाभान्वित होंगे।

नए तहसील फिंगेश्वर से 63 हजार से अधिक आबादी होगी लाभान्वित

नवगठित तहसील फिंगेश्वर में 2 आरआई सर्कल जामगांव और फिंगेश्वर अंतर्गत 18 पटवारी हल्का शामिल है।इसमें 35 ग्राम पंचायतों अंतर्गत 56 गांव के 63 हजार से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। पहले क्षेत्र के लोगों को राजस्व कार्यों के निराकरण के लिए राजिम तहसील कार्यालय जाना पड़ता था।अब नए तहसील बनने से दूर नही जाना पड़ेगा, फिंगेश्वर में ही तहसील संबंधित कार्य संपादित हो सकेंगे।फिंगेश्वर तहसील अंतर्गत ग्राम पसौद, पाली, पेंड्रा, भसेरा, रोबा, सोनासिल्ली, पोलकर्रा, सिरीकला, लचकेरा, कोसमखुटा, जामगांव, पथर्री, भेण्डरी, सरगोड़, खैरझिटी, गुण्डरदेही, बम्हनदेही, बनगंवा, तरजूंगा, रजकट्टी, बोरिद, सरकड़ा, बिरोड़ा, फिंगेश्वर, गदहीडीह, खुडसा, परसदाकला, पतोरा, चौतरा, रवेली, परसट्ठी, सेंदर, बारूला, चरभट्ठी, देवगांव, करेंता, गनियारी, घोघरा, पतोरी, बेलर, चरौदा, जोगीडिपा, फुलझर, बोड़की, कुण्डेल, छुईहा, जमाही, सिरीखुर्द, खुड़ियाडीह, खुटेरी, पुरेना, बिनौरी, बिजली, मड़वाडीह, बोरसी एवं ग्राम बहेरापाल के ग्रामीण लाभान्वित होंगे।

## व्यक्ति को शांति व समाज को क्रांति देने वाला शास्त्र है श्रीमद्भागवत : हरगोपाल शर्मा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 21 अगस्त।।** पुरुषोत्तम मास ( श्रावण मास ) के पावन अवसर पर सदर बाजार के कमल कुमार किशन कुमार सोनी के द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथा वाचक भाटापारा निवासी पंडित हरगोपाल शर्मा भागवत की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जैसे नदियों में गंगा, देवताओं में श्रीकृष्ण, वैष्णवों में भगवान शंकर, क्षेत्रों में काशी श्रेष्ठ है वैसे ही पुराणों में श्रीमद भागवत श्रेष्ठ व सर्वोत्तम है इसलिए इसे श्रीमद शब्द से अलंकृत किया गया है। मृत्यु को मंगलमय व काल के भय से मुक्ति दिलाने वाला कोई ग्रंथ है तो वो श्रीमद्भागवत है व्यक्ति को शांति व समाज को क्रांति देने वाला शास्त्र श्रीमद्भागवत है एक जन्म नही अनन्त जन्मों के पुण्य उदय होते है तो ही भागवत श्रवण में रुचि हो पाती है।

मनुष्य के लिए कोई परम् धर्म है तो वो है भगवान के चरणों मे प्रीति इसके माध्यम से व्यक्ति नर से नारायण के पद को प्राप्त हो सकता है जैसे ध्रुव हुए जिस घर मे सुनीति जैसी माताएं होती है वहां ध्रुव जैसा बालक जन्म लेता है और अपने कुल का उद्धार कर देता है।



पंडित हरगोपाल शर्मा ने कथा के माध्यम से बताया कि विपत्ति को विपत्ति नही कहते व संपत्ति को संपत्ति नही कहते भगवान को भूल जाना ही विपत्ति और भगवान की याद बनी रहे यही सबसे बड़ी संपत्ति है। मनुष्य के बिगड़ने के चार साधन प्रमुख है रूप, यौवन, संपत्ति व बड़ा पद विवेक नही होने पर यदि ये चारों किसी के पास है तो वो अधर्मी ही बनेगा। कृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए पंडित हरगोपाल शर्मा ने बताया कि जब इस धरा पर धर्म की हानि होती है और पाप बढ़ता है तब तब भगवान अपने भक्तों के लिए व इस धरा से पाप व पापियों को मिटाने के लिए अवतरित होते है। भगवान के जन्मोत्सव की कथा को श्रवण कर उपस्थित श्रोतागण बधाई उत्सव के भजनों पर अपने आपको झूमने व नाचने से नही रोक पाये।

# कार्यकर्ता ही मेरी ताकत, सबकी सलाह के बाद ही फैसला : प्रमोद शर्मा

## » कार्यकर्ताओं ने साथ निभाने का किया वादा » भविष्य को ध्यान में रख कर कर सकतें हैं फैसला

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 21 अगस्त।** राजनीति दृष्टिकोण से बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सबसे अहम क्षेत्र तिल्दा को माना जाता है क्योंकि हर बार इस विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशी बालौदाबाजार ब्लाक के अंतर्गत के होते है इसलिए सभी पार्टियों की नज़र तिल्दा क्षेत्र में ज्यादा होती है पिछले चुनाव में भाजपा कांग्रेस को हराकर विधायक बने प्रमोद शर्मा चुनाव जितने के बाद से इस क्षेत्र में दमदार छवि और मजबूत पकड़ बनाये हुए है इसलिए भाजपा व कांग्रेस के कार्यकर्ता भी चाहते है कि प्रमोद शर्मा उनकी पार्टी में शामिल हो वही विधायक ने अपने भविष्य की राजनीति को लेकर डॉ.भीमराव अम्बेडकर भवन सासाहोली में बैठक रख कर समर्थकों से जानना चाहा की वह क्या चाहते है 6 बिंदुओं पर सलाह ली गई इनके अलावा खुला मंच के माध्यम से चर्चा हुआ गौरतलब है कि पहली बार किसी विधायक ने अपने समर्थकों से सलाह लेकर भविष्य की राजनीति के लिए पहल किया है कई



मौकों में राजनीति से अलग हटकर कुछ नया करने के नाम से भी विधायक प्रमोद शर्मा को जाना जाता है प्रत्येक कार्यकर्ताओ की विचार आमंत्रित कर सभी के विचारों को सुनने के बाद अंतिम निर्णय लेने की बात विधायक ने कही तो वही समर्थकों ने एक राय होकर विधायक को फैसला लेने के लिए स्वतंत्र किया है और उनके फैसले के साथ सभी ने विश्वास जताया है विधायक जो भी फैसला लेंगे सब कार्यकर्ता उनके साथ है ऐसा इस बैठक में तय हुआ वही सूत्रों के हवाले से पता चला है कि विधायक ने तिल्दा क्षेत्र के 64ग्रामो के लगभग 400 समर्थकों को आमंत्रित किया था पर मीटिंग में इससे दोगुना से भी ज्यादा समर्थक पहुचे थे।

**पूर्व जैसा जोश नहीं:** पिछले चुनावों में प्रमोद शर्मा को काग्रेस व बीजेपी के लोगो ने खुलकर समर्थन किया था और जीतने मेहनत की लेकिन अब हालत दूसरे है वर्षो तक लोगो ने शर्मा को देखा जोगी काग्रेस का धीरे धीरे विश्वास खत्म हो गया शर्मा ने पार्टी छोड़ी पर अब तक दूसरी पार्टी में नही जा पाए कारण काग्रेस हो या बीजेपी में इनको अत्यधिक महत्व नही मिल रहा है।

लेकिन बीजेपी के दरवाजे अभी खुले है। साथी बीजेपी में गए लेकिन शर्मा ने अभी कार्यकर्ताओं से विचार कर दुबारा विधायक का चुनाव लडने जमीन तलाश रहे है। कुछ पुराने समर्थक इनका साथ छोड़ गए है कुछ लोग जुड़े है अब देखना यह है की प्रमोद शर्मा आगे क्या करते है।

**चुनाव की रूप रेखा बन गई :** सूत्रों का कहना है चुनाऊं की रूप रेखा बन चुकी है और आने वाले समय पर प्रमोद शर्मा चुनाव लड़ सकते है कारण बीजेपी काग्रेस में दावेदार कोन होते है इसके बाद ही निर्णय लेने की संभावना है और इसमें एक मोर्चा है जो तिल्दा नेवरा बलोदाबाजार क्षेत्र में सक्रिय है।

# रेलवे के मुख्य सुरक्षा आयुक्त ने किया भाटापारा पोस्ट का निरीक्षण

## व्यायाम शाला का किया उद्घाटन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 21 अगस्त।।** मुनव्वर खुर्शीद, महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त/रेलवे सुरक्षा बल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर द्वारा रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट भाटापारा का वार्षिक विस्तृत निरीक्षण, तिल्दा चौकी का आकस्मिक निरिक्षण एवं सुरक्षा सम्मेलन संजय गुप्ता, मण्डल सुरक्षा आयुक्त/रायपुर एवं सुनील.बी. चाटे, सहायक सुरक्षा आयुक्त-1/रायपुर की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। निरीक्षण के दौरान रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट भाटापारा में उपलब्ध रिकार्ड, रजिस्टर, एवं महत्वपूर्ण दस्तावेजों का अवलोकन किया गया साथ ही साथ पोस्ट पर उपलब्ध आधुनिक उपकरण, आपदा प्रबंधक सामान, सीसीटीवी, मालखाना,




बैरक एवं मेस का गहन निरिक्षण किया गया और उसके बेहतर रख रखाव हेतु उचित दिशा निर्देश दिया गया एवं पोस्ट प्रभारी रामा शंकर मिश्रा, निरीक्षक एवं अन्य अधिकारियों को अपराध नियंत्रण हेतु मुख्यालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों का बेहतर क्रियान्वयन करने हेतु आदेशित किया गया तथा सुरक्षा सम्मेलन में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं बल सदस्यों को बल की अनुशासन एवं गरिमा को ध्यान में रखकर पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य निष्पादन हेतु जोर दिया गया तथा रेलवे संपत्ति, यात्री एवं यात्री परिसर की सुरक्षा हेतु अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु छापामारी की कार्यवाही सुनिश्चित करने, रेल परिचालन को सुरक्षित बनाने हेतु केटल रन ओवर/पत्थरबाजी से प्रभावित सेक्शन में जागरूकता अभियान चलाने के साथ-साथ विधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही बल सदस्यों को शारिरीक रूप से चुस्त दुरूस्त रखने के लिये रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट भाटापारा परिसर में नवनिर्मित व्यायाम-शाला का महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त के कर कमलो से उद्घाटन किया गया एवं रेसुब बाहरी चौकी


**अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दंतेवाडा के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202308160300013**

विषय:- अ-2
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2022-2023

चितालंका प.ह.न. 00015
[ 306/15( 0.0347 हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- सचेला स्वांई,
अनावेदक पक्षकार- C.G. Govet.,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदिका सचेला स्वांई पति महेश स्वांई जाति क्षत्रिय टेकनार रोड आंवराभाटा तहसील दन्तेवाड़ा जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.) मोबाईल नम्बर 75870082272 के द्वारा समक्ष भू-राजस्व संहिता की धारा 172 तथा 59(2) के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया। ग्राम चितालंका प.ह.नं. 15 रा.नि.म. दन्तेवाड़ा तहसील दन्तेवाड़ा में स्थित भूमि का खसरा नम्बर 306/15 रकबा 0.0347 हे. भूमि को कृषि भिन्न प्रयोजन से आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु व्यपर्वतन कराना चाहती है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त भू-खण्ड पर किसी को आपत्ति हो तो इस कार्यालय में दिनांक 31/08/2023 तक अभिमत प्रस्तुत कर सकते है।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17/08/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर

SHIVNATH BAGHEL
अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व )
दंतेवाड़ा

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202308092100014**

विषय:- अ-6 अ
मामले की श्रेणी :- राजस्व
सन्:-2022-2023

डोंगरगढ़ ( प ह न. 00025 )
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-संजय साठवने,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय साठवने आ. शिवराम साठवने निवासी सड़क नं. 25 प्लॉट नं. 7 शांति नगर भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि स्वामित्व व आधिपत्य की परिवर्तित भूमि ग्राम डोंगरगढ़ प.ह.नं. 23 रा.नि.म. डोंगरगढ़ में खसरा नं. क्रमशः 626/2, 626/4, 626/40 रकबा क्रमशः 0.202, 1.603, 0.182 हे. कुल खसरा नं. 03 कुल रकबा 1.987 हे. भूमि राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम पर निरंतर दर्ज चली आ रही है। उक्त भूमि एक ही मूल नक्षा से संबंधित है. किंतु खसरा नक्षे की नकल प्राप्त की तब ज्ञात हुआ है कि उपरोक्त भूमि का नक्षा विधिनुसार बटांकन नहीं है तथा उनका नक्शा त्रुटि पुर्ण दर्शाया गया है। उपरोक्त भूमि खसरा नं. क्रमशः 626/2, 626/4, 626/40 रकबा क्रमशः 0.202, 1.603. 0.182 हे. का नक्शा पृथक-पृथक दर्शाये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 31.08.2023 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/08/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. ....................
अ/6. वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है विषयांतर्गत आवेदक हरपाल सिंह आ. वरिन्दर सिंह व अन्य 01 जाति सिक्ख दोनों निवासी गुरुद्वारा के पीछे खण्डूपारा वार्ड नं. 13 डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवदेकगणों के पिता वरिन्दर सिंह आ. अर्जुन सिंह जाति सिक्ख के भूमि स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि गुरूद्वारा के पीछे खण्डूपारा वार्ड नं. 13 डोंगरगढ़ में शीट क्रमांक 06 भूखण्ड क्रमांक - 2074/1 क्षेत्रफल 4064 वर्गफुट भूमि स्थित है। जो कि हमारे पिता वरिन्दर सिंह आ. अर्जुन सिंह की मृत्यु दिनाँक 23/02/2021 को डोंगरगढ़ में हो चुकी है। जिसे फौती नामान्तरण किया जाना है। जिनका नाम मेन्टेनेंस खसरा शीट क्र. 05 वर्ष 2020-2021 से 2023 2024 तक के रिकार्ड में दर्ज है, जो कि आवेदकगण के पिता वरिन्दर सिंह आ. अर्जुन सिंह तथा उनके पश्चात् (1) भूपेन्दर कौर (पत्नी), (2) जसपाल कौर (पुत्री), (3) गुरमीत कौर (पुत्री), (4) चरणजीत (पुत्री), (5) हरपाल सिंह (पुत्र), (6) बलजीत कौर (पुत्री), (7) अमरजीत सिंह (पुत्र) जाति - सिक्ख निवासी डोंगरगढ़ उक्त भूमि पर से मेरे पिता वरिन्दर सिंह आ. अर्जुन सिंह की मृत्यु पश्चात मेरे पिता का नाम विलोपित कर हम आवेदकगणों का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के फौती नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 28/08/2023 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )
डोंगरगढ़ ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
☎ 07721-233326, Email-npalika_tilda@yahoo.in

**ई-प्रोक्यारमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/454/लो.नि.वि./न.पा./2023-24 तिल्दा-नेवरा, दिनांक 18.08.2023

नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | ऑनलाईन निविदा डालने की जारी तिथि | ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 144960 | वार्ड क्र. 19 बड़ा तालाब सौंदर्यीकरण कार्य। | 61.13 | 21-08-2023 | 12-09-2023 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in/ से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा

## एक नजर

### गांजा बेचते दो युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 21 अगस्त।** कोतवाली पुलिस ने गांजा खपाने पहुंचे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 9 किलो 500 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नरईया तालाब के पास दो युवक गांजा खपाने के लिए ग्राहक तलाश रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी रतिभान 32 वर्ष व धीरेंद्र कुमार यादव 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 9 किलो 500 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 1 लाख 16 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### आभार कलेक्शन लॉन्च

**रायपुर 21 अगस्त।** रिलायंस ज्वेल्स आभूषण उद्योग में भरोसे और उत्कृष्टता का दूसरा नाम बन चुका है, जिसने अपनी 16वीं वर्षगांठ के मौके पर बड़े उत्साह के साथ आभार कलेक्शन 2023 को लॉन्च किया है, जिसका ग्राहकों को हमेशा इंतजार रहता है। रिलायंस ज्वेल्स ने बीते 16 सालों में शानदार कामयाबी हासिल की है और अपने ग्राहकों के दिलों में खास जगह बनाई है, और यह विशेष एनिवर्सरी कलेक्शन इसी के प्रति सम्मान प्रकट करने का एक माध्यम है। रिलायंस ज्वेल्स ने पिछले कुछ सालों में एक ऐसे ब्रांड के तौर पर अपनी पहचान बनाई है, जिसने अपने बेमिसाल डिज़ाइन और बेहद उम्दा कारीगरी के साथ ज्वेलरी इंडस्ट्री में एक नई मिसाल कायम की है।

### पहली तिमाही के लिए वित्तीय परिणाम घोषित

**रायपुर 21 अगस्त।** भारत में भवन निर्माण सामग्री के क्षेत्र की अग्रणी कंपनी, न्युवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने 30 जून, 2023 को समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की, जिसका ऑडिट अभी किया जाना है। सम्मिलित रूप से 23.82 एमएमटीपीए की उत्पादन क्षमता के साथ, न्युवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड भारत में सीमेंट का उत्पादन करने वाला पांचवां सबसे बड़ा समूह है और पूर्वी भारत में सीमेंट की अग्रणी कंपनियों में से एक है। कंपनी के लिए समेकित सीमेंट बिक्री की मात्रा में साल-दर-साल के आधार पर 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, और यह वित्त-वर्ष 24 की पहली तिमाही में बढ़कर 5 एमएमटी तक पहुंच गई।

### आईओएन डिटेल्स के साथ साझेदारी

**रायपुर 21 अगस्त।** टर्टल वैक्स,आईएनसी.,एक पुरस्कार विजेता शिकागो स्थित कारकेयर कंपनी, ने आज रायपुर, छत्तीसगढ़ में आईओएन डिटेल्स के साथ साझेदारी में अपने ऑल-न्यू को -ब्रांडेड कार-केयर स्टूडियो के लॉन्च की घोषणा की, जो ग्राउंड फ्लोर खुशी रेजीडेंसी विशाल नगर रायपुर 492012 में स्थित है। अल्ट्रा-मॉडर्न टर्टल वैक्स डिटेलिंग तकनीकों और अत्यधिक योग्य और प्रशिक्षित सेवा कर्मियों की एक टीम से लैस, यह टर्टल वैक्स कार केयर स्टूडियो विशेष रूप से कार उत्साही लोगों के व्यक्तिगत पसंद को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई कार डिटेलिंग सेवाओं और उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करता है।

### निधन

### रानी श्रीवास्तव

**रायपुर।** ढेबर सिटी निवासी श्रीमती रानी श्रीवास्तव का दुखद निधन हो गया है । वे आलोक श्रीवास्तव के पति तथा धर्मेश सक्सेना की बहन थी। उनकी अंतिम यात्रा 11:30 बजे ढेबर सिटी सी -5/4 से निकली । महादेव घाट स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।



# सामान्य सभा की बैठक होगी हंगामेदार

## यूनिपोल तथा सड़कों में गड्ढे का मामला उठाया जाएगा : अमर बंसल

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 21 अगस्त।** नगर निगम की सामान्य की बैठक हंगामेदार होगी। 22 अगस्त को होने वाली तीसरे चरण की बैठक मे यूनिपोल, सड़कों में गड्ढे सहित अन्य मुद्दों को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष आमने-सामने होंगे।

भाजपा के पार्षदों के अनुसार पहले बुलाई गई बैठक कतिपय कारणों से स्थगित कर दी गई थी। जिसका विरोध भाजपा पार्षद दल ने किया था। भाजपा के अमर बंसल, सुशीला धीवर ने बताया कि 22 अगस्त को होने वाली बैठक में यूनिपोल के मुद्दे पर चर्चा होगी। पूरे शहर में यूनिपोल पर विज्ञापन के



डिस्प्ले बोर्ड लगाए गए हैं। बस स्टाप में भी इसके होर्डिंग्स लगाए गए हैं। अखबारों में समाचार छपने के बाद कमिश्नर मयंक चतुर्वेदी ने इसकी जांच के आदेश दिए थे। यह मामला विधानसभा में भी आया था। पिछले तीन महीने बाद भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है।

एमआईसी सदस्य सतनाम पनाग के अनुसार पार्षद दीपक जायसवाल ने सड़कों में बेतरतीब खोदे गए गड्ढों का मामला लिखित में उठाया है। इस समय शारदा चौक से लेकर फूल चौक तक, जवाहर नगर से लेकर एमजी रोड तक, आमापारा से लेकर सारथी चौक, चिकनी मंदिर, गोलबाजार सहित अन्य स्थानों में जलवाहिनी बिछाने के नाम पर गड्ढे खोदे गए हैं। गड्ढों को भरा नहीं गया है जिसके कारण आए दिन यहां पर दुर्घटनाएं होते रहती है। शहर में ई-रिक्शा और ऑटो चालक सहित सभी लोग परेशान हैं। दोपहिया वाहन वाले कई बार दुर्घटना के शिकार हो चुके हैं। महापौर एजाज ढेबर और सभापति प्रमोद दुबे भाजपा के पार्षद दल से निपटने के लिए रणनीति बना रहे हैं।

# विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज

## भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त करेंगे समीक्षा

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 21 अगस्त।** विधानसभा चुनाव को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बैठक ली जा रही है। 24 अगस्त को मुख्य चुनाव आयुक्त भारत सरकार के आने की संभावना है। इसलिए यहां पर तैयारियां की जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार देश में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव आगामी नवम्बर माह में होने जा रहे हैं। इसकी तैयारी को लेकर भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त छत्तीसगढ़ के दौरे पर आ रहे हैं। कार्यालय के अनुसार उनके 24 अगस्त को आने की सूचना है। इसलिए छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले निरंतर बैठकें ले रहीं हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार इस समय मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य पूरा कर लिया गया है। आयोग का मानना है कि अधिक से अधिक लोगों को इसमें शामिल किया जाए। युवा मतदाताओं की संख्या काफी बढ़ी है।

**सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध :** छग की महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश और ओडिशा से लगी हुई है। इसलिए अब सभी सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा व्यवस्था तगड़ी कर दी जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर सीमाओं को सील कर दिया जाएगा। बस्तर आईजी इस संबंध में निरंतर बैठकें ले रहे हैं। संबंधित राज्यों के डीजीपी से बातचीत जारी है।

### अमेजन का ग्राहकों को मजबूती देने में योगदान

**रायपुर 21 अगस्त।** प्लेटफॉर्म पर लगभग 10 लाख सेलर्स और 19 करोड़ से अधिक जीएसटी-सक्षम प्रोडक्ट के साथ, अमेजन बिजनेस रायपुर में कारोबारी ग्राहकों के लिए वन स्टॉप डेस्टिनेशन के रूप में काम कर रहा है। 2017 में शुरुआत के बाद से, अमेजन बिजनेस ने रायपुर सहित देश के टियर ᧤᧤ शहरों में कस्टमर रजिस्ट्रेशन में लगातार 11ब की वृद्धि दर्ज की है। सूक्ष्म ग्राहकों, मध्यम और बड़े उद्यमों को सशक्त बनाने की सोच के साथ, अमेजन बिजनेस खरीद प्रक्रिया को लगातार सरल बना रहा है।

### एचडीएफसी एर्गो ने की प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू

**रायपुर 21 अगस्त।** भारत की प्रमुख जनरल बीमा कंपनी एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ॠणी और गैर-ॠणी किसानों के लिए बिलासपुर, दुर्ग, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, मुंगेली, सुकमा, सरगुजा, बालोद, बलौदाबाजार, बलरामपुर, दंतेवाड़ा, गौरेला पेंड्रा मरवाही और रायपुर, जिले मेंखरीफ 2023 सीजन के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना(पीएमएफबीवाई) लागू करने के लिए अधिकृत किया गया है। यह योजना छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा योजना के तहत अधिसूचित नीचेउल्लिखित फसलों के लिए जिलों में लागू की जाएगी, जिसके लिएफसल-विशिष्ट कट-ऑफ तिथियां भी प्रदान की गई हैं।पीएमएफबीवाई योजना किसानों को सूखे, बाढ़, सूखे दौर, भूस्खलन, चक्रवात, तूफान, ओलावृष्टि, बाढ़, कीट, बीमारियों और अन्य जैसे कई बाहरी जोखिमों से उत्पन्न होने वाली फसल की उपज में किसी भी नुकसानके लिए बीमा करती है।

# उत्कल समाज के सर्वमान्य नेता पुरंदर मिश्रा ने भाजपा से अपनी टिकट की दावेदारी ठोंकी

**रायपुर 21 अगस्त।** छत्तीसगढ़ उत्कल समाज के सर्वमान्य नेता पुरंदर मिश्रा ने बसना विधानसभा से भाजपा से अपनी टिकट की जबरदस्त दावेदारी ठोंक दी है इसके लिए कल रायपुर में प्रदेश भर के 26 विभिन्न जाति के छत्तीसगढ़ उत्कल भाषी के जमावड़ा किया जिसमे प्रदेश भाजपा के संगठन प्रमुख अजय जामवाल एवम प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय भी उपस्थित रहे । पुरंदर मिश्रा ने प्रदेश भर से आए उत्कल वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय आ गया है छत्तीसगढ़ में निवास कर रहे 30 लाख उत्कल वासियों को इस बार के चुनाव में उचित प्रतिनिधित्व मिलें और



शोषित हो रहे उत्कल भाषियों का सरकार में अपनी आवाज उठा सके जिससे हमेशा से ठगा महसूस कर रहे उत्कल समाज को उचित लाभ दिला सके। पत्रकार वार्ता में पुरंदर मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सर्व ओड़िया समाज के गठन की जरूरत को समाज वर्षो से महसूस कर रहा था ,इसके लिए छत्तीसगढ़ सर्व ओड़िया समाज का गठन भी किया गया और प्रदेशभर से आए 26 विभिन्न जाति के उत्कल समाज के प्रतिनिधियों ने मिलकर मुझे सर्व सम्मति से चुना है जिसका में प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया हूं। और पूर्व से मैं प्रदेश उत्कल ब्रमाहण समाज का अध्यक्ष भी हूं। इस गठन से छत्तीसगढ़ के जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव घरघोड़ा, लैलूंगा, तमनार ,रायगढ़, पुसौर सरिया, बरमकेला, महासमुंद, सरायपाली, बसना ,खल्लारी, रायपुर, भिलाई, दुर्ग, सारंगढ़ , पिथोरा,कांकेर बिलासपुर, जगदलपुर, गरियाबंद के 30 लाख उत्कल भाषियों को इसका लाभ मिलेगा।

### आईसीआईसीआई प्रोटेक्ट एन गेन लॉन्च

**रायपुर 21 अगस्त।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रोटेक्ट एन गेन लॉन्च किया है। यह एक ऐसा अनूठा उत्पाद है जो व्यापक जीवन बीमा कवर, दुर्घटना के कारण आकस्मिक मृत्यु और स्थायी विकलांगता से सुरक्षा और दीर्घकालिक धन सृजन और वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए बाजार से जुड़े रिटर्न प्रदान करता है।यह उत्पाद वार्षिक प्रीमियम का 100 गुना तक जीवन बीमा कवर प्रदान करता है।

यह ग्राहकों के लिए इक्विटी और डेट में 18 फंड विकल्पों की पेशकश करके अधिकतम रिटर्न प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। यह ग्राहकों को उनके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सुरक्षा और दीर्घकालिक बचत का सही मिश्रण प्रदान करता है। यह सुनिश्चित करता है कि पॉलिसी अवधि के दौरान परिवार के लिए पूर्ण वित्तीय सुरक्षा हो और जीवित रहने पर स्वयं के लिए एक महत्वपूर्ण एकमुश्त राशि प्राप्त हो।

# ट्रांसमिशन कंपनी ने दिए क्षेत्रीय स्तर पर छह उत्कृष्ट पुरस्कार

**रायपुर 21 अगस्त।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने क्षेत्रीय स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन डंगनिया मुख्यालय स्थित सेवा भवन में किया। इसमें विपरीत परिस्थितियों में बेहतर कार्य कर विद्युत अवरोध दूर करने तथा अपनी सूझबूझ से कंपनी के हित में कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया गया।

ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्जवला बघेल ने उत्कृष्ट कार्यो के लिए छह अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्रक पदक से सम्मानित किया।छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी हर साल पृथक से क्षेत्रीय स्तर पर कर्मियों को उत्कृष्ट पदक से सम्मानित करती है। ट्रांसमिशन कंपनी समारोह में प्रबंध निदेशक श्रीमती बघेल ने कहा कि हमारे कर्मठ और निष्ठावान कर्मी कंपनी की बड़ी पूंजी हैं, जो तमाम चुनौतियों के बीच बेहतर कार्य कर रहे हैं। हम कुछ लोगों को पुरस्कृत कर पाते हैं, नेपथ्य में



रहकर अनेक लोग कार्य करते हैं। टीम भावना से हम बेहतर प्रदर्शन करते हैं। इस मौके पर निदेशक श्री के.एस.रामाकृष्णा, कार्यपालक निदेशक सर्वश्री एम.एस.चौहान, के.एस. मनोठिया, आर.के शुक्ला, डी.के.चावड़ा, ए.के.वर्मा, डी.के.तुली, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री विनोद अग्रवाल उपस्थित थे।जगदलपुर संभाग के बारसूर में लाइन सहायक श्रेणी-1 धनीराम पांडेय उन्होने 16 मार्च को बारसूर-जगदलपुर सर्किट-दो लाईन में तकनीकी फाल्ट आने के कारण बाधित विद्युत सप्लाई लाईन ने कुशल नेतृत्व में आंधी, तूफान एवं विषम परिस्थितियों के बावजूद फाल्ट में आवश्यक सुधार कार्य कर लाईन चार्ज कर विद्युत आपूर्ति बहाल करने हेतु उत्कृष्ट कार्य करने के लिये पुरस्कृत किया गया।

रायपुर कार्यपालन अभियंता (सिविल) मुख्यालय संभाग में पदस्थ एई (सिविल) दीपक अहार ने मात्र 15 दिन की अल्पावधि में 220 केव्ही. उपकेन्द्र राजिम के निर्माण हेतु आबंटित भूमि से वृक्ष विदोहन का कार्य संपादित करवाने हेतु उत्कृष्ट कार्य करने के लिये सम्मानित किया गया।

बिलासपुर वरिष्ठ लेखाधिकारी कार्यालय में पदस्थ डाटा एंट्री ऑपरेटर रविकांत सिन्हा को वित्तीय वर्ष 2022-23 में 193 करोड़ का कार्यपूर्णता प्रतिवेदन अल्पावधि में निष्पादित कर कंपनी को आर्थिक लाभ पहुंचाने हेतु उत्कृष्ट कार्य करने के लिये सम्मानित किया गया।

# आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण लेने स्काउट्स एवं गाइड्स गोवा रवाना

**रायपुर 21 अगस्त।** आज दिनांक 20/08/2023 को भारत स्काउटस एवं गाइड्स जिला संघ रायपुर के चार स्काउट्स एवं गाइड्स स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के वित्तीय अनुदान से राज्य स्तरीय राज्य मुख्य आयुक्त विनोद सेवनलाल चन्द्राकर एवं राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी के निर्देश में निर्मल नैचुरल पर्वतारोहण , व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन साहसिक शिविर हेतु गोवा के लिए आज विशाखापट्टनम - मुंबई सुपरफास्ट एक्सप्रेस से रवाना हुए। इस शिविर में डॉ खूबचंद बघेल शास उच्च माध्य शाला सिलयारी से सुरेश यादव,भारत देवांगन शास उच्च माध्य शाला खरोरा से कु तनु धीवर,शास उच्च माध्य शाला खोरपा से देव कुमार साहू,शास उच्च माध्य शाला खौली से कु छाया साहू, चंद्रशेखर आजाद ओपन रोवर क्रू रोवर्स सहित कुल 18 प्रतिभागी भाग ले रहे है। इस अवसर पर जिला संघ अध्यक्ष श्री जी स्वामी जी,जिला संगठन आयुक्त श्री बालक दस राऊत,विकासखण्ड सचिव धारसिवा श्री मुकेश बोरकर उपस्थित थे। जिला मुख्य आयुक्त डॉ. सुरेश शुक्ला जी,जिला आयुक्त व जिला शिक्षा अधिकारी, जिला सचिव श्री मृत्यंजय शुक्ला सहित सभी पदाधिकारियों ने रायपुर जिले के प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



# वेदांता के इंजीनियरों का देश की प्रगति में बड़ा योगदान

**रायपुर 21 अगस्त।** कंपनी के ऊर्जा प्रभाग के 5500 से अधिक समर्पित थर्मल इंजीनियरों और विषेषज्ञों की टीम कर रही ऊर्जा आवष्यकताओं की पूर्ति। भारत में एल्यूमिनियम की सबसे बड़ी उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम देश की उन कंपनियों में से एक है जिनके पास सबसे बड़ा कैप्टिव थर्मल पावर पोर्टफोलियो है। ओडिशा के झारसुगुड़ा व लांजीगढ़ तथा छत्तीसगढ़ के कोरबा स्थित बालको में कंपनी की थर्मल पावर उत्पादन क्षमता 5500 मेगावाट है। जटिल एवं विशाल एल्यूमिनियम उत्पादन को उच्च स्तर पर बनाए रखने का दायित्व कंपनी के भरोसेमंद 5500 थर्मल इंजीनियरों एवं तकनीकी स्टाफ पर रहता है। वेदांता एल्यूमिनियम में कार्यरत थर्मल इंजीनियरों का समूह देष के सबसे बड़े ऊर्जा विषेषज्ञ कार्यबलों में शामिल है। एल्यूमिनियम दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण धातुओं में दूसरे स्थान पर है। इसका उत्पादन निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है जो उच्च गुणवत्तापूर्ण बिजली की अविराम आपूर्ति पर निर्भर करती है। ये इंजीनियर मिलकर यह सुनिश्चित करते हैं कि वेदांता एल्यूमिनियम की बिजली की जरूरत निरंतर एवं स्थिर थर्मल ऊर्जा आपूर्ति द्वारा पूरी होती रहे ताकि वह राष्ट्र की आवश्यकताओं को पूरा करने में योगदान कर सके। कंपनी के विनिर्दिष्ट बिजली संयंत्रों के माध्यम से राज्य के बिजली ग्रिडों को ऊर्जा आपूर्ति की जाती है।




### रेस्टोरेंट के सामने मुख्य मार्ग पर वाहन पार्क किया तो जुर्माना

**रायपुर 21 अगस्त।** यातायात रायपुर ने पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रतन लाल डांगी एवम् पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला रायपुर श्री प्रशांत कुमार अग्रवाल द्वारा तेलीबांधा थाना क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुगम सुरक्षित बनाए रखने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। निर्देश के परिपालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर सचिंद्र कुमार चौबे एवं थाना प्रभारी तेलीबांधा फैजल होदा शाह द्वारा तेलीबांधा थाना क्षेत्र में सुगम यातायात व्यवस्था बनाने हेतु थाना क्षेत्र में संचालित होटल, ढाबा एवं रेस्टोरेंट संचालकों का बैठक आयोजित किया गया। उक्त बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर सचिन्द्र कुमार चौबे एवं थाना प्रभारी तेलीबांधा फैजल होदा शाह द्वारा होटल रेस्टोरेंट संचालकों को होटल के सामने मुख्य मार्ग पर वाहन पार्क होने से सामान्य यातायात को होने वाली परेसानियो से अवगत कराया गया. साथ ही होटल के सामने सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाने के लिए पर्याप्त गार्ड की व्यवस्था कर होटल के भीतर ही वाहन पार्क कराने समझाइश दिया गया।






कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23